राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in रांची, गुरुवार, 12 दिसंबर 2024 ● मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 241 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### महाराष्ट्र के परभणी में संविधान के अपमान को लेकर भड़की हिंसा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के परभणी में एक अज्ञात व्यक्ति की ओर से संविधान का अपमान किया गया, जिसके बाद हिंसा भड़क गई. इस दौरान कई इलाकों में आगजनी की घटना सामने आई. आंदोलनकारियों की मांग है कि संविधान का अपमान करने वालों को फांसी की सजा होनी चाहिए. स्थिति को नियंत्रित में लाने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे गए. एहतियान इंटरनेट बंद कर दी गई है. साथ बीएनएसएस की धारा 163 लागू कर दी गई है.

### मुंबई एयरपोर्ट पर 12.5 किग्रा सोना बरामद

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर बीती रात तस्करी का 12.5 किलोग्राम सोना बरामद किया है. बरामद सोने की कीमत 9.95 करोड़ रुपये आंकी गई है. पिछले दो दिनों में मुंबई एयरपोर्ट पर 36 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया गया है. इन मामलों की गहन छानबीन जारी है.

### बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए हस्तक्षेप करे केंद्र सरकार : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश में हिंसा प्रभावित अल्पसंख्यकों (हिंदुओं) को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है. उन्होंने बुधवार को दिघा में कहा कि केंद्र सरकार को बांग्लादेश के उन अल्पसंख्यकों को वापस लाना चाहिए जो भारत लौटना चाहते हैं. मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बांग्लादेश की स्थिति को लेकर कुछ समूह जानबूझकर फर्जी वीडियो फैला रहे हैं, ताकि सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न किया जा सके.

### परीक्षा में धांधली की हो जांच : नायक

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने जेएसएससी-सीजीएल के मामले में हजारीबाग के आंदोलनरत छात्रों पर हुए लाठीचार्ज पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. श्री नायक ने कहा कि रोल नंबर के क्रमानुसार पर ही अगर सरसरी निगाह डाली जाए तो, पता चल जाएगा कि ये कैसे संभव है कि अगर किसी का रोल नंबर 1 है तो दूसरे का 2 कैसे हो जाएगा. परीक्षा परिणाम में करीब 25 क्रमानुसार ऐसे ही हैं. श्री नायक ने आगे कहा कि जेएसएससी-सीजीएल का परिणाम देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि परीक्षा में धांधली हुई है. परीक्षा में उत्तीर्ण जो रोल नम्बर दर्शाये गये हैं, परीक्षा परिणाम की सघनता से जांच की जाए तो पता चल जाएगा कि जेएसएससी-सीजीएल में भारी गड़बड़ी हुई है.

**स्टडी :** चेरनोबिल में विकसित हुए 'सुपरडॉग', रेडिएशन और विषैले वातावरण में बढ़ी जीने की क्षमता

# परमाणु आपदा से चौंकाने वाला म्यूटेशन, कुत्ते बन गए 'सुपरडॉग'

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने चेरनोबिल एक्सक्लूजन जोन में रहने वाले 116 आवारा कुत्तों से रक्त के नमूने एकत्र किए. इसकी जांच में दो अलग-अलग गुण वाले कुत्तों की आबादी पाई गई जो आस-पास के क्षेत्र के अन्य कुत्तों से आनुवंशिक रूप से अलग थीं. इससे पता चलता है कि वे इस विषैले वातावरण में लंबे समय तक रहने के लिए अनुकूलित हो गए हैं. इस तरह से यहां एक अनोखे 'सुपरडॉग' विकसित हो गए हैं. यह समझना कि कुत्तों ने अपनी आनुवंशिक महाशक्ति कैसे विकसित की, न केवल कुत्तों में बल्कि मनुष्यों में भी कई पर्यावरणीय खतरों वाले अत्यधिक विषैले और खराब वातावरण में रहने के स्वास्थ्य प्रभावों को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकता है. वैज्ञानिकों का कहना है कि इन कुत्तों में एंटी रेडिएशन और सामान्य से ज्यादा इम्युनिटी जैसे सुपर पावर विकसित हो गए हैं.



### अन्य जानवरों का भी हुआ है म्यूटेशन

यह सिर्फ कुत्तों तक सीमित नहीं है. इस क्षेत्र में रहने वाले भेड़िए और पेड़ों पर रहने वाले हरे मेंढक भी रेडिएशन और अन्य विषैले प्रभावों के प्रति प्रतिरोधक बन गए हैं. साइट के पास रहने वाले काली त्वचा वाले पेड़ पर रहने मेंढकों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों ने पाया कि वे अपने मूल हरे रंग से गहरे काले रंग की त्वचा वाले मेंढक में बदल गए. साथ ही उनमें रेडिएशन को झेलने की और लंबे समय तक जीवित रहने की क्षमता विकसित हो गई.

### अनुसंधान की प्रक्रिया

डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार कोलंबिया यूनिवर्सिटी के पर्यावरण स्वास्थ्य वैज्ञानिक नॉर्मन जे. क्लेमन और उनकी टीम ने 2018-2019 के दौरान इन कुत्तों के खून के नमूने एकत्र किए. नमूने लेने के बाद उन्हें अमेरिका भेजा गया, जहां डीएनए का विश्लेषण किया गया. टीम यह जांच कर रही थी कि इस कठोर वातावरण में रहने से कुत्तों की आनुवंशिकी पर क्या प्रभाव पड़ता है. शोध में पाया गया कि इन कुत्तों में 400 ऐसे जेनेटिक लोकेशन हैं जो सामान्य से अलग हैं. ये जीन उन्हें विषैले वातावरण में जीने की क्षमता प्रदान करते हैं.

### ऐसे सुपर पावर के विकसित होने की वजह

1986 में यूक्रेन के उत्तरी भाग में चेरनोबिल परमाणु संयंत्र की दुर्घटना ने इतिहास का सबसे बड़ा रेडियोधर्मी रिसाव किया. इस त्रासदी के बाद इंसानों को इस क्षेत्र से हटा दिया गया. इंसानों की अनुपस्थिति में यहां वन्यजीवन और आवारा कुत्तों ने अपनी जगह बनाई. चेरनोबिल एक्सक्लूजन जोन में रहने वाले कुत्ते लंबे समय से विषैले वातावरण में रहते हुए भी जीवित हैं. इस क्षेत्र में रेडिएशन का स्तर मानव जीवन के लिए छह गुना ज्यादा है. इसके बावजूद लगभग 900 कुत्ते इस विषम पर्यावरण में रह रहे हैं. ये 900 आवारा कुत्ते जो सीईजेड में रहते हैं, संभवतः चेरनोबिल छोड़कर जाने वाले लोगों के पीछे छोड़े गए पालतू जानवरों के वंशज हैं.

### कुत्तों में मिले नए जीन

वैज्ञानिकों ने 52 ऐसे जीन पहचाने हैं, जो इस विषैले क्षेत्र में रहने के कारण विकसित हुए हैं. यह साबित करता है कि विषम पर्यावरण ने कुत्तों के जेनेटिक्स को बदल दिया है. इन कुत्तों की यह क्षमता पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ रही है. जिससे वे रेडिएशन, भारी धातुओं और प्रदूषण के प्रति प्रतिरोधक बन गए हैं. इस तरह से इन कुत्तों में सामान्य कुत्तों की तुलना में एक तरह का सुपर पावर विकसित हो गया है.

### भविष्य के लिए उम्मीदें

शोधकर्ताओं का मानना है कि इन कुत्तों के अनुकूलन की गहन समझ से मनुष्यों पर विषैले वातावरण के प्रभाव को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है. यह अध्ययन मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरणीय खतरों के प्रभाव को कम करने के लिए नए समाधान प्रदान कर सकता है.

### ये है चेरनोबिल आपदा, अब इंसानों के लिए किस हद तक सुरक्षित ?

1986 की चेरनोबिल त्रासदी उत्तरी यूक्रेन में हुई एक परमाणु आपदा थी. इसकी शुरुआत 26 अप्रैल 1986 को बिजली संयंत्र के रिएक्टरों में से एक के विस्फोट के साथ हुई, और मानव इतिहास में पर्यावरण में रेडियोधर्मी पदार्थ के सबसे बड़े उत्सर्जन का कारण बनी. वैज्ञानिकों का कहना है कि इन अध्ययनों से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि चेरनोबिल क्षेत्र भविष्य में मानव निवास के लिए उपयुक्त हो सकता है.

# सदन में 11697 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

## महिला बाल विकास के लिए सबसे अधिक 6390.55 करोड़ का प्रावधान

- वित्त मंत्री राधाकृष्ण ने पेश किया अनुपूरक बजट

संवाददाता। रांची

झारखंड विस विशेष सत्र

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया. इसमें सबसे अधिक महिला बाल विकास विभाग के लिए 6390.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. इसके बाद ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़, गृहकारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान है. अनुपूरक बजट पेश होने के बाद इसके बाद सदन की कार्यवाही 12 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी. अब 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी.

### किस मद में कितनी राशि का किया गया है प्रावधान

| विभाग/ प्रभाग | राशि (लाख में) | विभाग/ प्रभाग | राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| महिला बाल विकास | 6,39,055.83 | वित्त अंकेक्षण | 4.13 |
| प्राथमिक शिक्षा | 27280.18 | वाणिज्यकर | 391.00 |
| माध्यमिक शिक्षा | 30189.57 | खाद्य आपूर्ति | 24.65 |
| आवास प्रभाग | 1.00 | वन विभाग | 168.15 |
| पंचायती राज | 2516.35 | स्वास्थ्य | 14443.13 |
| ग्रामीण कार्य | 2.66 | गृह कारा | 44596.40 |
| डेयरी प्रभाग | 29.34 | उद्योग | 1482.69 |
| कला संस्कृति | 1924.25 | सूचना जनसंपर्क | 8027.06 |
| एसटी-एससी पिछड़ा वर्ग | 5238.13 | सांस्थिक वित्त | 11.16 |
| जल संसाधन | 6869.30 | श्रम विभाग | 158.93 |
| नगर विकास | 143.25 | विधि | 56.95 |
| परिवहन | 0.01 | अल्पसंख्यक कल्याण | 44.02 |
| पर्यटन | 114.95 | हाईकोर्ट | 3739.00 |
| सूचना प्रौद्योगिकी | 36.76 | खान विभाग | 1.02 |
| कृषि प्रभाग | 44.54 | संसदीय कार्य प्रभाग | 12.00 |
| पशुपालन प्रभाग | 509.10 | विधानसभा | 1.00 |
| मंत्रिमंडल सचिवालय | 6137.14 | जेपीएससी | 3540.10 |
| राज्यपाल सचिवालय | 13.00 | योजना विकास | 55.00 |
| मंत्रिमंडल निर्वाचन | 12311.00 | पेयजल | 3445.50 |
| मंत्रिमंडल निगरानी | 32.90 | निबंधन | 26.00 |
| नागर विमानन | 2.00 | आपदा प्रबंधन | 16640.30 |
| सहकारिता | 25006.41 | राजस्व भूमि सुधार | 315.47 |
| ऊर्जा | 257792.21 | पथ विभाग | 17015.00 |
| उत्पाद | 66.70 | ग्रामीण विकास | 19428.99 |
| वित्त विभाग | 5865.42 | तकनीकी शिक्षा | 1952 |
| ब्याज संदाय | 11260.27 | स्कूली शिक्षा | 22.20 |
| ऋण वापसी | 1700.00 | | |

### एक महीने में निकलेगी 3000 वेकैंसी

झारखंड में जल्द ही बंपर नियुक्तियां निकलने वाली हैं. हेमंत सोरेन सरकार की प्राथमिकता सूची में नौकरी पहले नंबर पर है. सरकार ने इसका रोडमैप तैयार कर लिया है. एक माह में करीब 3000 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. इसके लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) विज्ञापन निकालने की तैयारी में है. इनमें से दारोगा व सार्जेंट के 400, इंटरमीडिएट स्तर के 500, टेक्निकल ग्रेजुएट के 400 और ग्रेजुएट स्तर के करीब 1000 पदों के लिए अगले महीने विज्ञापन निकलने की उम्मीद है. वहीं आचार्य और सहायक आचार्य के 26,001 पदों के लिए नियुक्ति परीक्षा हो चुकी है. सुप्रीम कोर्ट ने इसके रिजल्ट पर रोक लगाई है. यह रोक हटने ही रिजल्ट जारी हो जाएगा. उधर, जेपीएससी व जेएसएससी में करीब 10 हजार पदों के लिए एक दर्जन परीक्षाएं लंबित हैं.

# कांग्रेस के साथ नहीं, अकेले दिल्ली में चुनाव लड़ेंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन पर अटकलें लगाई जा रहीं थी. वहीं अब इन अटकलों पर विराम लगता दिखाई दे रहा है. सूत्रों की मुताबिक इन खबरों का आम आदमी पार्टी ने खंडन कर दिया है. आप ने कहा है कि दिल्ली में कांग्रेस और आप का कोई गठबंधन नहीं होगा.

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "दिल्ली में अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी. कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना नहीं है."

वहीं आप सांसद राघव चड्ढा ने कांग्रेस संग अलायंस पर कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन की खबर पूरी तरह से निराधार हैं. किसी प्रकार का कोई गठबंधन का सवाल नहीं ही नहीं है. हम अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे. अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी चौथी बार दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है.

### पहले भी कर चुके हैं इनकार



हालांकि इससे पहले भी अरविंद केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के साथ गठबंधन से इनकार कर चुके हैं. लेकिन एक बार फिर दोनों दलों के बीच गठबंधन की खबरों ने तूल पकड़ा. वहीं अब अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के साथ अलायंस की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया है.

### गठबंधन की लग रहीं थी अटकलें

बता दें कि मंगलवार (10 दिसंबर) को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन की सुगबुगाहट शुरू हुई थी. सूत्रों के हवाले से ये खबर सामने आई थी कि दिल्ली कांग्रेस के नेता आप के साथ गठबंधन करना चाहते हैं. इसके बाद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के नेता पहुंचे शरद पवार के घर पहुंचे. जिसके बाद ये कयास लगने और तेज हो गए कि दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो सकता है.

कल्याण बनर्जी के बयान पर उठा विवाद

# हंगामे के कारण लोकसभा कार्यवाही दिन भर स्थगित



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सदस्य कल्याण बनर्जी के बुधवार को लोकसभा में दिये एक बयान पर विवाद पैदा हो गया है. उनकी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर की गई टिप्पणी पर महिला सांसदों ने आपत्ति जताई है. उन्होंने संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू से मुलाकात कर कल्याण बनर्जी की शिकायत की. लोकसभा में उनके बयान पर हुए हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करने के बाद तीसरी बार दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई. लोकसभा में 'आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024' पर चर्चा के दौरान कल्याण बनर्जी ने केन्द्र सरकार पर कोरोना महामारी के दौरान पश्चिम बंगाल की सरकार को मदद नहीं करने का आरोप लगाया. इस पर केन्द्रीय मंत्री ने आपत्ति जताई. इसके बाद कल्याण बनर्जी ने ज्यातिरादित्य सिंधिया पर व्यक्तिगत टिप्पणी की.

### सरयू के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक की अवधि 10 तक बढ़ी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने जदयू विधायक सरयू राय को मिली राहत बरकरार रखी है. अदालत ने बुधवार को उनके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव की ओर से दर्ज करवाए गए मामले में पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 10 जनवरी तक विस्तार दिया है. इसके साथ अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय दिया है. हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सरयू राय की याचिका पर सुनवाई हुई. उनकी ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की. चुनाव के समय पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार मिलने से सरयू राय को बड़ी राहत मिली है.

**परिवर्तन** जौनपुर के डेहरी गांव में मुस्लिम परिवारों ने अपने नाम में जोड़े हिंदू टाइटल

# नौशाद के पूर्वज पहले हिंदू थे और उनके मूल सरनेम 'दुबे'

**जौनपुर।** जौनपुर के डेहरी गांव में कुछ मुस्लिम परिवारों ने अपने नाम के साथ हिंदू टाइटल जोड़कर सबको चौंका दिया है. वे अपनी 'जड़ों' की ओर लौटने का दावा कर रहे हैं, लेकिन क्या है इस कहानी का पूरा सच?

जौनपुर के एक गांव में ऐसा कुछ हुआ है जिसे सुनकर हर कोई हैरान है. जरा सोचिये क्या हो अगर मुस्लिम नामों के साथ 'दुबे', 'तिवारी', या 'ठाकुर' जैसे टाइटल जुड़ जाएं? उत्तर प्रदेश के जौनपुर के डेहरी गांव में यह अनोखा ट्रेंड चर्चा का विषय बन गया है. यहां के कुछ मुस्लिम परिवार अपने नाम के साथ हिंदू टाइटल जोड़कर अपनी 'जड़ों' की ओर लौटने का दावा कर रहे हैं.



नौशाद अहमद दुबे

मामला जिले की केराकत तहसील के डेहरी गांव का है, जहां करीब 35 मुस्लिम परिवार रहते हैं. इन्हीं में से नौशाद अहमद नाम के एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी के कार्ड में अपने नाम के आगे 'दुबे' जोड़कर तहलका मचा दिया. शादी का यह निमंत्रण कार्ड सोशल मीडिया से लेकर गांव की चौपाल तक चर्चा का विषय बन गया. नौशाद अहमद दुबे का कहना है कि उनके पूर्वज सात पीढ़ी पहले हिंदू थे और उनके मूल सरनेम 'दुबे' को फिर से अपनाने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है.

गांव में सिर्फ नौशाद ही नहीं, बल्कि इसरार अब्दुल्लाह दुबे, इरशाद पांडेय, और ठाकुर गुफरान जैसे कई मुस्लिम परिवारों ने अपने नाम के साथ हिंदू टाइटल जोड़ लिया है. हालांकि, इन परिवारों का कहना है कि उन्होंने अपना धर्म नहीं बदला है. वे अभी भी इस्लामी रीति-रिवाजों का पालन करते हैं और नमाज अदा करते हैं. कुछ लोग इसे अपनी विरासत और पहचान को अपनाने का साहसिक कदम मान रहे हैं, तो वहीं कुछ आलोचकों का कहना है कि यह सिर्फ सुर्खियों में बने रहने का तरीका है.

### ये है पूर्वजों की कहानी

नौशाद के अनुसार, उनके पूर्वज लाल बहादुर दुबे हिंदू थे, लेकिन उन्होंने इस्लाम धर्म अपना लिया और लाल मोहम्मद बन गए. उनके मुताबिक, उनके पूर्वज आजमगढ़ से जौनपुर आए थे. नौशाद ने हिंदू धर्म से जुड़ी एक संस्था की मदद से अपने पूर्वजों के बारे में जानकारी हासिल की और उसी के आधार पर अपने नाम के साथ 'दुबे' जोड़ लिया.

# पुलिस को दुर्घटना पर मिलेगा एक करोड़ का बीमा

- डीजीपी ने किया एमओयू पर साइन

संवाददाता। रांची

डीजीपी अनुराग गुप्ता की उपस्थिति में पुलिस मुख्यालय में बुधवार को झारखंड पुलिस और बैंक ऑफ इंडिया के बीच रक्षक सैलरी पैकेज के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए. झारखंड पुलिस की तरफ से अनुराग गुप्ता और बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से रांची फील्ड महाप्रबंधक मनोज कुमार ने हस्ताक्षर किए. इस विशेष सैलरी पैकेज के तहत पुलिसकर्मियों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी. झारखंड राज्य का अग्रणी, बैंक ऑफ इंडिया सम्पूर्ण झारखंड में स्थित 550 से भी अधिक शाखाओं के माध्यम से पुलिस सेवा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना और मृत्यु बीमा एक करोड़, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 50 लाख, स्थायी आंशिक विकलांगता पर 25 लाख, वायुयान दुर्घटना पर 2 करोड़, सामान्य मृत्यु पर 10 लाख और व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर दो आश्रित बच्चों की उच्चतर शिक्षा के लिए बीमा राशि 10 लाख की सुविधा भी दी जाएगी. इसके अतिरिक्त न्यूनतम ब्याज दर पर पर्सनल ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा. ये सभी विशेष बीमा सुविधाएं, बैंक ऑफ इंडिया के जरिये रक्षक सैलरी पैकेज के तहत खाता धारक को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी. यह एमओयू झारखंड पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें वित्तीय सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगा.

### मांडू विधायक धरने पर बैठे थे, जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग

# सदन के बाहर गरमाया जेएसएससी सीजीएल का मुद्दा

**खास बातें**

- लाठी चार्ज करने वाले अफसरों पर कर्रवाई की मांग

संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन सदन के बाहर जेएसएससी सीजीएल का मुद्दा गरमाया. सदन के बाहर आजसू के मांडू विधायक निर्मल महतो धरने पर बैठे थे. उन्होंने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच करने की मांग की. साथ ही हजारीबाग में परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की भी जांच कराने की मांग उठायी. उन्होंने कहा कि सरकार नौकरी दे, ना की लाठी दे. मांडू विधायक ने पिछली बार का 25 लाख और इस बार के घोषणा के अनुसार, 12 लाख को मिलाकर कुल 37 लाख नौकरी सरकार से देने की मांग की. उन्होंने जेएसएससी सीजीएल के जारी रिजल्ट को रद्द करने और छात्रों पर लाठी चार्ज करने वाले अफसरों पर कर्रवाई की मांग की. भाजपा के हजारीबाग विधायक प्रदीप यादव ने हजारीबाग में परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को सरकार की विफलता बताया. इस मामले में बीजेपी विधायक नीरा यादव ने कहा कि छात्र शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे. शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना हर लोगों का अधिकार है, छात्रों के साथ गलत हुआ है. विवाद में अगर कुछ है तो इसपर जांच निश्चित रूप से होनी चाहिए. एलकेएम पार्टी से विधायक जयराम महतो ने कहा कि छात्र आक्रोशित है, वह धरने पर बैठेंगे ही. उन्होंने कहा कि सदन में सीजीएल का मुद्दा उठाते हुए सरकार को पहले ही एक प्रतिनिधिमंडल को छात्रों के पास भेजने का अनुरोध किया था. लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया. इसी का परिणाम है कि जो छात्र परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, वो सड़कों पर पीटे और घसीटे जा रहे हैं. सत्ता पक्ष की ओर से प्रदीप यादव ने कहा कि तथ्य सामने आयेंगे तो सरकार कहां पीछे हटती है जांच से. खामखा चीजों को बाधित करना और कोर्ट में घसीटना विपक्ष की पुरानी आदत हो गयी है. बहाली में किस तरह से बाधा पहुंचाये या सरकार को कहें कि यह बहाली नाकाम रही, यही विपक्ष का काम रह गया है. कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह (अनूप) ने कहा कि विपक्ष क्या कहती है, इससे फर्क नहीं पड़ता. जनता क्या कहती है, उससे फर्क पड़ता है. अगर जनता कह रही है तो आने वाले समय में मुख्यमंत्री ठोस कदम उठायेंगे. आने वाले समय में हमें यह भी देखना है कि बिना किसी आधार के कार्रवाई ना करें. पिछली बार भी देखा गया कि जेपीएससी के अध्यक्ष पर कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ और उन्होंने खुद से पद से इस्तीफा दे दिया. अधिकारियों की मॉरल को डाउन नहीं करें. क्योंकि अधिकारियों से ही हमें काम लेना है. आने वाले समय में सरकार जांच करेगी. रह गयी सीबीआई जांच की तो हमारी राजकीय एजेंसी इतनी सक्षम है कि दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा.




# रांची जिला प्रशासन ने किया अवैध बालू लदे 15 वाहन जब्त

- 45 पर एफआईआर दर्ज

संवाददाता। रांची



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक दिसंबर को सभी जिलों के डीसी को अवैध बालू उठाव पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था. सीएम के आदेश के बाद रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री एक्शन मोड में है. अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये हैं. डीसी के दिशा-निर्देश पर अवैध बालू उठाव रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत मंगलवार की रात रांची जिला खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर ने कई थाना क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया. इस दौरान मेसरा थाना, दलादली टीओपी, तुपुदाना, बेड़ो और लापुंग थाना क्षेत्रों से कुल 15 गाड़ियां पकड़ी गयी. इसमें 12 गाड़ियों में अवैध बालू और तीन गाड़ियों में स्टोन चिप्स लोड था. वहीं 45 अभियुक्तों पर एफआईआर की कार्रवाई की जा रही है. वाहन मालिकों, ड्राइवरों और इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी. मेसरा थाना क्षेत्र से तीन स्टोन चिप्स लदे हाईवा पकड़े गये हैं. वाहन संख्या JH-01-FQ-7387, JH-01-FQ- 2185 और JH-01-FJ- 1793 है. वहीं दलादली टीओपी क्षेत्र से अवैध बालू लदे तीन हाईवा और एक टर्बो पकड़े गये हैं. इनमें से एक हाईवा और एक टर्बो में नंबर प्लेट नहीं लगा था.

**ब्रीफ खबरें**

### चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता की सजा बरकरार

**रांची।** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने बुधवार को चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता सोनी देवी की सजा को बरकरार रखा है. अदालत ने अपीलकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा है. इससे सजायाफ्ता को झटका लगा है. सोनी देवी को न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडे की अदालत ने शिकायतवाद संख्या 1702/23 मामले में दोषी पाकर 21 जुलाई को एक साल की सजा और 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था. कोर्ट से सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी. इस पर सुनवाई पश्चात अदालत ने सजा को बरकरार रखा और अपील को खारिज कर दी.

### रांची डीआईजी ने खूंटी कोर्ट का किया निरीक्षण

**रांची।** रांची रेंज के डीआईजी अनुप बिरथरे आज बुधवार को खूंटी पहुंचे. वहां खूंटी थाना परिसर में उन्होंने पुलिस अनुमंडल थाना क्षेत्रों के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान अफीम की खेती का विनष्टीकरण, अफीम की खेती के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई और एनडीपीएस से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की. साथ ही डायल 112, महिला थाना में महिलाओं के खिलाफ अपराध, जागरूकता और कोर्ट सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये. बैठक के बाद डीआईजी खूंटी कोर्ट कैंपस जाकर वहां के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, एसडीपीओ वरूण रजक, समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे.

### बेघर और लाचार लोगों को पहुंचाया शेल्टर हाउस

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रांची में बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को फुटपाथ पर सोने वाले बेघर और लाचार लोगों को कंबल देने और जिला प्रशासन द्वारा बनाये गये शेल्टर होम (आश्रय गृह) में रखने का निर्देश दिया है. साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों में अलाव की समुचित व्यवस्था कराने को कहा है. डीसी के इस आदेश के तहत सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने मंगलवार की देर रात रांची के मुख्य चौराहों पर फुटपाथ पर सोने वालों को शेल्टर हाउस पहुंचाया. वहीं जो शेल्टर हाउस नहीं जाना चाहते थे, उनके लिए कंबल और अलाव की व्यवस्था की. ताकि ठंड से उन्हें बचाया जा सके.

### झारखंड विधानसभा विशेष सत्र : राज्यपाल ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां, कहा

# सदन में अनुभवी व नये सदस्यों का समागम

**खास बातें**

- सदन अपने विधायी कार्यों से राज्य को प्रगति के शिखर तक ले जायेगा

संवाददाता। रांची



झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण हुआ. राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए सबसे पहले सत्र में मौजूद सभी सदस्यों का स्वागत किया. इसके बाद संतोष गंगवार ने विधानसभा चुनाव जीतकर आये नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी. राज्यपाल ने कहा कि आप में से कई सदस्य पूर्व में भी विधानसभा के सदस्य रहे हैं जबकि कई सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे हैं. इस विधानसभा में अनुभवी और नये सदस्यों का समागम हुआ है. सबको मिलकर जनादेश का सम्मान करते हुए जनभावनाएं और जनआकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करना है. उन्होंने कहा कि जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण से कार्य करना है. विधानसभा की आदर्श परंपराओं और कीर्ति को आप सबको मिलकर आगे बढ़ाना है. राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य के परस्पर सहयोग से ही राज्य की जनता का चहुंमुखी विकास संभव है, इस अवधारणा के हम पक्षधर हैं. हमारी सरकार संघीय ढांचे की स्वस्थ परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करेगी तथा भारत की गरिमामयी विरासत का सम्मान करते हुए कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना के अनुरूप जनहित के व्यापक कार्य करेगी. आप सभी के माध्यम से राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गरिमामय और गौरवपूर्ण चर्चाओं का साक्षी बनेगा. यह सदन अपने विधायी कार्यों से झारखण्ड राज्य को प्रगति के शिखर तक ले जायेगा. राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि, जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति के प्रतीक होते हैं. षष्ठम् विधानसभा के शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के बाद राज्य में एक मजबूत और स्थिर सरकार के गठन का जनादेश जनता ने दिया है. यह सरकार झारखंड की मूल चेतना के साथ समावेशी विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ेगी. हमारी सरकार बिना किसी द्वेष के वंचितों को विशेष महत्व देने के मानवीय सोच के साथ सबको उचित अधिकार, सबको सुरक्षा और हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने को प्रतिबद्ध है. राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ समाज के वंचितों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों एवं गरीबों की खुशहाली के लिए संकल्पित है. उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के त्याग और बलिदान को हृदय में आत्मसात करते हुए द्वेष, घृणा, अहंकार, प्रतिशोध से दूर रहने का प्रण लेकर कार्य करेगी. झारखंडी अस्मिता को केंद्र में रखकर सजग, सुलभ, स्वच्छ, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से राज्य को प्रगति के उच्च शिखर पर ले जाने के लिए संकल्पित है.

**राज्यपाल ने गिनाईं उपलब्धियां**

♦ केंद्र सरकार एवं उनकी कंपनियों के पास पड़ा राज्य का बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपये वापस लाने के लिए राज्य सरकार कानूनी रास्ता भी अपनायेगी. ♦ हो, मुंडारी, कुडुख और अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल करेंगे. ♦ सरकार आदिवासी-मूलवासी को स्थानीय नीति बनाकर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत प्रतिशत आरक्षण देने के लिये प्रतिबद्ध है. ♦ पांचवीं विधानसभा ने सर्वसम्मति से पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, आदिवासी को 28 प्रतिशत और दलित को 12 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक एवं सरना-आदिवासी धर्म कोड को पारित कर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है, जो अभी गृह मंत्रालय में लंबित है. इस कार्यकाल में केंद्र सरकार से इन विषयों को स्वीकृत कराने का हर संभव प्रयास करेंगे. ♦ वर्षों से खासमहल एवं जमाबंदी की जमीनों पर रह रहे परिवारों को मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के साथ-साथ गैरमजरूवा जमीन पर बसे रैयतों की भूमि जिसकी रजिस्ट्री और रसीद काटने पर 2017 में रोक लगा दी गयी थी, उसे प्रारंभ किया जायेगा. ♦ राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जायेगा. ♦ सहारा इंडिया से पीड़ित राज्य के निवेशकों की लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय से लेकर राज्य के हर न्यायालय और संसद से लेकर सड़क तक हर मोर्चे पर पूरी मजबूती से लड़ी जायेगी, जब तक राज्य के सभी निवेशकों का भुगतान न हो जाये. ♦ राज्य के जिन सहारा पीड़ितों ने अपने प्राण गंवाये याद दु:ख-अवसाद में आत्महत्या करने को मजबूर हुए, उनके परिजनों को सरकारी स्तर पर आर्थिक सहयोग दिया जायेगा. ♦ किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जायेगा. ♦ मनरेगा के तहत झारखंड के मजदूरों को भारत सरकार बहुत कम मजदूरी देती है. इस भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करने के साथ-साथ राज्य सरकार अपनी निधि से राज्य के मनरेगा मजदूरों को सहयोग करेगी, जिससे उन्हें न्यूनतम 350 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिल सके. ♦ राज्य में अवस्थित विभिन्न नदियों एवं डैम के पानी का सदुपयोग करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गयी लिफ्ट इरिगेशन योजना को आगे बढ़ाते हुए 10,000 करोड़ रुपये की योजनाएं प्रारंभ की जायेंगी. ♦ राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना करेंगे. सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में खेल शिक्षक एवं संगीत शिक्षक की नियुक्ति की जायेगी. साथ ही 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे. ♦ राज्य में प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज एवं प्रत्येक अनुमंडल में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी. ♦ राज्य में 10वीं कक्षा में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुए 15 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी. ♦ सभी प्रखंडों और जिलों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी सह शिक्षा सहयोग केंद्रों की स्थापना की जायेगी. ♦ केजी क्लास से पीएचडी तक नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी. ♦ मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा. ♦ राज्य में 60,000 पदों पर शिक्षकों, 15,000 पदों पर प्रधानाध्यापकों, विभिन्न कार्यालयों में 2,500 पदों पर लिपिकों और विभिन्न थानों में 10,000 पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी. ♦ क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 10,000 पदों पर भाषा शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी. ♦ राज्य में मदरसा बोर्ड का गठन किया जायेगा.

### छात्रों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने मंशा स्पष्ट कर दी : चंपाई



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के विधायक चंपाई सोरेन ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि एक कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं. इसी तर्ज पर अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही न्याय की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है. चंपाई सोरेन ने लिखा है कि हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि यदि नियुक्ति सहित किसी भी सरकारी प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हों, तो सीबीआई जांच के जरिये सरकार इस विवाद का सर्वमान्य हल निकाल सकती है लेकिन जिस प्रकार लाठी के दम पर युवाओं के आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने कहा कि भाजपा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ खड़ी है. झारखंड की अगली पीढ़ी के भविष्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा.

## झारखंड कैडर के नौ आईपीएस अफसरों का होगा प्रमोशन

- 19 दिसंबर को डीपीसी की बैठक

संवाददाता। रांची

झारखंड कैडर के नौ आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिलेगा. इसको लेकर डीपीसी (डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी) की बैठक 19 दिसंबर को होगी. इस बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी के अलावा कई अधिकारी शामिल होंगे. वहीं दूसरी तरफ झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अफसर व तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह जनवरी 2025 में रिटायर होंगे. वहीं 1992 बैच के आईपीएस अफसर आरके मल्लिक भी जनवरी 2025 में रिटायर होने वाले हैं. वे डीजी मुख्यालय हैं. जबकि डीजी रेल एमएल मीणा भी जनवरी 2025 में रिटायर हो जायेंगे. इनके अलावा आईजी के पद पर कार्यरत राजकुमार लकड़ा भी जनवरी 2025 में रिटायर होंगे. वे 2005 के आईपीएस अफसर हैं. एक जनवरी से तीन आईपीएस हो जायेंगे आईजी, छह बन जायेंगे डीआईजी और तीन को मिलेगा सिलेक्शन ग्रेड एक जनवरी 2025 से 2007 बैच के तीन आईपीएस अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर और मयूर पटेल कन्हैयालाल आईजी रैंक में प्रोन्नत हो जायेंगे. इसके अलावा 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी 2025 से डीआईजी हो जायेंगे. इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं. इसके अलावा 2012 बैच के तीन आईपीएस किशोर कौशल, अंजनी झा और मो. अर्शी को सिलेक्शन ग्रेड में प्रोन्नति मिलेगा.

## बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं तो अनुपस्थित माने जायेंगे कर्मी : डीसी

संवाददाता। रांची

रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री लगातार प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं. इसी क्रम में डीसी ने बुधवार को नामकुम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. डीसी ने बायोमेट्रिक से सभी पदाधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति की जांच की. उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें. अनाधिकृत रुप से अनुपस्थिति पर डीसी ने बीडीओ विजय कुमार एवं सीओ कमल किशोर सिंह को कार्रवाई करने के निर्देश दिये. निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता कुमारी वर्मा अनुपस्थित पायी गयीं, जिस पर डीसी ने उनकी अनुपस्थिति अधिकृत है या नहीं इसे सत्यापित करने का निर्देश दिया. **सभी आवेदनों का त्वरित गति से करें निष्पादन : डीसी :** डीसी ने प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की. उन्होंने लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रुप से कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े. आमलोगों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए उपायुक्त ने बीडीओ, सीओ एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा.



## लड़कर जीत हासिल की कभी हार नहीं मानी : सीएम

संवाददाता। रांची



सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की. बुधवार को रांची में झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में सीएम हेमंत सोरेन शामिल हुए. उन्होंने कहा कि झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है. यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है. लड़कर जीत हासिल की है, कभी हार नहीं मानी है. **राज्यवासियों के आशीर्वाद से मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ :** सीएम ने कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद के फलस्वरूप झारखंड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ. आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार. आने वाले समय में हमेंझामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पंहुचा मजबूत करने का काम करना है, वंचित, शोषित समेत समाज के सभी वर्ग को हक-अधिकार देने का काम करना है.

### राजधानी में चार दिन बाद शहनाई की गूंज थम जाएगी

# इस वर्ष शादी के लिए बचे हैं चार लग्न

- सभी टेंट और केटरर बुक

संवाददाता। रांची



राजधानी रांची में चार दिन बाद शहर में शहनाई की गूंज थम जाएगी. इस वर्ष 15 दिसंबर तक विवाह के चार लग्न ही बचे हैं. इनमें 11, 13, 14 और 15 दिसंबर को सैकड़ों शादियां होंगी. टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन कुणाल अजमानी ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष शादी के लग्न ज्यादा होने से टेंट-डेकोरेटर की डिमांड भी अधिक थी. उन्होंने कहा कि शहर में बैंक्वेट हॉल ज्यादा हो गए हैं और इनकी मांग भी टेंट हाउस से ज्यादा है. रांची में करीब 200 से 250 टेंट हाउस हैं और सभी चारों दिन बुक हैं. शहर में रोजाना हजारों शादियां हो रही हैं. झारखंड चैंबर के ज्वाइंट सेक्रेटरी नवजोत अलंग ने कहा कि शहर में करीब 100 बैंक्वेट हॉल हैं. इनकी बुकिंग महीनों पहले से शुरू हो जाती है. इस चार दिनों में लगभग सभी हॉल बुक हैं. हालांकि, मई-जून में शादियों के लिए बैंक्वेट हॉल की कम बुकिंग थी लेकिन नवंबर से लेकर दिसंबर तक ज्यादा बुकिंग रही. एलएनबी कैटरर्स के प्रकाश नाहटा ने कहा कि कैटरिंग का मार्केट इस वर्ष अच्छा रहा. यहां तो हजारों केटरर हैं. ऐसे में सभी के पास 2 से 4 शादियों तक की बुकिंग है. पंडित मनोज पांडेय ने कहा कि 16 दिसंबर को मूल नक्षत्र और धनु राशि में सूर्य दिन के 7.29 बजे प्रवेश कर जाएंगे. इसके बाद खरमास प्रारंभ हो जाएगा. इस दौरान एक महीने तक मांगलिक कार्य बंद हो जाएंगे.

इसके बाद 14 जनवरी, 2025 को सूर्य मकर राशि में दिन के 2.48 बजे प्रवेश करेंगे. इसी के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा और 16 जनवरी से मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे.

### सीपीएम का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 9 जनवरी से

**रांची।** मेन रोड स्थित सीपीआई एम कार्यालय में पार्टी की राज्य कमेटी की बैठक हुई. बैठक में पार्टी के दो पोलित ब्यूरो सदस्य और पूर्व सांसद वृंदा करात व डॉ रामचंद्र डोम उपस्थित थे. बैठक में विधानसभा चुनाव की समीक्षा की गयी. झारखंड में भाजपा गठबंधन को पराजित कर राज्य में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार के गठन का काम पूरा होने पर राज्य के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया. इस अवसर पर सीपीएम का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 9 से 11 जनवरी तक नामकोम में आयोजित करने का निर्णय लिया गया. सम्मेलन में राज्य भर में जिला सम्मेलनों से निर्वाचित 347 प्रतिनिधि और 19 दर्शक शामिल होंगे. पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि वे राज्य भर में फैले सीपीएम के 5505 पार्टी सदस्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे. सम्मेलन की तैयारी के लिए साहित्यकार और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी व ट्राइबल रिसर्च संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ रणेन्द्र की अध्यक्षता में 115 सदस्यीय स्वागत समिति का गठन किया गया.

## राज्य सरकार के जनविरोधी कार्यों का विरोध करेगी पार्टी : बाबूलाल

संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में भाजपा विधायकदल की बैठक हुई. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायकगण शामिल हुए. बैठक के उपरांत मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी के विधायक राज्य की जनभावनाओं के अनुरूप सदन में अपनी बात रखेंगे. सदन में अनुपूरक बजट की बात हो या फिर राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा पार्टी सरकार की जनविरोधी नीतियों कार्यक्रमों का विरोध करेगी. उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के अतिरिक्त पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन महापर्व पर भी बैठक में विधायकगण से विस्तृत चर्चा हुई तथा सभी की भागीदारी इसमें बढ़ाने की का निर्णय हुआ. उन्होंने कहा कि भाजपा को विधानसभा चुनाव में 59 लाख वोट प्राप्त हुए है. पार्टी के कार्यकर्ता इससे अधिक सदस्यता का रिकॉर्ड प्रदेश में बनायेंगे. उन्होंने कहा कि मजबूत भाजपा और संघर्षशील भाजपा प्रदेश की मांग है.



### किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीद 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी लेकिन चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं. बाबूलाल ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया है. उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीद करें. साथ ही किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

03

www.lagatar.in | रांची, गुरुवार, 12 दिसंबर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष 11 संवत 2081 | पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ | वर्ष : 2, अंक : 241 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


खुशी कपूर ने स्टाइलिश अंदाज से सबका ध्यान खींचा



## ब्रीफ खबरें

### पोस्ट ऑफिस के पास से बाइक की चोरी

**महुदा।** बागड़ा निवासी दिलिप महतो ने महुदा थाना में लिखित शिकायत देकर महुदा पोस्ट ऑफिस के नजदीक से मोटरसाइकिल चोरी होने का शिकायत दर्ज कराई है. आवेदन में बताया है कि सुबह करीब 11 बजे महुदा बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस के समीप अपना मोटरसाईकिल पेशन प्रो जेएच10बीजे-9077 खड़ा करके अंदर अपने पत्नी के साथ चले गये. पोस्ट ऑफिस में काम पूरा होने के पश्चात बाहर निकला तो देखा कि मोटरसाईकिल गायब है. आसपास के स्थानों में काफी खोजबीन किया, परन्तु कहीं पता नहीं चला.

### क्रशर व्यवसायी से 20 लाख की मांगी गई रंगदारी

**रांची।** रांची के बरियातू के हरिहर सिंह रोड स्थित अंजली अपार्टमेंट में रहने वाले शैलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ अनुप सिंह से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है. इस संबंध में शैलेंद्र प्रताप ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है. रंगदारी देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी के जरिये 20 लाख की रंगदारी की मांग की गयी है, रुपये नहीं देने पर जान मारने की धमकी दी गयी है.

### अवैध बालू लदे 15 वाहन जब्त

**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री अवैध बालू उठाव की लगातार मिल रही शिकायतों पर काफ़ी गंभीर हैं. इसका असर काफ़ी बड़े पैमाने पर देखने को मिल रहा है. उनके दिशा-निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर के जरिये औचक निरीक्षण करते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में बुधवार को मेसरा थाना, दलादली टीओपी, टूपुदाना, बेड़ो, लापुंग थाना क्षेत्र में कुल 15 गाड़ी पकड़ी गई. इनमें अवैध बालू लदी गाड़ी 12 और स्टोन चिप्स लदी गाड़ी तीन शामिल हैं.

## डीसरगढ़ रोड में नाका चेकिंग के दौरान मिली कामयाबी, तस्कर ड्राइवर फरार

# बराकर में स्विफ्ट डिजायर कार से चार गौवंश बरामद

**खास बातें**

- पशु तस्करी का नायब तरीका अपना रहे तस्कर
- स्वीफ्ट कार में रखी गई थी चार गायें

संवाददाता। बराकर








झारखंड से बंगाल में गौ तस्करी का खेल लगातार जारी है, वही तस्करों द्वारा गौ तस्करी का अनूठा तरीका भी अपनाया जा रहा है, जैसे जैसे गाय तस्करों पर पुलिस की नकेल कसती जा रही है, वैसे वैसे तस्करों ने गाय चोरी का तरीका बदल कर पुलिस की आंखों में धूल झोंकने का काम शुरू कर दिया है, बीते मंगलवार की रात बराकर पुलिस ने डीसरगढ़ रोड में नाका चेकिंग अभियान चलाया, उसी दौरान देर रात पुरुलिया की ओर से एक झारखंड नम्बर की स्वीफ्ट डिजायर कार बराकर की ओर आ रही थी, पुलिस ने जब उस कार की तलासी ली,तो उस कार में बैठी चार गाय देखकर पुलिस अधिकारी चौंक गये, बराकर पुलिस ने बताया कि उस कार से चार गाय को बरामद किया गया, वहीं पुलिस का कहना है कि उस कार का चालक रात के अंधेरे में फरार हो गया, लेकिन ये बात कितनी सत्य है ये पुलिस ही जानती है , जानकारी के मुताबिक गाय से लदी उस स्वीफ्ट डिजायर के पिछले हिस्से से सीट को हटाकर गाय को बांधकर बैठाया गया था, ताकि पुलिस को इसकी भनक नही लग सके, वही राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े बड़े कंटेनरों से तस्करी जारी है , वही झारखंड के बंगाल बॉर्डर पर बल तोड़िया ये तस्कर केअटैया के लिए पशुओं को ले जाने का अनुमान लगाया जा सकता है. पुलिस इस मामले को लेकर जांच में जुटी.

### मारवाड़ी समाज आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को एसएसपी-डीसी से मिला

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना स्थित बिजली आफिस के समीप गत दिनों कुछ लोगों द्वारा गुटका खाकर थुकने के विवाद के मामले में बुधवार को आरोपी की जल्द गिरफ्तारी को लेकर धनबाद जिला मारवाड़ी समाज का एक प्रतिनिधि मंडल जिला के वरिय पुलिस अधीक्षक एवं उपायुक्त से जाकर घटना के संबंध में मिले. पुलिस अधीक्षक व उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि एक हफ्ते में आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी और शराबबंदी पर कड़े कदम उठाए जाएंगे. मौके पर मिलने वालों में अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन धनबाद जिला के अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल आदि थे.

# अगले पांच साल तक सोना नहीं है : सीएम

## मंत्री, विधायक से लेकर कार्यकर्ता तक सजग रहें : हेमंत



### दूसरे राज्यों में भी झामुमो की पैठ बढ़ाएं

सीएम ने कहा कि झारखंड के साथ-साथ दूसरे राज्यों में भी झामुमो की पैठ बढ़ाने का काम कार्यकर्ता करें. इसकी नीतियों की जानकारी दें. उन्होने कहा कि अगले पांच साल में झामुमो को ज्यादा सशक्त और विस्तार देना है. इसकी तैयारी अभी से ही करें. बैठक में तय हुआ कि 18 दिसंबर को वर्तमान केंद्रीय समिति का कार्यकाल पूरा है. इसके बाद महाधिवेशन का आयोजन किया जाना है. महाधिवेशन के आयोजना में किसे क्या जिम्मेवारी दी जायेगी. इसके लिए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन व कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को अधिकृत किया गया है. बैठक में विधायक कल्पना सोरेन, पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य समेत सभी मंत्री व विधायक उपस्थित थे.

- वंचित शोषित समेत समाज के सभी वर्ग को हक अधिकार दिलाने का काम करें झामुमो कार्यकर्ता
- झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक सह आभार सभा

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वंचित शोषित समेत समाज के सभी वर्ग को हक अधिकार दिलाने का काम झामुमो कार्यकर्ता करें. सरकार बन गयी है तो अगले पांच साल तक सोना नहीं है. मंत्री, विधायक हो या आम कार्यकर्ता सभी सजग रहें, जनता के बीच में रहे, उनके हक अधिकार दिलाने में सहयोग करेंगे. सीएम बुधवार को कांके रोड स्थिति सीएम आवास में झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक सह आभार सभा संबोधित कर रहे थे. इस बैठक में झामुमो केंद्रीय समिति के तमाम सदस्य, मंत्री, विधायक, सांसद, सभी 24 जिलों के अध्यक्ष व सचिव, 260 प्रखंडों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे. सीएम ने कहा कि झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है.यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है. लड़कर जीत हासिल की है, कभी हार नहीं मानी है.विगत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत तथा करोड़ो राज्यवासियों के आशीर्वाद के फलस्वरूप झारखंड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ. आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार. सीएम ने कहा कि झारखंड महिला शक्ति ने जो साथ दिया है उसका पार्टी आभार व्यक्त करती है और सदैव उनके अधिकार की रक्षा के लिए पार्टी तैयार रहेगी. सीएम ने कहा कि आने वाले समय में हमें झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पंहुचा कर मजबूत करने का काम करना है.

# मंत्री ने शराब दुकान का किया औचक निरीक्षण

## सहायक आयुक्त उत्पाद को किया शोकॉज

संवाददाता। रांची

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को कांके रोड स्थित एक शराब की दुकान का औचक निरीक्षण किया. इससे पहले उन्होंने रांची के सहायक आयुक्त उत्पाद अरुण कुमार मिश्रा को शोकॉज भी किया है और गुरुवार की दोपहर 12 बजे तक जवाब मांगा है.

अरुण कुमार मिश्रा पर आरोप है कि वे बिना सूचना के मुख्यालय से गायब थे. जब आयुक्त उत्पाद ने उन्हें फोन किया तो उन्होंने झूठी जानकारी दी कि वे बुंडू में छापेमारी कर रहे हैं. जब उनसे लाइव लोकेशन मांगा गया तो वे नहीं दे पाए. उनके कार्यालय से स्टॉक रजिस्टर मांगा गया और जिलों के दुकानों के स्टॉक की जानकारी मांगी गई तो वे उपलब्ध नहीं करवा पाए. इसके बाद ही मंत्री ने आयुक्त उत्पाद को निर्देश दिया कि वे सहायक आयुक्त उत्पाद को शोकॉज कर जवाब मांगे. उन्होंने आयुक्त उत्पाद को दिग्भ्रमित करने की कोशिश की है.

### रांची की दुकानों में स्टॉक से अधिक शराब

सहायक आयुक्त उत्पाद अरुण कुमार मिश्रा के उक्त व्यवहार से मंत्री योगेंद्र प्रसाद को यह आशंका हुई है कि रांची की दुकानों में स्टॉक से अधिक शराब है. राजस्व की चोरी हो रही है. इसी आशंका पर मंत्री स्वयं कांके रोड की एक दुकान का निरीक्षण करने निकल गए. उन्होंने उक्त दुकान में पहुंचते ही वहां के स्टॉक का मिलान करवाया. स्टॉक रजिस्टर पर व्हाइटनर दिखने पर उन्हें गड़बड़ी की आशंका हुई है. उन्हें आशंका है कि उक्त दुकान में स्टॉक से कहीं अधिक शराब थी. इसके लिए उन्होंने विभाग के वरीय अधिकारियों की चार सदस्यों की एक टीम गठित कर गुरुवार की दोपहर 12 बजे तक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है. मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा है कि कोई भी गड़बड़ी बर्दाशत नहीं की जाएगी और दोषी बख्शे नहीं जाएंगे.

### मंत्री का निर्देश

राजस्व प्राप्ति के लिए सरकार ने जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे हर हाल में पूरा करना है. स्टॉक से अधिक शराब मिलने, नकली शराब मिलने या किसी भी तरह की गड़बड़ी मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी. छापामारी से पूर्व मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग स्थित अपने कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की थी. यह राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों से संबंधित बैठक थी. इस बैठक में मंत्री ने अधिकारियों से राजस्व प्राप्ति को प्रभावित करने वाले कारकों को चिह्नित करने को कहा और स्टॉक व शिकायतों के संबंध में जानकारी ली.

# वेस्ट मोदीडीह कोलियरी डिस्पेंसरी के मुख्य गेट को काट ले गए चोर

संवाददाता। तेतुलमारी



मंगलवार की देर रात बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या चार के वेस्ट मोदीडीह कोलियरी डिस्पेंसरी के मुख्य गेट को लोहा चोरों ने काट लिया. घटना की जानकारी बुधवार की सुबह कोल कर्मी अपनी ड्यूटी पर गए तब मिली. कर्मियों ने चोरी होने की जानकारी प्रबंधन को दी. कर्मियों ने कहा कि पहले तो अपराधी अच्छे-अच्छे मशीनों के पाट्र्स को काटकर ले जाते थे, कोयले की चोरी भी दिन के उजाले में हो रहा है. अब कोलियरी डिस्पेंसरी को नहीं बख्श रहे हैं. मुख्य द्वार पर लगा लोहे का गेट को काट कर ले गया. विरोध करने पर अपराधी कर्मी की पिटाई कर देते हैं. उन लोगों ने प्रबंधन से कोलियरी व डिस्पेंसरी में सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करने की मांग किया. उन लोगों ने कहा कि अगर प्रबंधन शीघ्र सुरक्षा व्यवस्था मुहैया नहीं करती है तो हम लोग अपने-अपने कार्य का बहिष्कार कर देंगे. रोष जताने वालों में शमशेर सिंह, युसूफ अंसारी, रामचंद्र चौहान, सुखलाल हांडी, सलाउद्दीन अंसारी, शुकर मुनि, विनोद सिंह, नेपाल महतो,मालती देवी आदि शामिल है.

### मुराईडीह में बैंक ऑफ इंडिया सीएसपी का उद्घाटन

**बरोरा.** मुराईडीह कॉलोनी उपर साइड पोचरी रोड सामुदायक भवन कार स्टैंड के समीप बैंक ऑफ इंडिया सीएसपी का उद्घाटन दरीदा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कुदुस अंसारी, मोहम्मद जमालुद्दीन एवं इफ्तिखार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कर किया. मौके पर कुदुस अंसारी ने कहा कि मुराईडीह कॉलोनी जैसे घनी आबादी में सीएसपी खोले जाने से मुराईडीह के आसपास के सभी ग्रामीणों लोगों को सुविधा मिलेगी. पैसा निकालने एवं जमा करने के लिए बाहर आने-जाने से राहत मिलेगी. खासकर बुजुर्ग एवं छोटे व्यवसायी करने वालो को फायदा होगा. मौके पर आपरेटर इसरार हुसैन ,मुमताज अंसारी, तौफीक अंसारी, रियाज अंसारी, बिक्कू मोदी, नरेश चौरसिया, कुतुबुद्दीन अंसारी अन्य लोग मौजूद थे.

# माई नेम इज खान, आई एम नॉट ए टेरेरिस्ट : प्रिंस

- महाबोधि मंदिर को उड़ाने के मामले में जारी किया ऑडियो

संवाददाता। धनबाद

गया के महाबोधि मंदिर को उड़ाने की धमकी के मामले में प्रिंस खान ने एक ऑडियो वायरल कर इसे झूठा बताया है. हालांकि शुभम संदेश वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है. ऑडियो में प्रिंस खान ने कहा कि मेरे लिए जैसे मस्जिद हैं, वैसे ही मंदिर भी है. हमलोग हिन्दू मुस्लिम नहीं करते हैं. यह मेरे विरोधियों की साजिश है. मेरे घर वालों को परेशान करने के लिए विरोधियों द्वारा ऐसी चिट्ठी फैलाई गई है. उनकी जांच की जाए. ऑडियो में प्रिंस ने कहा कि माई नेम इज खान, आई एम नॉट ए टेरेरिस्ट. सैफी के बारे में उसने सफाई देते हुए कहा है कि सैफी उसका बिजनेस संभालता है, वह क्रिमिनल नहीं है. आगे प्रिंस ने कहा है कि वह पाकिस्तान का नहीं बल्कि भारत का है और देश के विरुद्ध कोई काम नहीं करेगा. उसके लिए भी भारत महान है. आगे कहा कि मुझे सिर्फ कोयला, टेंडर और लोहा से मतलब है. देश के खिलाफ कोई काम न कर रहे हैं और न कभी करेंगे. मेरे विरोधी मुझे कुछ नहीं कर पा रहे हैं तो घरवालों को फंसाने के लिए अफवाह फैला रहे हैं. अंत मे प्रिंस ने पूरे मामले की जांच कराने की बात कही और मेरा भारत महान कहा.

### जांच में धनबाद पहुंची थी गया पुलिस

गया के महाबोधि मंदिर को उड़ाने की धमकी का पत्र मंदिर प्रबंधन समिति को मिला था. जिसके बाद जांच में जुटी बिहार पुलिस मंगलवार की सुबह धनबाद पहुंची और जांच पड़ताल की. इसी मामले में बुधवार को प्रिंस खान ने ऑडीओ वायरल कर मामले में उसका हाथ होने को अफवाह बताया.

### दुकान में आग लगाई, एक लाख की सम्पत्ति राख

**तोपचांची।** बुधवार अहले सुबह तोपचांची थाना से करीब 100 मीटर के दुरी में स्थित नाश्ता दुकान में असमाजिक तत्वों ने आग लगा दी. दुकान दुकानदार नेवेदत मोदक उर्फ रथू के परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन थी.

दुकानदार नेवेदत मोदक उर्फ रथू ने बताया कि बुधवार अहले सुबह करीब 3 बजे के आसपास घटना घटी, जिसमें दुकान में रखे सभी सामान जल कर राख हो गए. घटना में करीब 1 लाख रुपए की सामग्री जल कर राख हो गई. उन्होंने घटना की लिखित आवेदन तोपचांची थाना में दे दिया है. इधर तोपचांची पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है.

**लापरवाही** घंटों इंतजार के बावजूद घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में नहीं मिला वैक्सीन

# पोचरी बस्ती में सियारों का आतंक, सात को काटा

संवाददाता। बरोरा



बरोरा थाना क्षेत्र के दरीदा पंचायत अंतर्गत पोचरी बस्ती दास टोला में सियारों के झुंड के आतंक ग्रामीण परेशान हैं. मंगलवार की देर शाम एक ही सियार ने 7 लोगों पर हमला कर घायल कर दिया.

कई दिनों से सियार एक पर एक ग्रामीणों को काट कर घायल कर रहा है. बावजूद वन विभाग के अधिकारियों ने अब तक सुरक्षा को लेकर कोई पहल नहीं की है. आलम है कि ग्रामीण दहशत में हैं शाम होने से पहले अपने बच्चो के साथ ग्रामीण घर में अपने आप को कैद करने को विवश हैं. सियार के हमले से पोचरी बस्ती में आधा दर्जन से अधिक घायलों मंगलवार की घटना के बाद बाघमारा स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीन दिलाने के लिए ले जाया गया लेकिन घंटों इंतजार के बाद स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों ने केंद्र में वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने की बात कर दूसरी जगह जाने की बात कर घायलों को लौटा दिया.सिस्टम से परेशान परिजन देर रात को ही घायलों को लेकर एसएनएम एमसीएच हॉस्पिटल धनबाद पहुंचे लेकिन वहां भी अस्पताल कर्मियों की मनमानी के कारण घायलों को रात में वैक्सीन नहीं लगाया जा सका. भारी मशक्कत के बाद बुधवार की दोपहर बाद वैक्सीन दिया गया. घायलों के परिजनों ने बताया कि घटना के बाद बाघमारा स्वास्थ्य केंद्र घायलों को ले जाया गया. जहां वैक्सीन देने के नाम पर घंटों टालमटोल किया गया. अंततः कर्मियों ने वैक्सीन नहीं होने की बात कह कर लौटा दिया. वहीं धनबाद एसएनएनएमसीएच में भी वैक्सीन के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ी. तब जाकर घटना के एक दिन बाद घायलों को वैक्सीन दिया गया. बाघमारा स्वास्थ्य केंद्र में मानो कि कोई सरकार का कायदा कानून नहीं बल्कि वहां डाक्टरों व कर्मचारियों की हुकूमत चलती है.

घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार को एक ही सियार के द्वारा सभी को काटा गया है. सियार की गतिविधियों से लगता है वह पागल हो चुका है. आदमी को देखते ही वह हमला बोल देता है इसके साथ ही सियार का एक झुंड भी लोगों को परेशान कर रहा है. करीब एक सप्ताह से हम ग्रामीण सियार के आतंक से परेशान हैं अगर समय रहते वन विभाग कोई कदम नहीं उठाता है. सियार के डर से बच्चे एवं बुजुर्ग घर से निकलने के लिए डर रहे हैं. घायलों में कामेश्वर सिंह ,सुनीलदास, राहुल शर्मा, भीम सिंह, आकाश रॉय, संतोष राय उनकी पत्नी तारा राय घायल हैं.

# नियुक्तियों में तेजी लाएं : हाईकोर्ट

## जेपीएससी अध्यक्ष का पद भी तीन माह से खाली

संवाददाता। रांची




झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की पीठ में राज्य में सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम जारी करने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान पीठ में सरकार को जेपीएससी के अध्यक्ष का पद यथाशीघ्र भरने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने मौखिक कहा कि अध्यक्ष का पद तीन माह से रिक्त है. इस कारण कई नियुक्तियों की प्रक्रिया बाधित हो रही है. झारखंड एक कल्याणकारी राज्य है.विधानसभा चुनाव के बाद यहां लोकप्रिय सरकार भी बन गई है. ऐसे में जल्द ही जेपीएससी के अध्यक्ष की नियुक्ति की उम्मीद की जा रही है. उक्त निर्देश के साथ कोर्ट ने याचिका को निष्पादित कर दिया. इस संबंध में पवन कुमार वर्मा की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है.

कोर्ट ने कहा कि आमतौर पर राज्य सरकार के नीतिगत मामलों में हाई कोर्ट हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन यह मामला सैकड़ों अभ्यर्थियों की नियुक्ति से संबंधित है. जेपीएससी का अध्यक्ष के नहीं होने से जेपीएससी 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा के साथ-साथ कई नियुक्ति की प्रक्रिया लंबित है. सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जेपीएससी के अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए उचित कार्रवाई की जा रही है.

### अध्यक्ष के नहीं रहने से नियुक्ति प्रक्रिया ठप

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि तीन माह से अधिक समय से जेपीएससी का अध्यक्ष पद रिक्त है. जेपीएससी की 11वीं से 13वीं सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा जून में ही ली गई थी. सफल अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार एवं परिणाम का इंतजार कर रहे हैं. अध्यक्ष के नहीं रहने से नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है.

# गोविंदुपर में अतिक्रमण हटा, सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू

संवाददाता. गोविंदपुर

अतिक्रमणकारियों द्वारा गत रोड से 75% अतिक्रमण हटा दिए जाने के बाद बुधवार से गोविंदपुर सुभाष चौक से पूरब की ओर सर्विस लेन का निर्माण शुरू कर दिया गया. अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे ने अतिक्रमण का निरीक्षण किया . उन्होंने मादा मैदान के बाहर लगी दुकानों को भी अंदर प्रवेश करने की अपील की . कहा कि माडा मैदान के बाहर किसी भी हालत में हटिया नहीं दिया जाएगा. सभी दुकानें माडा मैदान के अंदर शिफ्ट होगी और सभी के लिए जगह का प्रबंध मैदान में कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि अधिकांश लोगों ने अतिक्रमण हटा दिया है परंतु कुछ लोग अभी भी जीटी रोड की जमीन पर कब्ज रखे हुए हैं ऐसे लोगों को बलपूर्वक हटा दिया जाएगा . उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा दी गई समय सीमा समाप्त हो गई है .




अब प्रशासन की देखरेख में एनएचएआई ने काम शुरू कर दिया है . अंचल अधिकारी ने कहा कि शेष अतिक्रमण प्रशासन हटा देगा. एनएचएआई के हाईवे इंजीनियर एलपी सिंह ने कहा कि गोविंदपुर सरकारी अस्पताल की ओर तथा वाणी मंदिर के समीप अभी भी अतिक्रमण है. इससे सड़क चौड़ीकरण काम में बड़ा पहुंचेगी. उन्होंने कहा कि गोविंदपुर बाजार के अनेक लोगों ने नाली को ही बॉर्डर मान लिया है, जबकि ऐसी बात नहीं है . नाली के बाद भी जीटी रोड की अपनी जमीन है और एनएचएआई अपनी जमीन नहीं छोड़ेगा . सभी क्रॉसिंग बंद हो जाने के कारण गोविंदपुर बाजार अब दो भागों में बंट गया है और निर्माण कार्य के दौरान लोगों को आने-जाने में भी परेशानी हो रही है इस कारण कई स्थानों पर लोगों को सर्विस लेन में फुटपाथ पर भी चलना पड़ रहा है. बावजूद बुधवार को भी दर्जनों बाइक चालकों का चालान काटा गया. इससे ग्रामीण परेशान है . स्थिति तो यह है कि लोग गोविंदपुर बाजार आना अब नहीं चाह रहे हैं . गोविंदपुर के विभिन्न क्षेत्रों के लोग अब बरवाअड्डा, महाराजगंज, प्रधानखंता, देवली, बरवापूर्व, निरसा आदि क्षेत्रों में खरीदारी कर रहे हैं. इसका असर गोविंदपुर बाजार के व्यापार पर पड़ा है. डीसी के कड़े निर्देश के बाद गोविंदपुर थाना के आगे लंबे समय से खड़ी जप्त गाड़ियों को हटाया जा रहा है. गुरुवार को यह काम पूरा कर लिया जाएगा. साहिबगंज मोड एवं सुभाष चौक के निकट जीटी रोड पर तेज रफ्तार वाहन पर नियंत्रण के लिए रंबल स्ट्रिप लगाया गया.

### गोविंदपुर में पुलिस ने वसूला जुर्माना

गोविंदपुर बाजार में बुधवार को भी वाहनों की गहन चेकिंग की गई . इसके लिए डेढ़ दर्जन से भी अधिक ट्रैफिक अधिकारी व पुलिस सक्रिय थे . चेकिंग का अधिकांश शिकार बाइक चालक बने . उनसे रॉन्ग साइड ड्राइविंग, रोड पर गाड़ी स्टैंड करने, बाइक के जरूरी कागजात नहीं रहने, इंश्योरेंस फेल होने, हेलमेट नहीं पहनने आदि पर जुर्माना वसूला गया। इस कार्य में परिवहन विभाग के कर्मचारी भी शामिल थे। भारी-भरकम जुर्माना लगाए जाने के खिलाफ लोग पूरे दिन ट्रैफिक पुलिस से उलझते रहे। लोगों ने कहा कि जब स्टैंड ही नहीं है तो फिर स्टैंड पर बाइक नहीं लगाने का जुर्माना क्यों ?

# बिजली घर में सेंधमारी कर घुसे चोर, कीमती पुर्जे ले भागे

## आधा दर्जन बस्तियों में बिजली- पानी का संकट

संवाददाता। झरिया



अलकडीहा ओपी क्षेत्र के सेठ कोठी स्थित बिजली घर पर अपराधियों ने धावा बोल दिया. सेंधमारी कर घुसे और घंटों तक लूटपाट की.एक हज़ार केवीए का ट्रांसफार्मर को खोलकर उसका तेल बहा दिया और तांबें पीतल का कीमती कॉयल व अन्य समाग्री ले भागे. घटना के बाद से सेठ कोठी, कांटा घर, पानी टंकी बगान धौडा आटा चक्की जयरामपुर सहित आधा दर्जन बस्तियों में पानी बिजली ठप्प है. इधर कोलियरी अभियंता का कहना है कि क्षति काफी हुई. आकलन कर , एफआईआर करने की तैयारी की जा रही है. सूत्रों से जानकारी मिली के अनुसार चार से पांच लाख की लूट बताई जा रही है.

बताते है कि मंगलवार की रात अपराधियों ने जीनागोरा परियोजना अन्तर्गत सेठ कोठी बिजली पर लगभग दो दर्जन की संख्या चोरों ने धावा बोल दिया था. बिजली घर में रात्रि पाली में ना तो गार्ड रहता ना ही स्वीच मेन इसका फायदा अपराधियों ने उठाया. पहले स्वीच काट कर ट्रांसफार्मर में लगे केबुल को काट दिया. ट्रांसफार्मर खोल कर उसका तेल बहा दिया. ट्रांसफार्मर के अंदर लगे तांबे, पीतल, कॉयल, प्लेट सहित अन्य कीमती सामान लेकर चलते बने. इधर कोलियरी अभियंता हिमांशु कुमार ने कहा कि पता लगाया जा रहा है कि कितनी क्षति हुई है, अलकडीहा ओ पी में मामला दर्ज कराया जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### सुबह 7 से शाम 5 बजे तक आज बंद रहेगी बिजली

**गोविंदपुर।** गुरुवार की सुबह 7 बजे से अपराह्न 5 बजे तक गोविंदपुर क्षेत्र में बिजली बाधित रहेगी. इस दौरान डीवीसी द्वारा मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि इसको लेकर 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र आमाघाटा और खड़काबाद से भी संबंधित सभी फीडरों से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. इससे गोविंदपुर बाजार, कुरैसीनगर, गोसाईंडीह, तिलकरायडीह, रतनपुर, बागसुमा, गोड़तोपा, नवाटांड़, कुरची, अम्बोना, महुबनी, बरियो, पथुरिया, मटियाला, सरकारडीह, मचामहुल जंगलपुर, देवली, भेलाटांड़, मोरंगा, मुर्गाबानी, गहिरा, अम्बोना मोड़ आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी.

### तोपचांची में सड़क दुर्घटना, युवक घायल

**तोपचांची।** बुधवार शाम को तोपचांची में एक सड़क दुर्घटना हुई. जिसमें तोपचांची निवासी भीम बढ़ई गंभीर रुप से जख्मी हो गए. मिली जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को तोपचांची स्थित नेशनल हाईवे को भीम बढ़ई पार कर रहे थे, उसी वक्त अज्ञात कार ने ऑटो चालक को चकमा दे दिया, जिससे ऑटो चालक अपनी संतुलन को खोते हुए सड़क पार कर रहे भीम बढ़ई को अपनी चपेट में लिया. घटना में भुक्तभोगी भीम बढ़ई को गंभीर चोट आई है. आनन-फानन में एनएचआई एंबुलेंस के सहारे गंभीर रुप से जख्मी युवक को इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया है. इधर घटना के बाद ऑटो चालक घटनास्थल पर ऑटो को छोड़कर फरार हो गया है, तोपचांची पुलिस को ऑटो को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है.

### दहियारी रोड पर कई राहगीरों से छिनतई

**गोमो।** नावाडीह थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोमो - दहियारी रोड़ पर जीतपुर जमुनिया नदी पुल के आगे जंगल के समीप मंगलवार की रात लगभग 9 से 10 बजे के बीच अज्ञात बदमाशों ने कई राहगीरों से छिनतई की घटना को अंजाम दिया है. राहगीरों ने बताया कि चार की संख्या युवक भुजाली,चाकू लेकर अपराधियों ने राहगीरों को रोक कर रुपये,मोबाइल आदि समानों की छिनतई की है. रुपए अधिक नहीं मिलने पर बदमाशों ने मारपीट भी की गई. एक बाईक सवार से पास रुपए नहीं मिलने पर उनके साथ मारपीट किया तथा बाईक की चाभी निकाल कर फेंक दिया. बाद में भुक्त भोगी को ठंड की भारी रात के अन्धेरे में काफ़ी दूर बाईक ठेल कर गांव पहुचने पर मजबूर होना पड़ा. भुक्त भोगियों ने थाना में शिकायत दर्ज नहीं कराई और कहा मिलेगा कुछ नहीं, केवल समय की बर्बादी होगी.

### दस हजार रुपए की सब्जी नष्ट करने की शिकायत

**निरसा बाजार।** कालूबथान ओपी क्षेत्र के एलाकेदं गांव निवासी रमजान अंसारी ने बुधवार की संध्या कालूबाथान ओपी मे एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है. जिसमें कहा है कि उसके ज़मीन पर लगाया गया फसल गांव के ही शमसेर अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी, कामरूद्दीन अंसारी, बहरुद्दीन अंसारी सहित पच्चीस तीस लोगों ने मिल कर खेत के घेरना को तोड़ कर उसमें लगाया गया. लगभग दस हजार रुपए के सब्जी फसल नष्ट करते हुए कुछ सब्जी अपने साथ ले गए. जब हम माना करने गये तो सभी एक मत होकर गाली गलौज करते हुए मारपीट किया.

# कोयला लदा हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

## घटना के विरोध में लोगों ने डुमरा फुलारीटांड मुख्य मार्ग किया जाम



संवाददाता. बरोरा

बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरा फुलारीटांड सड़क मार्ग के मांद्रा कर्नल पब्लिक स्कूल के समीप बुधवार शाम हाइवा की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार मुराईडीह निवासी हीरा बाउरी के 27 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र बाउरी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. जबकि बाइक में सवार राजेंद्र के मित्र बिक्रम कुमार 30 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गया है. आनन फानन में घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल डुमरा पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है. इस घटना में घायल बिक्रम कुमार के बाया पैर फैक्चर हो गया है.

घटना के संबंध में बताया जाता है कि राजेन्द्र बाउरी ओर उनके साथी बिक्रम कुमार एक ही बाईक पेंशन प्रो जेएच 09 एडी 0718 पर सवार होकर फुलारीटांड होते हुए अपना घर मुराईडीह जा रहे थे. तभी मांद्रा कर्नल पब्लिक स्कूल के समीप तेज रफ्तार से आ रही कोयला लोड हाइवा गाड़ी जेएच 10 एएम 9421 ने अपने चपटे में ले लिया.

सूचना मिलते ही बरोरा पुलिस घटना स्थल पहुंची. घटना के बाद अक्रोशित लोगो ने सड़क जाम कर दिया. सड़क मार्ग जाम होने से घंटो आवागम बाधित रहा.

# टुंडी में बस की चपेट में आकर दो बाइक सवार की मौत

संवाददाता। टुंडी

गोविंदपुर टुंडी मुख्य मार्ग पर भोजुडीह शिव मंदिर में बुधवार की देर शाम गिरिडीह के किरण पब्लिक स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार 32 युवक रूबीसन बास्की व मीरूलाल मुर्मू 35वर्ष की मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार

राजन मुर्मू गंभीर रूप से जख्मी हो गया. मृतक रूबीसन व मीरूलाल मुर्मू दोमुंडा का रहने वाला था जबकि जख्मी राजन मुर्मू खाखुडीहटुंडी का रहने वाला है.

दोनों घायल मीरूलाल मुर्मू व राजेंद्र मुर्मू को 108 एंबुलेंस से तुरंत एसएनएमएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया. जहां रास्ते में ही मीरूलाल ने दम तोड़ दिया. दुर्घटना के बाद बस को गिरिडीह जिले के ताराटांड़ थाना पुलिस ने जब्त कर लिया है. बस गिरिडीह के किरण पब्लिक स्कूल की बताई जा रही है. इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर ही गोविंदपुर गिरिडीह मार्ग को अनिश्चित काल के लिए जाम कर दिया है. टुंडी थानेदार उमाशंकर पुलिस दलबल के घटनास्थल पर पहुंचे हुए हैं. ग्रामीण शव को उठाने नहीं दे रहे हैं. देर रात तक सड़क जाम है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि तीन युवक दो बाइक से टुंडी से गोविंदपुर की ओर जा रहे थे. एक बाइक पर दो युवक सवार थे. दोनों युवकों की मौत हुई है. जबकि दूसरी बाइक पर अकेले सवार युवक जख्मी हुआ है.

गोविंदपुर से गिरिडीह की ओर जा रही बस ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी थी. आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे. पुलिस को भी स्थानीय लोगों ने ही सूचना दी. तत्काल एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को अस्पताल भेजा गया. इधर जाम कर रहे आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन तत्काल दोनों मृतक के स्वजनों को बसवाले मुआवजा दें और अंतिम संस्कार के लिए व्यवस्था करे. टुंडी बीडीओ विशाल पाण्डेय का कहना है जो भी सरकारी मुआबजे का प्रावधान है मिलेगा.

पहले मृतक रुबिसन बास्की का एक पुत्र व तीन पुत्री है, जबकि दुसरे मृतक मिरुलाल का दो बच्चे हैं. दोनों ही मृतक मजदूरी का जीवन यापन करते थे. घटनास्थल पर जाम हटाने के लिए जिप सदस्य प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की,मुखिया जयनारायण मंडल,व थानेदार जाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं किन्तु ग्रामीण कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है. पिछले साढ़े तीन घंटे से टुंडी गिरिडीह मुख्य पथ जाम हैं.

पुलिस ने अक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर स्थिति को नियंत्रित कर घटना स्थल से शव को अपने कब्जे मंथ करने की कोशिश की. लेकिन लोग प्रशासन से मुआवजा देने की मांग करने लगे.

लोगों का कहना है की ज्यादा टिप मारने के चक्कर में चालक द्वारा तेज गति से हाइवा परिचालन करते हैं जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है. देर रात तक सड़क जाम लगा रहा.

### इगलदीप आउटसोर्सिंग कंपनी में नियोजन को लेकर भूख हड़ताल शुरू

**पुटकी।** इगलदीप आउटसोर्सिंग कंपनी में अपनी पत्नी एवं भाई को नियोजन की मांग को ले विकलांग एवं अरलगड़िया बस्ती के विस्थापित मनोज कुमार सिंह ने बुधवार को पीबी प्रोजेक्ट गेट के पास बैठ कर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल शुरू हुआ। मौके पर परिजनों नें मनोज कुमार सिंह को माला पहनाकर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठाया। मौके पर सिंह ने कहा कि पूर्व में इगलदीप पीबी आउटसोर्सिंग कम्पनी के जीएम समेत धनबाद सांसद, उपायुक्त व अन्य को ज्ञापन देकर अपनी पत्नी आरती देवी एवं भाई सरोज सिंह का ईगल दीप आउटसोर्सिंग कम्पनी में नौकरी देने का आग्राह किया था, परंतु प्रबंधन की ओर से पहल नहीं किया. उन्होंने कहा की आउटसोर्सिंग कंपनी पत्नी एवं भाई को नियोजन मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा. मौके पर शिवचरण सिंह,फुटुक चन्द्र महतो, अंजली सिंह, विक्रम सिंह, सोनू सिंह, प्रकाश महतो, सरोज महतो, भगवान सिंह, मनोहर बाउरी व अन्य थे.

### अलकडीहा पंचायत भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**झरिया।** बस्ताकोला क्षेत्र की ओर से अलकडीहा पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर बुधवार को लगाया गया. जांच शिविर का उद्घाटन बस्ताकोला क्षेत्र के महाप्रबंधक ए के सिंहा ने फीता काटकर उद्घाटन किया. इस मौके पर तीसरा क्षेत्रीय अस्पताल के चिकित्सा एवं कर्मी के साथ-साथ ग्रामीण मौजूद थे. जांच शिविर में 98 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई. जिसमें अधिकांश सर्दी, खांसी और बुखार से ग्रसित लोग पाए गए. सभी को जांच कर दवाइयां दी गई. शिक्षकों का कहना है कि ठंड अचानक बढ़ने से इस तरह की समस्या उत्पन्न हुई है. इस दौरान बस्ताकोला क्षेत्र के महाप्रबंधक एक के सिंहा ने कहा कि इस तरह का कैंप हर माह ग्रामीण क्षेत्र और कोलियरी क्षेत्र में लगाया जाएगा. ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित लाभ मिल सके. मौके पर बस्ताकोला क्षेत्र के महाप्रबंधक ए के सिंहा, एपीएम अभिषेक राय, कार्मिक प्रबंधक प्रशासन देवाशीष बाग, केओसीपी परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र सिंह,क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी शाश्वती पंडित, बरिय चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सौरभ आनंद, डॉक्टर अर्पिता कुमारी, अंजनी राय,प्यारेलाल चौहान, प्रनाथ झा शिव शंकर दास प्रकाश रजक के अलावे अलक डीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय दास आदि शामिल थे.

### केंद्रीय विद्यालय गोमो में वार्षिक खेल प्रतियोगिता

**गोमो।** केंद्रीय विद्यालय गोमो में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया. जिसमें कई प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने आप को अव्वल साबित करते हुए इंटर विद्यालय प्रतियोगिता के प्रबल दावेदार होने का मजबूत सबूत पेश किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीनियर डीईई हरि शंकर प्रसाद ने कहा विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई के साथ साथ खेल प्रतियोगिता में भाग लेने चाहिए, इससे उसकी प्रतिभा उभर कर सामने आती है.साथ ही शारिरीक व मानसिक का भी विकास होता है. खेल प्रतियोगिताओं में दौड,कबड्डी,ताइकांडो,रिले रेस, टग ऑफ वार आदि शामिल रहे. दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान नर्मदा हाउस के झकास कुमार और बालिका वर्ग में नर्मदा सदन की अंजली धारी ने हासिल किया. दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः यमुना कुमार और शुभम कुमार रहे. प्राचार्य विभूति भूषण पांडे ने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया.

### राजीव गांधी मेमरियल विद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव

**झरिया।** डिगवाडीह 12 स्थित राजीव गाँधी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा निर्देशित साप्ताहिक ₹भारतीय भाषा उत्सव₹ का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के सचिव सह निदेशक डॉ आर एन चौबे, प्रभारी प्राचार्य डॉ मुकेश तिवारी, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ निलेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर चौबे अपने प्रेषित संदेश में प्रशिक्षु शिक्षक-शिक्षिकाओं को शुभकामना दिया तथा दक्षिण भारतीय कवि स्व सुब्रह्मम् भारती को एक महान देशभक्त एवं महाकवि बताया. इस अवसर पर एम एड,बी एड एवम डी एल एड प्रशिक्षु शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया. भाषण प्रतियोगिता के बिंदु थे. भाषा एवं समुदाय,भाषा में सामंजस्य एवं प्रकृति,भाषा और साहित्य प्रतिच्छेद, मिश्रित भाषा और तकनीकी, डिजिटल युग में शब्द शक्ति, भाषण प्रतियोगिता में विजेताओं को निदेशक डॉ आर एन चौबे ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यालय प्रभारी शुभ्रछाया पांडे, इमरान हुसैन,शाहीन सहायक प्राध्यापक डॉ संतोष चौहान, अल्बिना कच्छप, संजुक्ता कुमारी, सत्य प्रकाश मिश्र, सिम्पल कुमारी, शबनम प्रवीण, पुस्तकालय प्रभारी सरोज सिन्हा, हरे राम ने महती योगदान दिया. कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक सत्य प्रकाश मिश्र, सिम्पल कुमारी ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर इंचार्ज डॉ निलेश कुमार सिंह ने किया.

### महाकवि सुब्रमण्यम भारती को किया नमन




**टुंडी।** डिग्री कॉलेज टुंडी, धनबाद के बिरसा मुंडा सभागार में भारत के महाकवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती (भारतियार) के जन्मदिवस के अवसर पर ₹भारतीय भाषा उत्सव₹ का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ इंद्रजीत कुमार की कार्यक्रम की अध्यक्षता की. प्राचार्य डॉ इंद्रजीत कुमार ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती को नमन करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि भाषा मानव के व्यक्तित्व, सभ्यता -संस्कृति और राष्ट्रीयता को प्रकट करती है. मातृभाषा से प्रेम और उसका सम्मान अवश्य करना चाहिए 1 प्रो अविनाश कुमार ने भारतियार के भाषा के क्षेत्र में उनके द्वारा किये ऐतिहासिक योगदान कि चर्चा करते हुए उन्हें उत्तर भारत और दक्षिण भारत को भाषाई आधार पर जोड़ने वाला सेतु बताया. प्रो मुकेश कुमार ने झारखण्ड के जनजातीय एवं स्थानीय भाषा के कवियों एवं लेखकों पर अपने विचार स्पष्ट किये ख़ासकर खोरठा भाषा के भीष्मपितामह कहे जानेवाले कवि श्री निवास पानूरी के रचनाओं पर प्रकाश डाला 1 डॉ प्रीतम कुमार, डॉ लक्ष्मी कुमारी ने भी छात्र -छात्राओं को सम्बोधित किया. इस कार्यक्रम का आयोजन और मंच संचालन हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रानी ने किया . इस अवसर पर महाविद्यालय में निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया . इस अवसर पर डॉ कुसुम रानी, डॉ राजेश रंजन सिन्हा, डॉ दीनबंधु मंडल, प्रो शालिनी डुंगडुंग, प्रो रौनक़ परवीन, रंजन मिश्रा, शुभम पाण्डेय, अमृत आनंद एवं सैकड़ों छात्र -छात्राएं उपस्थित हुए.

# अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ छापेमारी, 500 बोरा कोयला जब्त



संवाददाता। झरिया

सेठ कोठी जंगल के समीप अलकडीहा पुलिस द्वारा बुधवार की दोपहर में छापामारी की गई। इस दौरान लगभग 500 बोरा कोयला जप्त किया गया। छापामारी होते ही कोयले के धंधे में लगे लोग भाग निकले। इधर पुलिस छानबीन में जुट गई है। ओपी प्रभारी का कहना है कि किन के द्वारा कोयले का भंडारण किया जा रहा था, उनके विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल इतनी बड़ी मात्रा में कोयला पाए जाने से यह खुलासा हो चुका है कि क्षेत्र में कोयल चोरी धड़ले से हो रही है।

बताते हैं कि सेठ कोठी स्थित जंगल के समीप झाड़ियो में कोयला को छुपा कर रखा गया था।कोयले को रात में ट्रक के माध्यम से बाहर भेजने की योजना थी. लेकिन तब तक किसी ने अलकडीहा पुलिस को खबर कर दी. इसके बाद छापामारी हो गई. जानकारी के अनुसार कोयला चोरों द्वारा आसपास के परियोजना और साइडिंग से कोयला चोरी करके बाइक से लाते हैं. रात के समय ट्रक के माध्यम से बाहर भेजने का काम किया जाता है. कोयला चोर इतने निडर हो गए हैं कि दिनदहाड़े परियोजना और साइडिंग में घुसकर कोयला चोरी करने का काम करते हैं.

# ग्यारकुंड एवं कलियासोल में जल्द ही खुलेगा बालिका आवासीय विद्यालय : अरूप चटर्जी

- बालू तस्करों के खिलाफ सदन में उठाएंगे आवाज

राजकुमार महतो। निरसा



बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा देना बहुत ही जरूरी है. जब बच्चे शिक्षित होंगे तभी हमारा समाज शिक्षित होगा. समाज शिक्षित होगा तो बेरोजगारी स्वतः मिट जाएगी. ऐसे राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में विशेष ध्यान दे रही है. उक्त बातें शपथ ग्रहण के बाद निरसा पहुंचे भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी ने शुभम संदेश संवाददाता से एक विशेष भेंटवार्ता में कही. शपथ ग्रहण करने के बाद मैं और मेरे मित्र सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू रांची में सचिव शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं को रखा. साथ ही एग्यारकुंड एवं कलियासोल में बालिका आवासीय विद्यालय खोलने हेतु प्रस्ताव स्वीकृत के लिए वार्ता किए. साथ ही सचिव महिला एवं बाल विकास से मिलकर एग्यारकुण्ड एवं कलियासोल में सीडीपीओ के पद सृजन एवं मइयाँ सम्मान योजना में आ रही दिक्कतों के संबंध में बातचीत कर हल करने का निर्देश करने की बात कही. विधायक श्री चटर्जी ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास और आशा के साथ हमें अपना प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है. उस दिशा में कदम बढ़ा चुका हूं. एग्यारकुंड एवं कलियासोल में बालिका आवासीय विद्यालय खोलने की दिशा में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि अगले सेशन तक दोनों जगह आवासीय विद्यालय खुल जायेगा. पंडरा बेजरा नदी घाट से धड़ल्ले से हो रहे बालू तस्करी के संबंध में चटर्जी ने कहा कि मामला बहुत ही गंभीर है. 13 दिसंबर को नदी घाट का दौरा कर ग्रामीणों से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी लूंगा. तस्करी में शामिल लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेजकर दम लूंगा. जरूरत पड़ी तो इसके खिलाफ सदन में आवाज भी उठाया जायेगा. उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या का समाधान निकाला जायेगा.

# आपसी समन्वय बनाकर विकास कार्यों में तेजी लाएं: विशाल कुमार

संवाददाता। टुंडी



टुंडी प्रखंड कार्यालय में विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक बीडीओ विशाल कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई. बैठक में 17पंचायत के मुखिया मौजूद थे.

बैठक में बीडीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुखिया व पंचायत सचिव आपसी समन्वय व सहभागिता सुनिश्चित कर विकास योजनाओं के कार्यों को तेजी लाते हुए जल्द से जल्द पूरा करें. उन्होंने मनरेगा योजना कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि टुंडी जिले का कृषि बाहुल्य क्षेत्र है यहां मनरेगा कार्यों की अपार संभावनाएं हैं, इसलिए मनरेगा कार्यों को पूरा करें, जिससे कि नये कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर उसे धरातल पर उतारा जा सके. टुंडी बीडीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि मानव सृजन से ही टुंडी के मजदूरों को रोजगार का अवसर मिलेगा. इसके अलावे उन्होंने 15वें वित योजना की चर्चा करते हुए नाराजगी जताई. कहा कि सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा हो इसके लिए सभी लाभुकों से मिलकर उत्साह बढ़ाते हुए कार्य करें. उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार के तहत प्राप्त आवेदनों के कार्यों को लगातार निष्पादन किया जा रहा है. बैठक में टुंडी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह मुखिया इंद्रलाल बास्की, मुखिया प्रतिनिधि मनीष साव,मुखिया अजीमुद्दीन अंसारी,मुखिया विजय मंडल, मुखिया गरीबन बीबी, मुखिया जयनारायण मंडल, मुखिया मनसु रजक आदि मौजूद थे.

Page 5_Layout 1 12/11/2024 10:44 PM Page 1



## ब्रीफ खबरें

### नहाने गया युवक तालाब में डूबा, तलाश जारी

**गिरिडीह।** जिले के सरिया थाना क्षेत्र के बलीडीह गांव में नहाने के दौरान एक युवक तालाब में डूबने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है. स्थानीय लोगों के अनुसार युवक को तालाब से निकालने की कोशिश की गई लेकिन उसका पता नहीं चला है तालाब में डूबे युवक का नाम मोहित राणा बताया जा रहा है. मोहित सुभाष राणा का पुत्र है और कोडरमा जिले का रहने वाला है . इन दिनों वह अपने मामा के घर बलीडीह आया हुआ था . मंगलवार शाम में गांव के तालाब में नहाने गया था. घटना के बाद काफी संख्या में स्थानीय लोग जुटे. जानकारी मिलने के बाद एसडीएम संतोष गुप्ता, एसडीपीओ धनंजय राम के साथ सरिया थाना प्रभारी और बीडीओ भी तालाब पहुंचे. इस दौरान स्थानीय लोगों ने युवक को काफी ढूंढने की कोशिश की लेकिन युवक का कुछ नहीं पता चल सका. बताया गया कि बेरमो से एनडीआरएफ टीम को सूचना भेजी गई किसी भी समय टीम बुधवार को बलीडीह पहुंचेगी और डूबे युवक को निकालने की कोशिश करेगी. ग्रामीणों ने बताया कि मोहित गांव के तालाब में नहाने के दौरान तैरकर दूसरी ओर जाने की कोशिश कर रहा था. इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गया.

### विद्यालय प्रबंधन समिति गठन में विवाद, चुनाव प्रक्रिया स्थगित

**मधुपुर।** मधुपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटवा बाद में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के लिए आमसभा का आयोजन किया गया. यह सभा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी. सभा के दौरान ग्रामीणों के बीच सदस्यों के चयन को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया. बढ़ते विवाद को देखते हुए चुनाव प्रक्रिया को स्थगित करना पड़ा. संबंधित पदाधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रण में रखने और विवाद को सुलझाने के लिए सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है. प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का कहना है कि समिति गठन की प्रक्रिया को जल्द ही विवाद समाप्त होने के बाद पुनः आयोजित किया जाएगा, ताकि विद्यालय प्रशासन को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके.

### उमरा के लिए जत्था मधुपुर स्टेशन से हुआ रवाना

**मधुपुर।** दो महिलाओं सहित चार लोगों का जत्था हज-उमराह के लिए मधुपुर स्टेशन से गोड्डा-दिल्ली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हुआ. वहां से ये सभी जेद्दा के लिए प्रस्थान करेंगे. उमरा पर जाने वालों में देवीपुर थाना क्षेत्र के बरमुका गांव के मो. मंसूर आलम और उनकी पत्नी मेमुना खातून तथा जगमनिया गांव के मो. जेनुल और अमीना खातून शामिल हैं. स्टेशन पर विदाई के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी. सभी ने गले लगाकर, फूल-मालाएं पहनाकर, अपने वतन और परिवार की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी. विदाई का यह पल भावुक करने वाला था, जहां हर चेहरे पर खुशी और आशीर्वाद का भाव था. इस मौके पर फिरोज अंसारी, अशरफ अली, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद लुकमान, मो. जुल्फकार, मो. जुनैद, प्यार मोहम्मद, मोहम्मद आरिफ, नसीम अंसारी, शमीम अख्तर, मोहम्मद असलम और वसीम अख्तर सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे.

### डिजिटल लाइब्रेरी को समृद्ध बनाया जाएगा: डीसी

**गोड्डा।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर ने पुराना समाहरणालय स्थित बन रहे सिद्धों कान्हु डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए. निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने लाइब्रेरियन से पुस्तकालय के निर्माण में आ रही समस्याओं की जानकारी लिया. साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा एवं शैक्षणिक स्तर के पुस्तकों का कलेक्शन तैयार करने हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिए. उपायुक्त ने कहा कि पुस्तकालय में सभी प्रतियोगिता परीक्षा की पुस्तकों सहित अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी. पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध कराई जायेगी. जो किसी भी प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सहायक सिद्ध होगी. लाइब्रेरी में आने वाले छात्र-छात्राओं को वो सारी सुविधाएं प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें किसी भी स्तर की परीक्षाओं का सामना करने में सहायता मिल सके. मौके पर डीएमएफटी के टीम लीड अनिक कुमार सिंह, डीएमएफटी के प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रणव कुमार, डीएमएफटी के सिविल इंजीनियर अब्दुल्लाह प्रोजेक्ट ऑफिसर हेल्थ राहुल शर्मा सहित अन्य कर्मीगण मौजूद थे.

# तम्बाकू मुक्त युवा 2.0 को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान

**संवाददाता। देवघर**



राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत सिविल सर्जन, देवघर डॉ युगल किशोर चौधरी एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह एनसीडी नोडल पदाधिकारी, डॉ मनोज गुप्ता के निर्देशानुसार बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जियाखड़ा, सारवा, देवघर में तंबाकू निषेद्य पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है. इस कार्यक्रम में बच्चों को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा, श्वास संबधित बीमारी के बारे में चर्चा की गयी तथा इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे में भी बतलाया गया.

विद्यालयों के अंदर और बाहर दोनों स्थानों पर साकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए का प्रयास किया गया. साथ ही साथ कोटपा 2003 अधिनियम से संबंधित प्रावधनों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें बतलाया गया कि तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कोटपा-2003 के मुख्यतः चार धाराओं के बारे में विस्तार से बताया गया. कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को तंबाकू दुष्परिणाम के बारे में बड़े ही रोचक तरीके से समझाया गया, साथ ही साथ बच्चों के बीच तम्बाकू निषेद पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई. जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे राहुल कुमार, अन्नू कुमारी, मुश्कान कुमारी अन्य पांच को एनसीडी कोषांग, देवघर द्वारा पुरष्कृत किया गया. तंबाकू नहीं खाने की शपथ भी दिलाई गई. कार्यक्रम के अंत में बच्चों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई.

कार्यशाला में स्कूल के प्रचार्य संजय कुमार राम शिक्षकगण-एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी अभिमन्यू दांगी, विजय सिंह एवं अन्य शामिल थे.

# श्री सायुज्य क्रिया-योग महोत्सव में झारखंड से भाग लेंगे सैकड़ों साधक

## नववर्ष उत्सव पर दिल्ली में निखिल-शिष्यों का होगा विराट समागम

**संवाददाता। बोकारो**




परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी महाराज (डॉ. नारायण दत्त श्रीमाली जी) की दिव्य छत्र छाया में दिल्ली के पीतमपुरा स्थित आरोग्यधाम में अंतरराष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार (निखिल मंत्र विज्ञान) की ओर से दो-दिवसीय श्री सायुज्य क्रिया योग महोत्सव का आयोजन आगामी 28 और 29 दिसम्बर को होगा. नववर्ष के स्वागत में आयोजित इस शिविर में देश-विदेश से हजारों की संख्या में निखिल शिष्यों विराट समागम होगा. बोकारो, धनबाद, देवघर, रांची, गिरिडीह, जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड से सैकड़ों की संख्या में निखिल शिष्य उक्त शिविर में भाग लेंगे. साधकों को परमपूज्य गुरुदेव श्री नंदकिशोर श्रीमाली जी गुरु दीक्षा के साथ-साथ श्री सायुज्य क्रियायोग की विशेष शक्तिपात दीक्षा प्रदान करेंगे.

सिद्धाश्रम साधक परिवार, बोकारो के अध्यक्ष पीएन पांडेय एवं महासचिव विजय कुमार झा ने संयुक्त रूप से इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में झारखंड से अधिकाधिक साधकों की भागीदारी को लेकर सभी जिलों में निखिल मंत्र विज्ञान के कार्यकर्ताओं की बैठकें हो रही हैं और इसके लिए प्रचार-प्रसार किए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि दिल्ली के पीतमपुरा स्थित आरोग्यधाम में 28-29 दिसम्बर, 2024 को निखिल मंत्र विज्ञान एवं सिद्धाश्रम साधक परिवार के तत्वावधान में नववर्ष का उक्त विशेष उत्सव शिष्यों को नवीन प्रेरणा, नवीन चेतना और नवीन ऊर्जा प्रदान करने के लिए सम्पन्न किया जाता है. उक्त महोत्सव के माध्यम से पूज्य गुरुदेव अपने शिष्यों में आध्यात्मिक चेतना का संचार करेंगे, जो वर्तमान समय में हर मानव के लिए आवश्यक है. निखिल मंत्र विज्ञान के संयोजक डॉ. राम चैतन्य शास्त्री एवं मनोज भारद्वाज ने भी नववर्ष 2025 के आगमन से पूर्व आरोग्यधाम की पुण्य धरा पर आयोजित इस महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान सनातन धर्मियों व साधकों से किया है.

## तेनुघाट में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता दरबार आयोजित

# लाभुकों के बीच 5 करोड़ 69 लाख राशि वितरित

- प्राकृतिक आपदा के तहत चार आश्रितों को मिले 4-4 लाख

**संवाददाता। कथारा**



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को अतिथि भवन तेनुघाट में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आयोजन की शुरआत अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई. वहीं अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ के द्वारा जिला अपर समाहर्ता बोकारो मुमताज अंसारी को बुके और शॉल देकर सम्मानित किया गया. इस जनता दरबार में अबुआ आवास योजना, मंईयां सम्मान योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित कई स्टॉल लगाए गए थे. जहां बैठे हुए संबंधित अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने में लगे हुए थे. वहीं मेडिकल कैंप भी तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल के डा शंभू कुमार की अगुआई में लगाया गया था.

इस संबंध में जिले के अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं से व्यक्तिगत एवं सामूहिक लाभ से वंचित लोगों को सुगमता से योजनाओं का लाभ पंचायत एवं ग्राम स्तर पर दिलाने के लिए सार्थक रूप से प्रयास किया गया. इस अवसर पर गोमिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम केरी के राजेश कुमार, पलिहारी गुरूडीह के बाबूलाल नायक, गोसे के लालचंद बेसरा एवं हरदियामो के रामजी मांझी को प्राकृतिक आपदा के आश्रित को 4-4 लाख रुपए की राशि दी गई.

वहीं मनरेगा स्वीकृति के तहत पत्र/जाब कार्ड के लाभ को में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में शीला देवी, रोपनी देवी, गीता देवी, सर्वजन पेंशन योजना में लीला देवी, कलावती देवी, सुशीला देवी, जॉब कार्ड में रूपा देवी, सबिता देवी, निशा देवी, धर्मनाथ राम, मुर्गी शेड में हुसैन अकबर, अफसाना परवीन, सुअर शेड में गोपाल रविदास तथा गाय शेड में गुलफ़सा खातून को दिया गया.

पलाश विभाग की ओर से जनता दरबार में सामुदायिक निवेश राशि गोमिया के सुशीला देवी एवं लीलावती देवी को 4.57 करोड़, चक्रीय निधि में चंद्रपुरा के बॉबी कुमारी एवं रहिमा खातून को 28.50 लाख, सामुदायिक उद्यमिता निधि में कसमार की ललिता देवी एवं नावाडीह की रीना देवी को 35 लाख तथा बैंक लीकेज में पेटरवार की रेखा देवी एवं तेनुघाट की तबस्सुम आरा के बीच 24 लाख रुपए, इस तरह कुल पांच करोड़ उनहतर लाख पचास हजार रुपए की राशि का वितरण किया गया.

### डायट संकाय सदस्यों ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**कसमार (बोकारो)।** कसमार स्थित पीएम श्री एसएस प्लस उच्च विद्यालय का निरीक्षण करने बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिण्ड्राजोरा के संकाय सदस्य डॉ सुषमा रानी, अमरेन्द्र वैद्य एवं मटिल्डा सोरेन की त्रिस्तरीय टीम पहुंची. निरीक्षण के दौरान उन्होंने वर्ग कक्ष, विद्यालय परिसर, कोरिडोर, आईटी रूम, पुस्तकालय, ईको क्लब गार्डेन, शिक्षक कक्ष, हाउस नोटिस बोर्ड, एमडीएम भोजनालय आदि का गंभीरता पूर्वक अवलोकन किया. इस दौरान सदस्यों ने व्यवस्था की सराहना की. उन्होंने पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय, कसमार को जिले के बेहतरीन विद्यालयों में से एक बताया. संकाय सदस्यों ने कहा कि यह विद्यालय राज्य स्तर पर भी और ऊंची पहचान बनाने में सक्षम है. उन्होंने ईको क्लब द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की एवं बगीचे में पौधरोपण भी किया. संकाय सदस्यों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों एवं बाल संसद सदस्यों को संबोधित करते हुए हाउस नोटिस बोर्ड, वर्ग कक्ष सूचना पट्ट, पुस्तकालय, छात्र उपस्थिति एवं आगंतुक रजिस्टर आदि का और बेहतर तरीके से संचालन करने पर बल दिया. मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ अवनीश कुमार झा, ईको क्लब के नोडल शिक्षक महाकांत झा, अशोक कुमार रजवार, सुजाता कुमारी, जितेन्द्र कुमार सिंह, खुर्शीद रजा, अमित कुमार, सुभय कुमार चक्रवर्ती, नजरूल इस्लाम, रिजवान अहमद, त्रिभुवन नाथ पांडेय, रिशु कुमार, सन्नी शरण, सुभाष चन्द्र ठाकुर, नितेश कुमार प्रजापति, कुमार राजेश, अब्दुस सलाम, दिनेश कुमार महतो, रोहित कुमार महतो, पलक मुखर्जी, रिया कुमारी, गौतम कुमार आदि उपस्थित थे.

### युवा लायंस फोर्स ने निकाली आभार यात्रा

**बोकारो।** युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा द्वारा अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर आभार यात्रा निकाला गया. यह यात्रा तलगड़िया मोड़ से शुरू होकर जामगोडिया, बाधाडिह, बोदरो, पारटांड, मुधुनिया, मालखुटा, कारीटांड, बांशा, बांधडीह, उसरडीह होते हुए बिजुलिया मोड स्थित विनोद बिहारी महतो चौक पर विनोद बाबू के प्रतिमा पर मालार्पण कर समाप्त किया गया. बिजुलिया मोड़ में सभा को संबोधित करते हुए देव शर्मा ने कहा कि युवा लायंस फोर्स द्वारा चुनाव के समय जनसंपर्क के दौरान हमने लोगों से वादा किया था कि अगर झारखंड में गठबंधन की सरकार बनेगी तो हम फिर इसी तरह आभार यात्रा निकाल कर आपके समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का काम करेंगे. शर्मा ने कहा कि यात्रा के दौरान सभी गांवों में विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए. जिसमें मुख्य रूप से तालगढ़िया रोड को फोर लेन बनाना, रोडवासियों को धूल की समस्या से निदान हेतु रोड किनारे सुबह-शाम पानी का छिड़काव, लाइट की व्यवस्था, पर्वतपुर कोल ब्लॉक को जल्द से जल्द चालू कराना, जाम की समस्या को लेकर नो एंट्री लागू कराना जैसे समस्या शामिल है. देव शर्मा ने सभी समस्याओं को सुनकर जल्द ही बोकारो उपायुक्त, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम का ज्ञापन सौंपकर सभी समस्याओं का निदान कराने का आश्वासन दिया. मौके पर युवा लायंस फोर्स के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### भारतीय भाषाओं का महत्व व संरक्षण विषय पर सेमिनार

**कथारा।** केबी कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव के अवसर पर हिंदी, बंगाली और आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय भाषाओं का महत्व एवं संरक्षण विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया. आयोजन प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलित करके शुरू किया गया. प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि भारतीय भाषाओं को बढ़ावा व संरक्षण देने हेतु भारतीय भाषा उत्सव 11 दिसंबर को मनाया जाता है. भाषा के माध्यम से हम दूसरी संस्कृतियों को भी समझ सकते हैं. प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा कि भारतीय भाषा के माध्यम से साहित्य, शिल्प, प्रदर्शन कला, लिपियों के विभिन्न रूपों और रचनात्मक की अन्य विधाओं को अच्छी तरह समझा जा सकता है. इस सेमिनार के साथ-साथ छात्राओं से पोस्टर, कविता पाठ, भाषण, गीत आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कॉलेज के सभी विभागों के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों, छात्र छात्राओं की गणमान्य उपस्थिति रही.

### पूर्व उप प्रमुख ने किया होटल का उदघाटन

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड की पूर्व उप प्रमुख सह टांगटोना पंचायत समिति सदस्य ज्योत्सना झा ने बुधवार को प्रखंड के बगियारी चौक में बजरंग होटल नमक एक होटल का उद्घाटन फीता काट कर किया. मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुलने से लोगों को सहूलियत होगी. मौके पर श्यामल कुमार झा, होटल के प्रोपराइटर सरोज साव, लालू झा, इब्राहिम अंसारी, अली इमाम अंसारी, प्रमोद गोसाई, सुरेश गोसाई आदि मौजूद थे.

# अधिवक्ता सुभाष चन्द्र महतो की ब्रेन हेमरेज से मौत, शोक

**संवाददाता। तलगडिया**



चंदनकियारी प्रखण्ड साबडा पंचायत स्थित गांव आसनबनी झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो संस्थापक सदस्य दुर्गा चरण महतो के पुत्र अधिवक्ता सुभाष चन्द्र महतो 49 वर्ष की ब्रेन हेमरेज से बोकारो जेनरल अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया. निधन होने से उसके पैतृक गांव आसनबनी में शोक की लहर है. दुःखद खबर सुनकर बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व महासचिव अधिवक्ता मृत्युंजय श्रीवास्तव, अधिवक्ता जगत चन्द्र महतो, गोविन्द नारायण सिंह, सुधीर सिंह, पंकज दरद, विनोद सिंह, भागीरथ महतो, आलोक कुमार महतो, नवल किशोर महतो, करम चांद महतो, सुनिल प्रसाद, लालटू महतो, हरिवंश नारायण पोद्दार, अशोक महतो, आर पी मिश्रा, विजय झा, नरेश महतो, बिहारी महतो, सृष्टिधर सिंह, अरविन्द कुमार, बिनोद गुड़िया, गुरु चरण रजवार, सोमनाथ शेखर, चंदनकियारी पुर्व प्रत्याशी समाज सेवी जगन्नाथ राजवार,एस सी लायक, कृष्णा महतो, रामेश्वर बेसरा, मनोज महतो, बिरेंद्र प्रसाद महतो, शिवनाथ महतो, दिनेश प्रसाद शर्मा, समाज सेवी परमेस्वर दास वैष्णव,सचिन महतो, रंजीत गिरी, प्रदीप झा, नवीन कुमार, अमरेन्द्र कुमार, नितरन भेंगरा, आलोक कुमार महतो, जगन्नाथ रजवार के अलावे सैकड़ों समाजसेवी महिला पुरुष, पत्रकार, नोताओं ने शामिल होकर अंतिम विदाई दी. अंतिम संस्कार आसनबनी के इजरी नदी तट में किया गया. इनके पुत्र बलराम महतो 21 वर्ष, कृष्ण कुमार महतो 19 व पुत्री किरण कुमारी है.

## सदर अस्पताल में विश्व एड्स दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

# दूषित रक्ताधान से एचआईवी एड्स होता है : डॉ पीके शर्मा

**संवाददाता। देवघर**



विश्व एड्स दिवस 2024 के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सदर अस्पताल के सभागार में डालसा सचिव मयंक टोपनो, प्रभारी सिविल सर्जन सह प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी के शर्मा जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर संचयन जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ एम के गुप्ता, जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ अजय यादव, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ प्रभात रंजन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रजनन करके किया गया.

इस अवसर पर डॉ पीके शर्मा द्वारा बताया गया कि एचआईवी एड्स बीमारी असुरक्षित यौन संबंध एक प्रमुख कारण है. दूषित रक्ताधान से एचआईवी एड्स होता है. सदर अस्पताल में एड्स जांच मुफ्त किया जाता है. डालसा सचिव मयंक टोपनो द्वारा बताया गया कि एड्स मरीजों के साथ छुआछूत की भावना रखना अपराध की श्रेणी में आता है.

झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति रांची के संतोष कुमार ने कहा कि एड्स के चार कारण होते हैं, जिसमें असुरक्षित यौन संबंध दूषित रक्त का प्रयोग, संक्रमित सुई का उपयोग नहीं करना चाहिए. इस अवसर पर किन्नर समाज की मुखिया रोज मौसी को एचआईवी एड्स जागरुकता अभियान के लिए शॉल देकर सम्मानित किया गया. एआरटी सेंटर में कार्यरत कर्मचारियों को एचआईवी एड्स में कार्यक्रम कार्य करने के लिए के लिए सम्मानित किया गया.

इस अवसर पर डॉ रवि रंजन डॉक्टर शरद, जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण कुमार सिंह, एसटीटी राजेश राय, सुधांशू पाण्डेय, एएनएमटीसी से दिव्या ज्योति बीटीटी शंकर दयाल, कासिम अंसारी, शीला देवी, लखन लाल सिंह, राजन हजरा, सदर अस्पताल काउंसलर अंजन कुमार, लैब टेक्नीशियन बबलू दास, प्रभात कुमार आदि उपस्थित थे.

# संत जेवियर्स हिंदी मीडियम में वार्षिक खेल दिवस

## 42 विभिन्न प्रकार के खेल कार्यक्रम में छात्र हुए शामिल

**संवाददाता। बोकारो**



बुधवार को संत जेवियर्स विद्यालय, बोकारो इस्पात नगर के हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया. आयोजन के मुख्य अतिथि विद्यायल के प्रधानाचार्य फॉदर अरुण मिंज, एस. जे. एवं सफल उद्योगपति प्रदीप खेड़िया विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे.

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट के साथ किया. जिसमें फॉदर अरुण एवं प्रदीप खेड़िया ने सलामी ली. तत्पश्चात् कप्तान एवं उपकप्तान ने मशाल दौड़ की शुरुआत की. जिसमें विभिन्न हाउसों के कप्तान भी शामिल हुए. विद्यार्थियों के लिए कुल 42 विभिन्न प्रकार के खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. जिसकी शुरुआत विशिष्ठ अतिथि के सिटी बजाने से हुआ. 'अ' खंड लड़कों में 100 मीटर दौड़ में रौशन कुमार को स्वर्ण पदक एवं लड़कियों में खुशी कुमारी को स्वर्ण पदक मिला. वहीं मास ड्रिल और मार्च पास्ट में ब्रिटो हाउस चैम्पियन बनकर उभरा. साथ-ही ब्रिटो हाउस ने ही खेल दिवस का चैम्पियनशिप का भी खिताब उठाया.

सोशल सर्विस स्कूल की उपप्रधानाध्यापिका सिस्टर जेन्सी ने लड़कों में 'अ' खंड के प्रेम कुमार और खुशी कुमारी को चैम्पियन खिलाड़ी का पुरस्कार से नवाजा. 'ब' खंड के आशीष और रचना को भी सर्वश्रेष्ठ चैम्पियन खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. मुख्य अतिथि फॉदर अरुण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुआ कहा कि विद्यार्थियों को खेल एवं पढ़ाई साथ ले कर आगे बढ़ना चाहिए एवं उन्होंने मौजूद अभिभावकों का भी धन्यवाद दिया.

विशिष्ठ अतिथि प्रदीप खेड़िया ने फॉदर अरुण को शुक्रिया अदा करते हुआ कहा कि यहां मौजूद हर एक विद्यार्थी देश का उभरता हुआ सितारा है. साथ-ही उन्होंने बच्चों को अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद में भी अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया. वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती किरण ने धन्यवाद प्रस्ताव में सोशल सर्विस स्कूल के सभी शिक्षकवृंद, खेलकूद शिक्षक शशि एवं सुश्री अमृत लता के साथ साथ पूरे विद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद किया. जिनकी वजह से इतना भव्य आयोजन हो पाया. मौके पर प्लस टू एवं हाई स्कूल के उप-प्राचार्य के साथ कुछ विदेशी मेहमान भी मौजूद रहे. कार्यकम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ.

# विद्युत सर्किल कार्यालय में राजस्व को लेकर समीक्षा बैठक

**संवाददाता। साहेबगंज**



बुधवार को विद्युत सर्किल कार्यालय में दुमका विद्युत आपूर्ति क्षेत्र महाप्रबंधक राकेश प्रसाद के नेतृत्व में एक बैठक बुलाई गई थी. जिसमें दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विद्युत विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय में समीक्षा बैठक की और चल रहे योजना आरडीएसएस, मुजे, पीएम जुगा योजना, स्कीम में चल रहे कामों के बारे में जानकारी हासिल की. जिसमें कार्य कर रहे एजेंसियों को बुलाकर छुटे हुए टोला ग्रामीण शहर चल रहे कार्यों को निर्धारित समय के पूर्व में काम करने का निर्देशित किया. साथ ही ग्रामीण में शहरी क्षेत्र में अधिक आबादी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर जल्द से जल्द कामों को निपटारा करने को कहा गया. उन्होंने कहा कि यह सभी कामों को दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि जिस गांव मोहल्ले में बिजली लाइन का पोल एवं तार जर्जर स्थिति में है तो उसे इस स्कीम के तहत जल्द से जल्द दुरूस्त कर लिया जाएगा. इस बैठक में मौजूद विद्युत आपूर्ति क्षेत्र दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विशेष कर राजस्व को लेकर विद्युत विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता कनीय अभियंता के साथ विभिन्न योजनाओं में चल रहे कार्यों की समीक्षा के बारे में विशेष कर राजस्व, बिलिंग आदि की उगाई पर पूरा ज्यादा ध्यान देने को कहा. बैठक में मौजूद सब डिविजन कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी, कार्यपालक अभियंता एमआरटी नीतीश कुमार, तकनीकी कार्यपालक अभियंता सत्यनारायण पात्र, कार्यपालक अभियंता भंडार कुणाल कुमार, सहायक अभियंता सत्यदेव कुमार, पाकुड़ कार्यपालक अभियंता शैलेन्द्र बेसरा, कनीय अभियंता नीलगगन, दीपक कुमार सिंह, आशीष कुमार पटेल, विदेश मांझी, बीजू विष्णु पूर्ति, सुरेन्द्र प्रसाद मुर्मू, जेई ज्ञान चंद्र, चंद्रन कुमार, लेखा पदाधिकारी मनीष कुमार पाठक, विद्युत डिविजन लेखा सहायक सौरभ जैन और अन्य लोग मौजूद थे.

▼ ब्रीफ खबरें

### नाबालिग से दुराचार के प्रयास के आरोपी को तीन वर्ष की कैद

**धनबाद।** नाबालिग लड़की के साथ गलत हरकत करने के मामले में बुधवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने फैसला सुनाया. अदालत ने मधुबन सिद्धपोकी निवासी रोहित कुमार नोनिया को बीएनएस की धारा 457 व पोक्सो एक्ट की धारा 8 में दोषी पाकर तीन तीन वर्ष की कैद व दस दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई. दोनों सजा एक साथ चलेंगी. अभियोजन का संचालन अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने किया. 9 जून 2024 को पीड़िता के पिता की शिकायत पर मधुबन (खरखरी) थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 7 जून 2024 की रात करीब 11:00 बजे आरोपी रोहित कुमार नोनिया ने पीड़िता के घर में दीवार फांद कर घुस गया और उसे पकड़ कर शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने लगा. जब पीड़िता ने शोर मचाने लगी तो आरोपी उसके पिता को जान मारने की धमकी देते हुए भाग गया. पुलिस ने अनुसंधान के उपरांत 17 जुलाई 2024 को आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र समर्पित किया था. अदालत ने आरोपी के विरुद्ध आरोप गठित कर केस का विचारण शुरू किया. केस विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने सात गवाहों का मुख्य परीक्षण कराया.

### आरपीएफ ने पकड़ा शराब भरा बैग

**धनबाद।** धनबाद स्टेशन पर मंगलवार की देर रात शराब से भरी एक पिट्ठू बैग जब्त की गई है. आरपीएफ की टीम ने प्लेटफार्म नंबर पांच पर पेट्रोलिंग के दौरान बैग को लावारिश अवस्था में पाया. बैग की जांच हुई तो उसमें अंग्रेजी शराब की 180 एमएल की 39 बोतलें मिलीं. कुछ मिला कर 7020 एमएल शराब जब्त की गई है. माना जा रहा है कि कोई शराब वाली बैग बिहार ले जाने के फिराक में था. आरपीएफ धनबाद पोस्ट के इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने बताया कि एएसआई सत्येंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई में पेट्रोलिंग टीम प्लेटफार्म नंबर पांच पर जांच कर रही थी. जांच के दौरान डायमंड क्रासिंग की तरफ वाली छोर पर नीले रंग की बैग मिली. पूछने पर किसी ने बैग पर अपना दावा नहीं किया. संदेह होने पर बैग की वीडियोग्राफी करते हुए तलाशी ली गई तो बैग में शराब की बोतलें दिखीं.

## सांसद ढुलू ने की सदन में देश की बड़ी उपलब्धियों पर चर्चा



संवाददाता। धनबाद

धनबाद से सांसद ढुलू महतो ने संसद में भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों और उनकी संभावनाओं पर गहनता से चर्चा की. उन्होंने अंतरिक्ष विभाग से भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और अंतरिक्ष दृष्टिकोण 2047 से संबंधित सवाल पूछकर यह स्पष्ट कर दिया कि वे अपने क्षेत्र और देश के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं. महतो ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) की स्थापना की प्रगति और महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर जानकारी मांगी. इसके जवाब में सरकार ने बताया कि 2035 तक एक प्रचालनात्मक भारतीय अंतरिक्ष केंद्र और 2040 तक मानवयुक्त चंद्र मिशन स्थापित करने की योजना है. यह केंद्र विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि, और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में शोध का एक बहुआयामी केंद्र होगा. 2028 तक भारतीय अंतरिक्ष केंद्र का पहला मॉड्यूल स्थापित किया जाएगा. चंद्रयान-4 के माध्यम से 2027 तक चंद्रमा की सतह से नमूने लाने का प्रयास होगा. 2028 तक शुक्र कक्षीय मिशन लॉन्च किया जाएगा. सांसद ढुलू महतो ने कहा, यह गर्व की बात है कि भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़े लक्ष्य तय कर रहा है. यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं संसद में जनता की आवाज बनकर इन महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर रहा हूं. महतो की इस पहल को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है.

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता

**तोपचांची।** बुधवार को गोमो स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरीय मंडल विद्युत अभियंता हरिवंश प्रसाद मौजूद थे. उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो बच्चों में नकारात्मकता को दूर करता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है. विभिन्न प्रकार की आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में ताइकांडो, दौड़, कबड्डी, रिले रेस, टग ऑफ वार आदि शामिल थीं. इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों को खूब मनोरंजन किया. **प्रतियोगिता के परिणाम :** दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में नर्मदा हाउस के झकास कुमार और बालिका वर्ग में नर्मदा सदन की अंजली धारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमशः यमुना कुमार और शुभम कुमार रहे. प्रतियोगिता समाप्ति के पश्चात प्राचार्य विभूति भूषण पांडे ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया और बच्चों को संबोधन किया.

## एससी-एसटी एमएसएमई उद्यमियों को प्रमोट करेगी कोल इंडिया

संवाददाता। धनबाद

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के एमएसएमई उद्यमियों को कोल इंडिया प्रमोट करेगी. कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियां एससी/एसटी उद्यमियों से खरीद में तरजीह देगी. कोल इंडिया की ओर से मुख्यालय कोलकाता में आयोजित विक्रेता विकास कार्यक्रम में इस बात का संकेत प्रबंधन की ओर से दिया गया. कोल इंडिया कॉर्पोरेट कार्यालय में एनएसएसएचओ, कोलकाता के सहयोग से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के लिए विक्रेता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के दौरान कोल इंडिया चेयरमेन पी एम प्रसाद, मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी और एनएसएसएचओ, कोलकाता की प्रभारी मृगांका सरकार उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हमारे चेयरमेन पीएम प्रसाद ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति के लाभों और वस्तुओं के लिए कोल इंडिया के खरीद मैनुअल और सेवाओं के लिए अनुबंध प्रबंधन मैनुअल में उल्लिखित प्रासंगिक प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान करके एससी/एसटी उद्यमियों के स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को सशक्त बनाना है. एमएम डिवीजन और एनएसएसएचओ, कोलकाता द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया. भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से एससी और एसटी एमएसई के लिए दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं और लाभों पर प्रकाश डाला गया.

## नौ मृत सहियाओं के परिजनों को मिलेगा आर्थिक लाभ

**धनबाद ।** अलग-अलग कारणों से मृत नौ सहियाओं के परिजनों को स्वास्थ्य विभाग आर्थिक सहयोग देगा. मृत सहियाओं की सूची तैयार कर ली है. इसमें बाघमारा की सहिया हेमांगी देवी, निरसा की अर्चाना बाउरी, बेबी सूत्रधर, उषा महतो और रेखा मंडल है। धनबाद की सहिया पुष्पा सिन्हा व ममता देवी, झरिया की रेणु देवी समेत एक अन्य सहिया अनिता देवी शामिल हैं। इन सभी की मौत अलग अलग कारणों से हो गई थी. इनके परिजनों को कॉर्पस फंड से सहयोग राशि प्रदान की जाएगी. बता दें कि जिला में कार्यरत सहियाओं की मौत पर उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता था. झारखंड राज्य जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने इसकी मांग उठाई थी. यूनियत नेता संजुत कुमार सहाय ने कॉर्पस फंड से सहयोग देने की मांग करते हुए चेतावनी दे थी कि ऐसा नहीं होने पर संघ आंदोलन को बाध्य हो जाएगा.

### अतिक्रमण : डोर टू डोर अपील करेगा निगम

**कतरास।** धनबाद नगर आयुक्त के निदेश पर कतरास शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर लगी है. बुधवार को नगर निगम कतरास अंचल के सुपरवाइजर लाल कमल महतो एवं विक्की कुमार के अगुवाई में निगम के तीन दर्जन से अधिक कर्मचारियों वार्ड संख्या दो एवं तीन के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर डोर टू डोर जाकर दुकानदारों को नाली के ऊपर में जो अवैध निर्माण एवं लोहे का एंगल और शेड को स्वयं से हटाने का निर्देश दिया गया.

## अब किन्नर, पूर्व सैनिक व शिक्षक भी करेंगे डालसा के लिए काम

संवाददाता। धनबाद

समाज के हर तबके तक कानूनी जागरूकता फैलाने, सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलवाने में मदद करने के लिए किन्नर,पूर्व सैनिक,पूर्व शिक्षक भी डालसा के लिए काम करेंगे. झालसा के निर्देश पर समाज के हर तपके से जुड़े ऐसे दस लोगों को पीएलवी नियुक्त किया गया है। झालसा के निर्देश पर दस नए पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति के बाद बुधवार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी व अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने किया. इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि आम लोगों को सस्ता, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्रदान करने की दिशा में अनेक सार्थक प्रयास किए गए हैं, इसी क्रम में विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से विभिन्न इलाकों में पैरा लीगल वालंटियर की नियुक्ति की गई है. अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) राकेश रोशन ने बताया कि झालसा के निर्देश पर अबकी बार समाज के हर तबके से डालसा के प्रतिनिधि के रूप मे पैरा लीगल वालंटियर की नियुक्ति की गई है जिसमे किन्नर समुदाय से श्वेता किन्नर,शिवानी किन्नर, अशोक कुमार सिंह रिटायर्ड आर्मी मैन , डॉ रुद्र नारायण दे , डॉ प्राण मोहन , शिक्षक वर्ग से उदय राम , संतोष कुमार , अजहरुद्दीन अंसारी , राजेश कुमार सिन्हा और संुबुल केशर शामिल हैं जो ट्रेनिंग के बाद डालसा के प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगे. नवनियुक्त पीएलवी श्वेता किन्नर व शिवानी किन्नर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज डालसा के साथ जुड़कर वह गौरवान्वित महसूस कर रही है न्यायपालिका ने आज उन्हें इस काबिल समझा और उन्हें सम्मान दिया.

## उपभोक्ताओं को 3 से 6 माह के अंदर न्याय मिले : बसंत गोस्वामी

- राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष ने किया धनबाद उपभोक्ता फोरम का निरीक्षण



संवाददाता। धनबाद

झारखंड के उपभोक्ता फोरम अब हाईटेक हो जाएगा. देश के किसी कोने से अधिवक्ता अब राज्य के किसी भी उपभोक्ता फोरम में अपने मामलों की सुनवाई, फीलिंग या न्यायिक प्रक्रिया में ऑनलाइन भाग ले सकते हैं. राज्य के उपभोक्ता फार्मो को इंटरनेट एवं टेलीफोन के माध्यम से हाईटेक कर दिया गया है. यह जानकारी बुधवार को राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनबाद बसंत कुमार गोस्वामी ने दी. अध्यक्ष गोस्वामी राज्य के उपभोक्ता फोरम का निरीक्षण के दौरान बुधवार को धनबाद उपभोक्ता फोरम का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। राज्य उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष गोस्वामी ने बताया कि नैसर्गिक न्याय ही उनका उद्देश्य है सीपीसी एवं साक्ष्य अधिनियम से हुए बंधे हुए नहीं है. उपभोक्ताओं को तीन से 6 माह के अंदर न्याय मिले यह उनकी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि राज्य के सभी उपभोक्ता फोरम में सारी हाईटेक व्यवस्था कर दी गई है. अब कहीं से कोई अधिवक्ता अपने मामलों की सुनवाई एवं मुकदमे का संचालन कर सकते हैं. साथ ही ऑनलाइन साक्ष्य भी प्रस्तुत कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि धनबाद बार एसोसिएशन द्वारा जगह की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिस पर वह जल्द कार्रवाई करेंगे. धनबाद उपभोक्ता फॉर्म के बगल में खाली जमीन पर फार्म का विस्तार किया जाएगा या उपयुक्त कार्यालय में उसे स्थानांतरित की जाए, इस संबंध में सरकार से वार्ता करने के बाद निर्णय लिया जाएगा. निरीक्षण के दौरान गोस्वामी धनबाद बार एसोसिएशन भी पहुंचे. जहां अधिवक्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. इस अवसर पर झारखंड स्टेट बर काउंसिल के को-चेयरमैन राधे श्याम गोस्वामी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय, महासचिव जितेंद्र कुमार के अलावा सैंकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे.

## एसडीएम ने किया ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन



संवाददाता। धनबाद

सामाजिक संस्था भारतीय एकता शेर सेना अपने 7वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को धनबाद के रणधीर बर्मा चौक स्थित धरना स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया. शिविर का उद्घाटन धनबाद एसडीएम राजेश कुमार ने किया. संस्था के संस्थापक रंजन गुप्ता ने मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. मौक़े पर एसडीएम के साथ मजिस्ट्रेट नारायण राम एवं रविंद्रनाथ ठाकुर उपस्थित हुए.शिविर के माध्यम से एसडीएम राजेश कुमार ने लोगों से स्वेच्छा पूर्वक शिविर में आकर ब्लड डोनेट करने की अपील की. वहीं रंजन गुप्ता ने बताया कि 20 से 25 यूनिट ब्लड संग्रह का लक्ष्य रखा गया है. रक्तदान करके हम किसी जरूरतमंद की जान बचा सकते हैं. उन्होंने बताया एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक के सहयोग से लगाए गए इस शिविर से प्राप्त ब्लड एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक में जमा कराया जायेगा.



## दिल्ली पुलिस का अधिकारी बनकर 66 लाख की ठगी

- धोखाधड़ी करने वाले दो गिरफ्तार
- दोनों आरोपित मुंबई के निवासी

संवाददाता। कोलकाता



दिल्ली पुलिस के साइबर अपराध शाखा के अधिकारी बनकर कोलकाता की एक युवती से 66 लाख 26 हजार रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है. इस मामले में पुलिस ने सियालदह के एक होटल से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपितों के नाम धनजी जगन्नाथ शिंदे और विनोद कोनदिबा पवार हैं. दोनों आरोपित मुंबई के निवासी हैं. करीब एक महीने पहले युवती को फोन कर आरोपितों ने खुद को दिल्ली पुलिस के साइबर अपराध शाखा का अधिकारी बताया. उन्होंने युवती को डराया कि उसके खिलाफ कई गंभीर शिकायतें दर्ज हैं. इन शिकायतों को सुलझाने के लिए 66 लाख 26 हजार रुपये की मांग की. गिरफ्तारी के डर से युवती ने उनकी बातों में आकर यह राशि ट्रांसफर कर दी. जब युवती को ठगी का अहसास हुआ, तो उसने चारु मार्केट थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और पाया कि युवती के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं था. इसके बाद पुलिस ने सियालदह के एक होटल में छापेमारी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया. आरोपितों के पास से तीन मोबाइल, एक सिम कार्ड, और बैंक के कुछ दस्तावेज जब्त किए गए हैं. पुलिस ने पता लगाया कि ठगी की रकम धनजी के बैंक खाते में जमा की गई थी. विनोद इस पूरे षड्यंत्र में उसका सहयोगी था.

### साइबर अपराध से बचने की अपील

बुधवार को पुलिस ने इस घटना के बाद आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है. संदेहास्पद फोन कॉल्स के मामले में तुरंत पुलिस को सूचना देने की सलाह दी गई है. दरअसल साइबर अपराधी कभी पुलिस अधिकारी बनकर, कभी ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग या कस्टम विभाग का अधिकारी बनकर लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं. इन अपराधियों का तरीका 'डिजिटल गिरफ्तारी' का भय दिखाकर पैसे वसूलने का होता है. पुलिस और जांच एजेंसियां इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए लगातार प्रचार कर रही हैं और बता रही हैं कि 'डिजिटल गिरफ्तारी' जैसी कोई चीज़ नहीं होती. इस घटना ने यह साफ कर दिया है कि साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं. ऐसे में सतर्कता और जागरूकता ही इन अपराधों से बचने का उपाय है.

## जलाशय में ट्रैक्टर पलटने से दो की मौत

- मरने वालों में अल अमीन हुसैन और मोफीकुल हुसैन

संवाददाता। दक्षिण दिनाजपुर




दक्षिण दिनाजपुर जिले के गंगारामपुर थाना अंतर्गत चलुन ग्राम पंचायत के जामडांगी मोड़ इलाके में मंगलवार रात हुई सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर की मरम्मत कराकर घर लौटने के दौरान कोहरे के कारण जलाशय में ट्रैक्टर पलटने से यह दुर्घटना हुई. गंगारामपुर पुलिस घटना की जांच कर रही है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दोनों मृत युवकों के नाम अल अमीन हुसैन (18) और मोफीकुल हुसैन (14) हैं. स्थानीय निवासियों ने बताया कि उनका ट्रैक्टर खराब हो गया था. इसलिए वे उसे ठीक कराने के लिए गंगारामपुर गए थे और घर लौट रहे थे. घर लौटने के क्रम में गंगारामपुर थाना अंतर्गत जामडांगी मोड़ पर कोहरे के कारण जलाशय में ट्रैक्टर पलट गया. घटना के बाद काफी कोशिशों के बाद भी स्थानीय निवासी दोनों युवकों को नहीं बचा सके. इसके बाद जेसीबी लाकर ट्रैक्टर को हटाया गया. इस संबंध में स्थानीय निवासी अरमान अली ने बताया कि ट्रैक्टर खराब हो जाने के कारण वे उसे ठीक कराने के लिए गंगारामपुर आये थे. घर लौटते समय कोहरा अधिक होने के कारण जलाशय के पास रास्ता न देख पाने के कारण ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया. इसके नीचे दबकर दो युवकों की मौत हो गई.

### घर से बरामद हुआ भाभी और देवर का लटकता शव



**पश्चिम मेदिनीपुर।** मेदिनीपुर शहर में कोतवाली थानांतर्गत खासजंगल फरीडांगा इलाके के एक मकान से बुधवार को एक महिला और उसके पड़ोसी देवर का लटकता हुआ शव बरामद किया गया.
पुलिस प्रारंभिक तौर पर मान रही है कि दोनों ने आत्महत्या की है. इस घटना को लेकर सुबह से ही इलाके में तनाव का माहौल है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतकों की पहचान नियति मांडी (23) और समर मांडी के रूप में हुई है. नियति के पति बिजनेस के सिलसिले में बाहर गये हुए हैं. वह एक बच्चे के साथ घर पर रहती थी. समर का घर पड़ोस में ही है. बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने नियति के घर से दो लोगों के लटकते शव बरामद किये. स्थानीय लोगों ने बताया कि नियति के पति झंटू मांडी कारोबार के सिलसिले में भिन्न राज्य में रहते हैं. झंटू और नियति की शादी कई साल पहले हुई थी. दंपति का एक नाबालिग बच्चा है. बुधवार सुबह नियति के घर का दरवाजा नहीं खुलने पर पड़ोसी उसका नाम पुकारते रहे. लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. खिड़की से देखा गया तो घर के अंदर नियति और समर की लाशें लटक रही थीं. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## हावड़ा में 15 लाख का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

संवाददाता। हावड़ा

सीआईडी की नारकोटिक्स शाखा ने मंगलवार शाम हावड़ा जिले में धूलागढ़ टोल प्लाजा के पास दो गाड़ियों से लाखों रुपए का गांजा जब्त किया है. सूत्रों से सूचना मिलने के बाद सीआईडी अधिकारियों ने मंगलवार रात धूलागढ़ टोल प्लाजा के छापा मारा और भारी मात्रा में गांजा बरामद किया. इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है. सूत्रों के अनुसार, सीआईडी नारकोटिक्स विंग के अधिकारियों ने मंगलवार शाम हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट के सांकराइल थाना अंतर्गत धूलागढ़ टोल प्लाजा पर छापा मारा. उस वक्त दो गाड़ियों को जब्त किया गया था. दस्तावेजों की जांच करने और कार में क्या सामान था यह देखने पर भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दो गाड़ियों से 97 किलो 650 ग्राम गांजा बरामद किया गया है. जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 15 लाख रुपये है. इस दौरान एक गाड़ी के चालक को पकड़ लिया गया. गिरफ्तार शख्स का नाम विनोद कुमार चौहान है. वह श्रीरामपुर हुगली का रहने वाला है. उससे पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि भारी मात्रा में गांजा ओडिशा से लाया जा रहा था. बाद में इसे हावड़ा ले जाने की योजना थी. पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह में कोई और भी शामिल है या नहीं. सांकराइल पुलिस स्टेशन में स्वतः संज्ञान मामला दर्ज किया गया है. सीआईडी की नारकोटिक्स विंग ने जांच शुरू कर दी है.

### बाइक सवार लुटेरों ने महिला से छीनी मोबाइल

**बराकर।** कुल्टी के वार्ड 58 अंतर्गत सतइसा मोड के निकट मॉर्निंग वॉक के समय बाईक पर स्वर छिनतई बाजे ने एक महिला से मोबाइल फोन छिन कर ले उड़े. जिसकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे कैद में हो गई. परन्तु अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर, मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह मॉर्निंग वॉक के समय धर्मोमैन के सतयसा मोड़ के समीप कुछ लोग मॉर्निंग वॉक कर रहे थे. उसी बीच एक लड़की भी वॉक के दौरान मोबाइल अपने हाथ में लेकर वॉक कर रही थी. इस दौरान बाइक सवार दो लुटेरों ने महिला के हाथ से मोबाइल छीन कर फरार हो गए. जिसकी शिकायत दक्षिण थाना पीपी में की गई है. दोनों युवकों का तस्वीर सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया. वहीं स्थानीय लोग ने बताया इस प्रकार का लुट इलाके में काफी बढ़ गई है.

## कुल्टी में जमीन माफियाओं का अवैध कब्जा

संवाददाता। बराकर



कुल्टी विधानसभा के कुलतोडा इलाके से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है . जिस घटना मे कुछ जमीन माफियाओं के एक सक्रिय सिण्डिकेट ने एक ऐसी सरकारी जमीन पर हाँथ मारा है, जिस जमीन पर 2019 मे ग्रीन प्रोजेक्ट के तहत दमकल विभाग का कार्यालय बनने वाला था . जिसका सपना कुल्टी विधानसभा इलाके के रहने वाले लोगों ने कई वर्षों पहले देखा था . उनका वह सपना तब टूट कर पूरी तरह बिखर गया . जब उन्होंने देखा की जिस जमीन पर दमकल विभाग का कार्यालय खुलने वाला था . जिस जमीन को पश्चिम बर्धमान जिला प्रशासन द्वारा अधिग्रहण कर दमकल कार्यालय बनवाने के लिये पूर्ण रूप से मुहैया करवा दी गई थी . उस जमीन पर लोगों के कई आशियाने बन चुके हैं . जिसको लेकर आसनसोल निगम के मेयर, जिला शासक सहित राज्य की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी तक पत्र लिखे थे . जिस पत्र पर सुनवाई भी हुई और कुलटी विधानसभा इलाके के रहने वाले लोगों के सपने को पूरा करने के लिये एक ग्रीन प्रोजेक्ट के माध्यम से इलाके मे दमकल विभाग का कार्यालय बनवाने का आदेश प्राप्त हुआ . जिस आदेश को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा कुल्टी के कुलतोडा मौजा मे प्लॉट नंबर 642 मे करीब 30 सतक सरकारी जमीन भी मुहैया करवा दी गई . लेकिन टेंडर निकलने से पहले ही पुरे देश मे कोरोना ने अपना पैर पसार लिया और दमकल विभाग के बनने वाले कार्यालय की बिल्डिंग के लिये होने वाले टेंडर को फिलहाल स्थगित कर दिया गया . ऐसे मे कुलटी विधानसभा इलाके के रहने वाले लोगों का पूरा होने वाला वह सपना एक बार फिर से अधूरा रह गया . कोरोना काल के बाद जमीन माफियाओं के सिण्डिकेट ने उक्त जमीन पर अपना अवैध कब्ज़ा कर लिया . जमीन पर प्लॉटिंग कर उसे ऑने -पौने कीमतों मे बेचना शुरू कर दिया .

### भू माफियाओं के खिलाफ विरोध

**बराकर।** पश्चिम बंगाल में अवैध तरीके से जमीन का स्वरूप बदल कर भूमि माफिया ,दलाल चक्र सिंडिकेट राज के विरोध में बुधवार को कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस द्वारा कुल्टी बीएलएल एंड आर ओ ,कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया , इस दौरान कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सुकांत दास के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेताओं ओर कार्यकर्ताओं ने बीएलएल ,एंड आर ओ, कार्यालय के रेवेन्यू अधिकारी को दस सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा, इन दस सूत्री मांगो में मुख्य मांगे, भू माफियाओं द्वारा दलालों के सहयोग से अवैध जमीन पर कब्जा की जांच, तालाब की भराई कर प्लॉटिंग,बालू तस्करी, देवत्व संपति, श्मशान घाट की जमीन, दलाल चक्र सिंडिकेट को संरक्षण , मुख्य मांगों लेकर ज्ञापन सौंपा गया, सुकांत दास ने कहा कि सात दिनों के भीतर इन सभी अवैध कार्य कलाप पर कार्यवाही नहीं होने पर कार्यालय में जड़ दिया जाएगा ताला, वही ज्ञापन लेते हुए भूमि राजस्व अधिकारी सोमनाथ भौमिक ने कहा कि जिन जिन जमीन पर कब्जा या भराई की शिकायत या अवैध तरीके से खरीदी गई है, उन जमीनों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाएगी, वही उन्होंने कहा कि जमीन से संबंधित सभी कार्य ऑनलाइन की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है.



# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार जगत में बनाएं कॅरियर

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी का काम व्यापार का विकास और दो देशों के बीच गुड्स एंड सर्विसेज के लेन-देन और गठजोड़ को बढ़ावा देना होता है। जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहें है उस पर ग्लोबलाइजेशन का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह भी देखना अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी अपने क्लाइंट्स को विदेशी व्यापारों की स्टेटिस्टिक्स, भविष्य के अनुमानों और व्यापार में निवेश के विषय में जानकारी प्रदान करता है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आज के ग्लोबलाइजेशन की दुनिया में सबसे प्रमुख उद्योगों में से एक बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं या क्षेत्रों के आर-पार पूंजी, माल और सेवाओं का आदान-प्रदान करना होता है। यह करियर अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के अंतर्गत आता है और जिस भी कैंडिडेट को बैंकिंग फील्ड में रूचि है वह इस क्षेत्र में एक अच्छा करियर बना सकते हैं।

**नेचर ऑफ़वर्क** – अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी का काम व्यापार का विकास और दो देशों के बीच गुड्स एंड सर्विसेज के लेन-देन और गठजोड़ को बढ़ावा देना होता है। जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहें है उस पर ग्लोबलाइजेशन का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह भी देखना अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। एक व्यापार अधिकारी अपने नीचे काम रहे लोग जो व्यापार प्रक्रिया का निरिक्षण, जांच और लेखापरीक्षा करते हैं उनकी भी देख-रेख करता है और साथ ही असिस्टेंट ट्रेड कमिश्नर्स और बंदरगाह के डायरेक्टर्स के साथ काम करता है।

**पाठ्यक्रम के बारे में** – ग्लोबल पीजी डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस एक वर्ष का कोर्स है। इसके तहत बैंकिंग ऑपरेशंस, धन प्रबंधन, ट्रेड फाइनेंस, फोरेक्स, फाइनेंस एसएमई जैसे विषय पढ़ाया व सिखाया जाता है। इस कोर्स में स्टूडेंट्स कंप्यूटर की बेसिक जानकारी के साथ, व्यापार संचार और शेयर बाजार में किस तरह काम होता है उसका प्रशिक्षण दिया जाता है।

**योग्यता** – स्नातक और किसी भी स्ट्रीम से अंतिम वर्ष के छात्र बैंकिंग और फाइनेंस के कोर्स में आवेदन कर सकते हैं और इंटरनेशनल ट्रेड ऑफिसर बनने की राह में अपना पहला कदम रख सकते हैं। जिन विद्यार्थी के स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत है वह भीं इस कोर्स में आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

**अवसर** – इस कोर्स के पूरा होने के बाद कैंडिडेट बड़ी कंपनियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, आयात और निर्यात के विभागों में एक ऑफिसर के पद के लिए आवेदन कर सकता है। कैंडिडेट विदेशी मंत्रालय में भी नौकरी के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। विदेशी भाषाओँ का ज्ञान होना जरुरी नही होता पर फिर भी अगर आपको आती है है तो ये आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

**आमदनी** – अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में रूचि रखने वाले लोग इसमें अपना अच्छा भविष्य बना सकते हैं। एक इंटरनेशनल ट्रेड ऑफिसर की न्यूमतम सैलरी 40 से 50 हजार होती है और तजुर्बे के साथ साथ जिसमे इजाफा होता रहता है।



# सफल उद्यमी बनने के रास्ते
# टेक्सटाइल डिजाइनर

**काम की दृष्टि से देखें तो टेक्सटाइल उद्योग 1980 से अब तक एक लंबा सफर तय कर चुका है। तब आप या तो एक छोटे से डिजाइन स्टुडियो के लिए काम कर सकते हैं, जो उसे टेक्सटाइल मिलों को ही भेजता था या आप मिल में ही काम पा सकते हैं। चुनौती, डिजाइन की पेपर ड्राइंग तैयार करने तक ही सीमित हैं, आप नहीं जानते कि आपकी रचना किस रूप में सामने आएगी। बुनाई, रंगाई, प्रिंटिंग और कढाई जैसे कौशल से फैब्रिक को कई रूपों में गढ़ा जा सकता है। यही विविधता टेक्सटाइल डिजाइनरों को रोमांचित करती है।**

## कहां हैं केन्द्र

कॉरपोरेट ऑफिस और डिजाइनर स्टूडियो शहरों में स्थित हैं, लेकिन असल गतिविधियां तो करूर, पानीपत, कुन्नूर जैसे कस्बों में स्थित फैक्टरियों, हथकरघे और हस्तशिल्प केन्द्रों में हो रही हैं जहां परंपरागत शिल्प के अनुसार काम किया जाता है। होम फर्नीशिंग का कलेक्शन तैयार किया जाता है, वह विदेशों में लगातार बिकता है।

## बनाएं करियर

एक टेक्सटाइल डिजाइन प्रोग्राम आपको डिजाइन के तकनीकी और रचनात्मक पहलुओं में प्रशिक्षित करेगा। एक प्रतिष्ठित संस्थान से टेक्सटाइल डिजाइन प्रोग्राम पास करने वाले उम्मीदवार को पहली ही नौकरी में 20,000 से 30,000 रूपए मासिक वेतन मिल सकता है। तो पोलिटेक्निक से कोर्स करने वाला छात्र एक्सपर्ट हाउस जैसे संस्थानों में 8,000 रुपए से शुरूआत कर सकते हैं। काम की दृष्टि से देखें तो टेक्सटाइल उद्योग 1980 से अब तक एक लंबा सफर तय कर चुका है। तब आप या तो एक छोटे से डिजाइन स्टुडियो के लिए काम कर सकते हैं, जो उसे टेक्सटाइल मिलों को ही भेजता था या आप मिल में ही काम पा सकते हैं। चुनौती, डिजाइन की पेपर ड्राइंग तैयार करने तक ही सीमित हैं, आप नहीं जानते कि आपकी रचना किस रूप में सामने आएगी।

## फुलटाइम जॉब

टेक्सटाइल डिजाइन ग्रेजुएट्स, एक्सपोर्ट हाउस, बाइंग (खरीदार) हाउस, टेक्सटाइल मिल, हैंडलूम मिल में फुलटाइम नौकरी कर सकते हैं या फिर फैशन डिजाइनरों, डिजाइन स्टुडियो या बाइंग एजेंसी के लिए काम कर सकते हैं। हमें स्थानीय बाजार से फैब्रिक खरीदना पड़ता था, उसके अनुसार डिजाइन तैयार करने पडते हैं, कढाई करवानी पड़ती और कलेक्शन से मैच करते पैटर्न प्रिंट करने पडते, उसके बाद ही अच्छा उत्पाद तैयार हो पाता है।

कई एक्सपोर्ट हाउस अपने डिजाइनरों को भारत और विदेशों में डिजाइन ईवेंट्स और प्रदर्शनियों में जाने का भी अवसर देते हैं। घरेलू बाजार में टेक्सटाइल डिजाइनरों की मांग है ही, विदेशों में आउटसोर्सिग के लिए डिजाइनरों की मांग बढ़ रही है।

## कारीगरों से संपर्क भी जरूरी

कारीगरों के साथ काम टेक्सटाइल डिजाइनरों के काम का एक अन्य पहलू है। कलाकारों से संपर्क बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है इससे समस्या सुलझने वाले अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्हें बाजार संबंधी जानकारी देना आपका भी काम है। यदि आप चुनौतियां स्वीकार नहीं करते तो डिजाइन प्रोफेशन आपके लिए है ही नहीं।

## कहां से करें कोर्स

टेक्सटाइल डिजाइन कोर्स कक्षा 12 के बाद डिजाइन संस्थानों द्वारा करवाया जाने वाला चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट कोर्स है। चयन प्रेक्टिकल स्टुडियो टेस्ट और इंटरव्यू के जरिए होता है, डिजाइन कैरियर में आपका एप्टीट्यूड, रूचि और मोटीवेशन का स्तर आंका जाता है। फैब्रिक, शिल्प या संबंधित पहलुओं का अनुभव जरूरी है। रचनात्मकता दर्शाने के लिए आपको पोर्टफोलियो भी तैयार करना पड़ सकता है। कोर्स में पहले साल बुनियादी डिजाइन कोर्स कराया जाता है, इसके अलावा छात्र स्पेशलाइजेशन के क्षेत्रों से परिचित होते हैं। पाठ्यक्रम प्रोजेक्ट्स से जुडा होता है और टेक्सटाइल के सारे पहलू इसमें शामिल होते हैं, मसलन, वीविंग (बुनाई), प्रिंटिंग, रंगाई और विभिन्न उपयोगों के लिए फैब्रिक तैयार करना। स्टुडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम भी समृद्ध अनुभव करवाने वाले होते हैं।

## पीजी के लिए योग्यता

आपने किसी संबंधित स्ट्रीम से ग्रेजुएशन किया है, तो टेक्सटाइल का ज्ञान अर्जित करने के लिए पीजी कर सकते हैं। एनआईडी में पीजी प्रोग्राम के लिए योग्यताएं हैं-बीएफए, डिजाइन डिग्री इन टेक्सटाइल, निटवियर या फैशन, टेक्सटाइल्स के साथ होम साइंस, इंटीरियर डिजाइन एंड आर्किटेक्चर, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में स्पेशलाइजेशन वाली इंजीनियरिंग डिग्री कर चुके भी पीजी प्रोग्राम कर सकते हैं। अन्य विषय में ग्रेजुएट्स को टेक्सटाइल्स उद्योग में एक साल का अनुभव है तो यह पीजी प्रोग्राम कर सकते हैं।

## और भी हैं रास्ते

आप टेक्सटाइल डिजाइन में स्पेशलाइजेशन के साथ बैचलर इन फाइन आर्ट्स भी कर सकते हैं, इस कोर्स का फोकस तकनीकी कौशल पर होता है। लेकिन डिजाइन संस्थानों और फाइन आर्ट्स कॉलेजों में सीटें सीमित होती हैं। एक अन्य रास्ता है, बीएससी इन होम साइंस जिसमें टेक्सटाइल भी एक विषय होता है। मिसाल के तौर पर लेडी इरविन कॉलेज बीएससी इन होम साइंस प्रोग्राम में फैब्रिक एंड एपेरल साइंस की भी पेशकश करता है। इसके अलावा फैब्रिक एंड एपेरल साइंस में एमएससी भी उपलब्ध है। दुर्भाग्य से होम साइंस कोर्स महिलाओं के लिए ही है। पोलिटेक्निक और क्राफ्ट्स इंस्टीट्यूट भी ऐसे प्रोग्राम की पेशकश करते हैं। कई डिजाइन और छोटे स्टुडियो इन संस्थानों से सहायकों का चयन करते हैं। नियुक्ति पार्ट टाइम या प्रोजेक्ट के आधार पर होती है। आप कोई भी रास्ता अपनाएं, रचनात्मकता, टेक्सटाइल के लिए जुनून और अधिक से अधिक सीखने की लगन आपको दूसरों से आगे ले जाएगी।

## उद्यमी भी बन सकते हैं



टेक्सटाइल डिजाइनर बनने के बाद आपके लिए उद्यमी बनने के भी रास्ते खुले हैं। आप अपना डिजाइन स्टूडियो खोलकर डिजाइनरों की सेवाएं ले सकते हैं, और अंतर्राष्ट्रीय तथा भारतीय क्लाइंट्स की जरूरतें पूरी करने पर अपना ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं। 20-25 लोगों की टीम के साथ उनकी कंपनी डिजाइन फैब्रिक और सॉफ्ट होम फर्नीशिंग पर ध्यान केन्द्रित करती है। हालांकि जब-तब उन्हें अपनी वेबसाइट के जरिए विदेशों से एक अनूठा प्रोजेक्ट भी हाथ लग जाता है। लम्बे समय तक विदेशी ट्रेंड और तकनीक की समझ होने की वजह से हमें यह समझ आ जाती है कि कौन से प्रिंट चल सकते हैं, कौन से नहीं। नवीनतम डिजाइनों से परिचित होने के अलावा सफल उद्यमी बनने के लिए मार्केटिंग और प्रबंधन में कुशल होना भी जरूरी है। एप्रोच बहुत जरूरी है। रचनात्मकता जो बाजार में प्रासांगिक हो और सांस्कृतिक विरासत, शिल्प या क्षेत्रीय पहचान को सामने ला सके, वह आपके लिए अधिक जरूरी है। उनके प्रोजेक्ट्स में घरेलू रिटेल स्टोर के लिए टेक्सटाइल डिजाइन तैयार करना और आर्किटेक्ट्स तथा इंटीरियर डिजाइनरों के साथ काम घरों के लिए होम फर्नीशिंग तैयार करना शामिल है।







# मैनेजमेंट का मूलमंत्र है टीमवर्क

जो सभी के साथ मिलकर काम करना सीख लेता है वह पीछे मुड़क़र नहीं देखता, क्योंकि टीमवर्क के रूप में कार्य करना ही मैनेजमेंट का मूलमंत्र है। करियर बनाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है चूंकि इससे आप अपनी मनपसंदीदा करियर को चुनने में आसानी होने के साथ ही खाली बैठने के लिए आपके पास समय भी नहीं होगा।

## खुद को परफेक्ट बनाएं

मौजूदा परिस्थिति में किताबी कीड़ा बनकर या डिग्रियों का ढेर लगाकर सफलता की कामना नहीं की जा सकती है। अपने अंदर झांककर अपनी प्रतिभा को टटोलें कि किन क्षेत्रों में आप अपनी दक्षता को विकसित कर बाजी मार सकते हैं। जो क्षेत्र आपको सर्वाधिक उपयुक्त लगे, उसमें विशेषज्ञों की सलाह लेकर अपना कौशल बढ़ाएं।

## आत्मविश्वास बढ़ाना भी है जरूरी

जीवन के कुरुक्षेत्र में आधी लड़ाई तो आत्मविश्वास द्वारा ही लड़ी जाती है। यदि योग्यता के साथ आत्मविश्वास जुड़ जाए तो करियर के कुरुक्षेत्र में आपको कोई पराजित नहीं कर पाएगा। अध्ययन के साथ-साथ उन गतिविधियों में भी हिस्सा लें, जिनसे आपका आत्मविश्वास बढ़े।

## संपर्क स्थापित करना महत्वपूर्ण

आज जमाना ही सूचना प्रौद्योगिकी का है, यहां जितनी जानकारी, जितनी सूचनाएं आपके पास होंगी करियर निर्माण की राह उतनी ही आसान होगी। कूपमंडूकता छोड़ें, ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिलें उन्हें अपनी जानकारी दें, आपके जानने वालों का जंजाल जितना लंबा होगा सफलता उतनी ही आपके करीब होगी।

## नए जमाने की तकनीक अपनाएं

पुराना भले ही सुहाना माना जाता हो, लेकिन आज की प्रतिस्पर्धा में नई तकनीक का महत्त्व नकारा नहीं जा सकता है। किसी भी क्षेत्र में प्रवेश से पहले पूछा जाता है, क्या कम्प्यूटर चलाना आता है? कम्प्यूटर के आधारभूत ज्ञान के बजाय थोड़ी ज्यादा दिलचस्पी दिखाएं, क्योंकि यही वह अलादीन का चिराग है, जो करियर निर्माण की हर मांग को पूरा कर सकता है। इससे पहले कि कोई नई तकनीक पुरानी हो जाए आप इसके उस्ताद बन जाएं। अपने ज्ञान को परिमार्जित करते रहें। भविष्य उसी का होता है, जो अपने को श्रेष्ठतम तरीके से अनुकूल रूप में ढाल लेता है।

## परिवार का सहयोग आवश्यक

अकसर देखा गया है कि करियर निर्माण की चिंता में लोग घर परिवार को भूल जाते हैं। परेशानी और तकलीफ के वक्त परिवार ही काम आता है। इसलिए परिवार को पर्याप्त समय दें। पारिवारिक आमोद-प्रमोद से करियर की राह आसान हो जाती है तथा आप तनावमुक्त होकर करियर निर्माण की राह पर अग्रसर हो सकते हैं।

## दूसरों से न करें अनमना व्यवहार

आपका संघर्ष, आपकी परेशानी नितांत निजी मामला है। इसका असर दूसरों के साथ अपने व्यवहार में न आने दें। जो सभी के साथ मिलकर काम करना सीख लेता है वह पीछे मुड़क़र नहीं देखता, क्योंकि टीमवर्क के रूप में कार्य करना ही मैनेजमेंट का मूलमंत्र है।

## काम में ईमानदारी बरतें

झूठ ज्यादा देर टिकता नहीं है, अपने बारे में सही आकलन कर वास्तविक तस्वीर पेश करें। निष्ठापूर्ण व्यवहार की सभी कद्र करते हैं। अपने काम के प्रति आपकी ईमानदारी आपको करियर निर्माण में सर्वोच्च स्थान दिला सकती है। भूलें नहीं कि कार्य ही पूजा है।

## ज्यादा महत्वाकांक्षी न बनें

प्रत्येक इनसान में महत्वाकांक्षा का होना जितना अच्छा है, उसकी अतिमहत्वाकांक्षा उतनी ही नुकसानदायक होती है, क्योंकि अति सर्वत्र वर्जयते। किसी करिश्मे की उम्मीद न करें सभी चीजें समय पर ही मिलती हैं।

## खून-खराबे और बर्बादी भरे असद के शासन का अंत

सीरिया के राष्ट्रपति असद भाग गए है। देश में सेना, प्रशासन और सरकार खत्म है। बांग्लादेश की हसीना वाजेद के हालिया पतन के बाद एक और तानाशाह के पतन की कहानी लिखी जा रही है।
राष्ट्रपति के राजधानी दमिश्क से भागने के साथ ही, असद परिवार का सीरिया पर पिछले 50 सालों से चला आ रहा राज खत्म हो गया है।
रविवार को सुबह-सुबह विद्रोही बलों ने दमिश्क में जयकारे लगाए। जश्न मनाते हुए हवा में गोलियां चलाईं। चारों ओर 'अल्लाह-हु-अकबर' की आवाजें गूंजने लगी। विद्रोही जनता को सीरिया पर नियंत्रण कायम करने में केवल 11 दिन लगे। विद्रोहियों के उत्तर-पश्चिमी सीरिया से अपने हमले शुरू करने के बाद से ही असद की सेना पीछे हटती गई, उन्हें विदेशी मदद न के बराबर हासिल हो सकी और उनके वफादारों ने देश छोडक़र भागना शुरू कर दिया। विद्रोहियों के लिए रास्ता साफ होता गया और एक हफ्ते के अंदर देश के पांच प्रांतों की राजधानियों पर असद का नियंत्रण खत्म था। उथलपुथल और अराजकता सीरिया के लिए नई बात नहीं हैं। वहां के लोग मुसीबतों के बीच जीने के आदी हैं। बशर अल-असद के जुल्मों के चलते वहां हालात पहले से ही बहुत खराब थे।
खून-खराबा बड़े पैमाने पर हो रहा था और देश रहने लायक नहीं बचा था। फिर रविवार की सुबह देश देश पर इस्लामिक विद्रोहियों का कब्ज़ा हो गया। हालाँकि इससे असद के 24 साल के निर्मम शासन अंत हुआ है, लेकिन देश एक नर्क से निकल कर दूसरे नर्क में धकेल दिए जाने के मानिंद है। पिछली बार 2011 में असद गंभीर संकट में फंसे थे जब सीरिया के कई शहरों में जनता ने उनके सत्ता छोडऩे की मांग करते हुए बगावत की थी। उस समय असद ने सरकार की ताकत का इस्तेमाल अपनी ही जनता के खिलाफ करते हुए विरोध को सख्ती से कुचला था। धीरे-धीरे इस विरोध ने गृहयुद्ध का रूप ले लिया। असद ने अपनी डरावनी जेलों से जेहादी कैदियों को रिहा करके उनकी खिलाफत कर रही ताकतों और जेहादियों के बीच टकराव पैदा करने का प्रयास किया।
उसके बाद उन्होंने अपने मुख्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोगी रूस और लंबे समय के इलाकाई दोस्त ईरान की सहायता ली। ईरान ने लेबनान के शक्तिशाली हथियारबंद संगठन हिज्बुल्लाह के साथ मिलकर उन्हें सैनिक सहायता उपलब्ध करवाई जिससे वे देश पर दुबारा अपना नियंत्रण कायम करने में कामयाब रहे।

## सामान्य ज्ञान

प्रश्न 1 : पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
उत्तरः शाहबाज शरीफ।
प्रश्न 2 : भारत के फार्मा मानकों को मान्यता देने वाला पहला स्पेनिश भाषी देश कौन बना है?
उत्तरः निकारागुआ।
प्रश्न 3 : 'समुद्री स्लग' की नई प्रजाति किस भारतीय राज्य में मिली है?
उत्तरः ओडिशा।
प्रश्न 4: DRDO ने किस मिसाइल का सफल परीक्षण किया है?
उत्तरः अग्नि प्राइम मिसाइल।
प्रश्न 5 : 2027 के 'विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप' का आयोजन कहां किया जाएगा?
उत्तरः चीन के बीजिंग में।
प्रश्न 6 : भारत और श्रीलंका के बीच किस परियोजना से संबंधित समझौता हुआ है?
उत्तरः हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली परियोजना।
प्रश्न 7: अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक 2024 में भारत की रैंक क्या है?
उत्तरः 42वीं।
प्रश्न 8 : 'वैश्विक जैन शांति राजदूत' के रूप में किसे सम्मानित किया गया है?
उत्तरः आचार्य लोकेश मुनि।
प्रश्न 9: किस देश की संसद ने LGBTQ विरोधी विधेयक पारित किया है?
उत्तरः घाना।
प्रश्न 10: लोकपाल के नए अध्यक्ष कौन बने हैं?
उत्तरः ए एम खानविलकर (सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश)।

# अपने जीवन के संघर्ष और परेशानियों से भी प्रेम करती थी, 'शैलप्रिया'



शैलप्रिया जी झारखंड की एक जानी-मानी कवयित्रियों में एक रहीं थीं। उनका न होना, उनके समकालीन कवियों सहित नई पीढ़ी के कवियों को भी उनकी कमी महसूस होती है। उनकी कविताओं के पाठन से ऐसा प्रतीत होता है कि कविता उनकी आत्मा में बसती थी। उनकी कविताएं आज भी समय से संवाद करती नजर आती हैं। उनकी कविताएं सात समंदर पार नहीं बल्कि अपने आसपास घट रही घटनाओं रेखांकित करती हैं। अर्थात उनकी कविताएं यथार्थ की पृष्ठभूमि पर बुनी नजर आती है। मैं उनसे कभी मिला नहीं। जब पहली बार उनकी कविताओं से रूबरू हुआ, तब लगा कि डूब कर लिखी गई पंक्तियां हैं। हर एक पंक्ति एक नई कहानी कह गुजरती हैं। पंक्तियां सीधे मर्म को छूती हैं। हर एक कविता की पंक्तियां शहर हो अथवा ग्रामीण परिवेश उसकी परेशानियों और संघर्षों को बहुत ही उम्दा तरीके से प्रस्तुत करती है। ऐसा प्रतीत होता है कि शैलप्रिया अपने जीवन के संघर्ष और परेशानियों से भी प्रेम करती थी। शैलप्रिया अपने नाम के अनुरूप ही उनका गुण और स्वभाव था। काव्य - लेखन से उनका जुड़ाव छात्र जीवन से ही था। उनकी सहजता, सरलता और वाणी की मिठास आज भी उनसे मिलने जुलने वाले लोग महसूस करते हैं। शैलप्रिया का मन, क्रम और वाणी में कोई भेद नहीं था। वह सबों से एक समान व्यवहार करती थी। शैलप्रिया की आत्मा कविताओं में बसती थी। शैलप्रिया अपने जीवन के संघर्ष, दुश्वारियां और परेशानियों को अपनी छोटी बहने मानती थी और उसी अनुरूप उनसे प्रेम करती रही थी। शैलप्रिया ने अपनी रचनाओं के माध्यम से स्त्री मन की पीड़ा और संवेदना को एक और सार्थक अभिव्यक्ति दी हैं। शैलप्रिया का ऐसा मानना था कि जब तक जीवन के संघर्षों में छोटी बहनें प्रवेश नहीं करेंगी, तब तक जीवन के अर्थ को पूरी तरह से समझा नहीं जा सकता। इसलिए सुख और दुख दोनों मानवीय जीवन के लिए बहुत जरूरी है। इसके साथ ही शैलप्रिया पीड़ा, संघर्ष व बदलाव की कवयित्री के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल है। प्रख्यात कथाकार रतन वर्मा ने शैलप्रिया जी के संदर्भ में कहा कि सामाजिक रिश्ते में वह भाभी जरूर लगती थी, किंतु उनके व्यवहार से उन्हें हमेशा मातृ - वात्सल्य सा छलकता हुआ महसूस होता था। हममें से शायद किसी ने भी उनका मुरझा हुआ चेहरा कभी देखा होगा। शैलप्रिया जी के असमय जीवन से विदाई के बाद से आज तक उनके घर जाने का साहस नहीं जुटा पाये। शैलप्रिया जी खुद में साक्षात एक कविता थी। वह अपनी कविताओं में खुद की उपस्थिति का अहसास करा जाती है। शैलप्रिया जी ने कविताओं के रचना क्रम के अलावा छोटी-छोटी कहानियां सम - सामयिक आलेख सहित विभिन्न विषयों पर भी महत्वपूर्ण काम किया। उनकी पहली कविता युद्ध रत आदमी नामक पत्रिका में छपी थी। शैलप्रिया जी के तीन कविता संग्रह1983 में अपने लिए, 1982 में चांदनी आग है, और 1995 में घर की तलाश में यात्रा नाम से प्रकाशित हुए। 1995 में ही उनकी एक और पुस्तक ₹जो अनकहा रहा नाम से आई। 2000 में शैलप्रिया जी की रचनाओं का एक संग्रह शेष है अवशेष है, नाम से प्रकाशित हुआ। शैलप्रिया ने स्वयं को सदा किसी वाद अथवा किसी खास विचारधारा से मुक्त रखा। शैलप्रिया जी ने जो रचना कर्म किया, कालजयी बन गयें। उनकी कविताएं जीवन के अर्थ को तलाशती हैं। उनकी रचनाएं जीवन के संघर्ष के दौरान एक वीर बालिका की तरह आगे बढ़ती नजर आती है। हताशा और निराशा शैलप्रिया के शब्दकोश है ही नहीं। वे फुरसत में शीर्षक कविता में दर्ज करती है - जब कभी/फुरसत में होता है आसमान / उसके नीले बिस्तर में/ डूब जाते हैं / मेरी परिधि और बिंदु के / अर्थ / क्षितिज तट पर / आंधी पड़ी दिशाओं में / बिजली की कौंध / मरियल जिजीविषा सी लहराती₹। इस कविता के माध्यम से बड़ी बात कहने की कोशिश की है। उनकी साधारण सी दिखनी वाली पंक्तियों में असाधारण बातें समाहित है। कवयित्री यहां अपने फुरसत के क्षणों को भी जाया नहीं जाने देती। उनके जीवन का यह क्षण बहुत ही बेशकीमती और महत्वपूर्ण है। यहां उन्होंने अपनी तुलना आसमान से कर बातें दूर तक पहुंचाने का साहस किया है। दिन भर की भागदौड़ और थकान से चूर जिंदगी जब बिस्तर पर समाती है, तब जिंदगी उसी में बहुत दूर तक समाहित होती चली जाती है। डूबना ऐसा होता है की परिधि और बिंदु के सभी अर्थ एक हो जाते हैं। कवयित्री आगे दर्ज करती हैं - इच्छाओं की मेघ गर्जना / आशाओं की चमकती चमक / के साथ गूंजती रहती है / तन मन का घाटियों में / बर्षों में दुमका पड़ा सन्नाटा / खाली बर्तनों की तरह / थर्राता है / जब कभी फुर्सत में होती हूं मैं / मेरा आसमान मुझको रौंदता है / बंजर उदास मिट्टी की ढूह की तरह / सारे अहसास / हो जाते हैं व्यर्थ - फुरसत के क्षणों में ही इच्छाएं आशाएं एक-एक कर टतपती चली आती है। इच्छाओं का जब मानवीय मस्तिष्क में प्रवेश होता है, तब मेघ गर्जना के समान अहसास करा जाती हैं। इन्हीं इच्छाओं के माध्यम से मानवीय जीवन रौंदा जाता है। और यह अंतहीन रौंद और दौड़ जीवन के साथ तब तक बना रहता है, जब तक जीवन चलता रहता है। जीवन के समाप्त होते ही सारी इच्छाएं भी दूर चली जाती है। शैलप्रिया जी की एक कविता, जिंदगी शीर्षक में दर्ज है - अखबारों की दुनिया में / महंगी साड़ियों के सस्ते इश्तेहार / शो - केसों मिठाइयों और चूड़ियों की भरमार है / प्रभु तुम्हारी महिमा अपरंपार है / कि घरेलू बजट की बुखार है /तीज और कर्मा / अग्रिम और कर्ज / एक फर्ज / इनका समीकरण / खुशियों का बंध्याकरण/ त्योहारों के मेले में / उत्साह अकेला है / जिंदगी एक ठेला है - शैलप्रिया जी की यह कविता मध्यमवर्गीय परिवारों की परेशानियों को समर्पित है। जिंदगी है, इसे जीना तो पड़ेगा। रोकर जिए अथवा हंसकर जिए। जीना तो पड़ेगा। इसलिए जब जीना ही है तो क्यों ना जिंदगी हंस कर जिया जाए। महंगी साड़ियों में सस्ते विज्ञापन के माध्यम से कवयित्री ने देश के करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवारों के हाल के सच को उसी रूप में प्रस्तुत किया है। ऊपर से तीज और त्योहार भी है। इसके साथ अग्रिम और कर्ज भी है। तब कहीं ना कहीं ऐसे परिवारों को समझौता करना ही पड़ता है। ऐसे परिवार अपनी खुशियों का बंध्याकरण करने के लिए विवश हो जाते हैं। इन सबके बावजूद जिंदगी जीना है, रहना है, खाना है और पीना भी है। इसीलिए यह जिंदगी है। उनकी प्रतिनिधि कविताओं में क्रंदन शीर्षक कविता जीवन के मर्म को छू जाती है - जहर का स्वाद / चखा है तुमने /उतना विषैला नहीं होता / जितनी विषैली होती है बातें / कि जैसे / काली रातों से उजली होती है / सूनी रातें। - इस कविता के माध्यम से कवयित्री ने मानवीय जीवन के सच को सामने रखा है। किसी भी बात का प्रभाव मानव जीवन पर बहुत दूर तक असर डालता है। बचपन में सुनी बातें लोग जीवन भर भूल नहीं पाते। बातों की तुलना जहर से कर इसके विषैले में प्रभाव को भी उसी रूप में रखा है। उन्होंने दर्ज किया हैं कि कुछ बातें ऐसी होती है, जो जहर से ज्यादा विषैली होती है।

**विजय केसरी**

## टीबी उन्मूलन-राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिए जरूरी

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से टीबी को खत्म करने का सुपष्ट आह्वान किया। उनके नेतृत्व में टीबी की देखरेख का एक नया मॉडल अपनाया गया और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए अनेक नये तरीके अपनाने का बीड़ा उठाया। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2024 के निष्कर्षों ने अब तक अपनाए गए चिकित्सकीय उपचार की प्रभावशीलता को स्वीकार किया। इसने 2015 से 2023 तक भारत में टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की - जो वैश्विक स्तर पर देखी गई गिरावट की दर से दोगुनी है। इतना ही नहीं, देश में 25.1 लाख रोगियों का निदान किया गया, जिससे देश में उपचार कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो 2015 के 59 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 85 प्रतिशत हो गई है। प्रधानमंत्री की कल्पना से प्रेरित होकर, 7 दिसम्बर को, भारत ने अपनी टीबी उन्मूलन रणनीति में एक और परिवर्तनकारी कदम उठाया। सरकार ने टीबी से लड़ने की अपनी कोशिश में तेजी लाने के लिए पंचकूला से 100-दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया, जिसमें 347 ऐसे जिले शामिल थे जहां टीबी के मामले सबसे अधिक थे। यह पहल कमजोर आबादी तक सक्रिय रूप से पहुंचकर और उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करके हर टीबी रोगी की जल्द पहचान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है। जनभागीदारी की सच्ची भावना में, हम सभी - निर्वाचित प्रतिनिधि, स्वास्थ्य चिकित्सक, नागरिक समाज, कॉरपोरेट और समुदाय - ने अभियान को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए सहयोग किया है।
राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सक्रिय सहयोग से, यह नया अभियान भारत की टीबी उन्मूलन यात्रा में एक और उपलब्धि साबित होगा।

**टीबी उन्मूलन के लिए भारत का सामाजिक दृष्टिकोण**

विस्तारित निदान प्रयासों को पूरा करने और टीबी रोगियों के पूर्ण स्वास्थ्य लाभ में सहायता करने के लिए, भारत ने पोषण सहायता योजना – नि-क्षय पोषण योजना (एनपीवाई) की अवधारणा बनाई और उसे क्रियान्वित किया। अप्रैल 2018 से, हमने एनपीवाई के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 1.16 करोड़ लाभार्थियों को 3,295 करोड़ वितरित किए हैं। टीबी उन्मूलन के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए, इस योजना के तहत मासिक सहायता को नवम्बर 2024 से मौजूदा 500 से दोगुना करके 1,000 प्रति माह कर दिया गया है।
एक और महत्वपूर्ण पहलू - टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल पोषण की चुनौती का समाधान करने में मदद की है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने एक जन आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न सामुदायिक हितधारकों को भी एकजुट किया है ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और टीबी रोगियों को पोषण, व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके। जन भागीदारी की भावना में सरकार और नागरिकों के बीच सामंजस्य ने देश भर में रोगियों को भोजन के 21 लाख पैकेट प्रदान करने के लिए 1.75 लाख नि-क्षय मित्रों को प्रेरित किया है।

**टीबी को खत्म करने के लिए नवाचार को बढ़ावा देना**

पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने उपचार की सफलता दर में सुधार के लिए बेडाक्विलाइन और डेलामैनिड जैसी नई दवाएँ पेश की हैं। दवा-प्रतिरोधी वैरिएंट वाले रोगियों के लिए उपचार पूरा करने में चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, हमने बीपीएएलएम-उपचार, जिसमें चार-दवा संयोजन शामिल हैं, को अपनाने की अनुमति दी है जो मौजूदा उपचारों की तुलना में अधिक प्रभावी है। जबकि हमारे पास पारंपरिक 19-20 महीने के उपचार के साथ-साथ 9-11 महीने का छोटा उपचार उपलब्ध है, बीपीएएलएम उपचार के साथ रोगी अब केवल छह महीने में उपचार पूरा कर लेंगे!
हमने लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सभी रोगियों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनका इलाज करने के लिए जमीनी स्तर पर उन्नत उपकरण उपलब्ध हों। इसे सक्षम करने के लिए, हमने अधिक कुशल और सटीक निदान उपकरण – मौलीक्यूलर परीक्षण किए। 2014-15 में कुछ सौ मशीनों से, अब हमारे पास सभी जिलों में 8,293 मौलीक्यूलर निदान मशीनें उपलब्ध हैं।
वास्तव में, 'मेक इन इंडिया' पहल से प्रेरणा लेते हुए, स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों का क्षेत्र-परीक्षण किया गया है और उन्हें शुरू किया गया है। हम न केवल जिला और ब्लॉक स्तर पर टीबी का पता लगाने में लगने वाले समय को कम करने में सक्षम हुए हैं, बल्कि परीक्षण और उपचार की लागत में भी भारी कमी ला सके हैं। हमारे स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी मिल चुकी है और दुनिया भर में उनका उपयोग किया जा रहा है। इन पहलों ने भारत को वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में एक सच्चे नेता के रूप में स्थापित किया है।
हमें इस बात पर भी गर्व होना चाहिए कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) 2018 से लगातार दुनिया भर में टीबी अनुसंधान के शीर्ष सार्वजनिक वित्तपोषकों में से एक रहा है। हम मरीज के नजदीक किए जाने वाले अधिक कुशल चिकित्सा परीक्षणों सहित नए उपकरण तेज़ी से विकसित करने और उन्हें पेश करने के लिए निवेश करना जारी रखेंगे।

**भविष्य के बारे में सोचना**

टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और त्वरित तरीके से सिद्ध तकनीकों को उपलब्ध कराने में इसके नेतृत्व का प्रमाण है। अग्रणी अनुसंधान से लेकर उन्नत निदान और उपचार तक, सार्वभौमिक सामाजिक सहायता प्रावधानों की शुरूआत तक, भारत वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में सबसे आगे है। समय की मांग है कि टीबी की पहचान, निदान, उपचार और रोकथाम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। तीव्र 100-दिवसीय अभियान टीबी को खत्म करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ, हम मानवता के इस महान दुश्मन को हरा देंगे और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।

**जगत प्रकाश नड्डा**



## चिंतन-मनन

### व्यवहार की दुनिया

**बहुत बड़ा कवि था इमरसन। वह घूमने निकला। अकस्मात वर्षा आ गई। उसके पास अपनी कविताओं की एक पांडुलिपि थी। भीगने के डर से उसने वह पांडुलिपि एक दुकानदार के पास रख दी। इमरसन चला गया। दुकानदार ने कहा कि पन्ने भरे हुए हैं, कुछ खाली हैं वह भरे हुए पन्नों में वस्तुएं लपेटकर ग्राहकों को देता रहा। कुछ देर बाद जब वर्षा रूकी, इमरसन आया। पांडुलिपि मांगी। दुकानदार ने कहा, माफ करना, भरे पन्नों का मैंने उपयोग कर लिया है। खाली पन्ने ज्यों के त्यों हैं। भरे काम के नहीं थे। खाली लिखने के काम आ सकते हैं। यह सुनते ही इमरसन का माथा ठनका। उसकी महत्वपूर्ण कविताओं के पन्ने निकल चुके थे। शेष बचे थे केवल कोरे कागज। व्यवहार की दुनिया में खाली का मूल्य नहीं होता, भरे का मूल्य होता है। खाली पन्ने का क्या मूल्य हो सकता है व्यवहार की दुनिया में? इसी प्रकार खाली चित्त और खाली मन का भी क्या मूल्य हो सकता है व्यवहार की दुनिया में? व्यवहार में जीने वाले यही चाहते हैं कि ये सब सदा भरे ही रहें, कभी खाली न हों। जब अध्यात्म की यात्रा शुरू होती है तब भरे का क्या मूल्य है और खाली का क्या मूल्य है, स्पष्ट हो जाता है।**
**उस यात्रा में अनुभव होता है कि लिखा हुआ कागज चला गया, अच्छा हुआ। भरा हुआ मन, भरी हुई बुद्धि, भरा हुआ चित्त खाली हो गया तो अच्छा हुआ। वहां खाली होना ही श्रेयस्कर माना जाता है। जब खाली होने की प्रक्रिया प्रारम्भ होती है, तब उस क्षण में जो अनुभव होता है, वही वास्तव में चैतन्य का अनुभव है।**

## सूडोकु नवताल- 7277

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7276 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है। इस राशि के जो लोग नौकरी में है, आज उन्हें सफलता मिल सकती है। किसी कार्य में अपनों की मदद आपको मिल सकती है। धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग आप कर सकते हैं। ये यात्रा सुखद भी रहेगी। आज आप किसी क्षेत्र में कुछ ऐसा करेंगे, जिससे आपको भरपूर मान सम्मान मिलेगा।
**शुभ रंग- मैजेंटा**
**शुभ अंक- 6**

**वृष राशि :**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपका सेहत बेहतर बना रहेगा। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जो उनको लाभ पहुंचाएगी। कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे। दोस्तों के साथ बेहतर दिन बीतेगा।
**शुभ रंग- बैंगनी**
**शुभ अंक- 7**

**मिथुन राशि :**
आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। किसी पुराने दोस्तों से मिलने का योग बन रहा है। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। आज आप जीवनसाथी के साथ यादगार पल बितायेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। स्टूडेंट्स को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। किसी पुराने मित्र से अचानक मुलाकात प्रसन्नतादायक रहेगी।
**शुभ रंग- पीला**
**शुभ अंक- 1**

**कर्क राशि :**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आपको अपने सोच और व्यव्हार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए। इससे आपको फायदा भी हो सकता है। व्यापार की स्थिति सामान्य रहेगी। नौकरी में आपके काम की सराहना होगी। बौद्धिक क्षमता में बढ़ोतरी होगी।
**शुभ रंग- सफेद**
**शुभ अंक- 8**

**सिंह राशि :**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। अगर आप समय का सदुपयोग करेंगे, तो आपको फायदा जरूर मिलेगा। किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए। कामकाज की स्थिति मजबूत रहेगी। आप अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग और गंभीर रहेंगे।
**शुभ रंग- आसमानी**
**शुभ अंक- 6**

**कन्या राशि :**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। आपको कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। आपको पैसे कमाने के अच्छे मौके मिलेंगे। आपको अपने कामकाज से जुड़े नए आइडियाज मिलेंगे। घर में मेहमानों के आने से प्रसन्नता बढ़ेगी।
**शुभ रंग- हरा**
**शुभ अंक- 5**

**तुला राशि :**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है। परिवार के कुछ मामलों में आपको अनदेखा करने से बचना चाहिए। मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लान बना सकते हैं। आपको अपने खर्चों पर कमी करने की कोशिश करना चाहिए।
**शुभ रंग- नीला**
**शुभ अंक- 8**

**वृश्चिक राशि :**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस का बढिया माहौल आपको खुश कर सकता है।
**शुभ रंग- हरा**
**शुभ अंक- 2**

**धनु राशि :**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। कोई शुभ समाचार आपको मिलेंगे। मेहनत का पूरा फल आपको मिलेगा। रचनात्मक कामों में आप सफल रहेंगे।
**शुभ रंग- ग्रे**
**शुभ अंक- 4**

**मकर राशि :**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं, इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। किसी बात को लेकर भाई-बहन से थोड़ी अनबन हो सकती है। आप बच्चों के साथ टाइम स्पेंड कर सकते हैं। आप नए काम पर सोच-विचार कर सकते हैं।
**शुभ रंग- सिल्वर**
**शुभ अंक- 9**

**कुंभ राशि :**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी। साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। साथ ही दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित भी होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। परिवार में मधुरता के साथ विश्वास भी बढ़ेगा। किसी खास व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी।
**शुभ रंग- लाल**
**शुभ अंक- 2**

**मीन राशि :**
आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल पर आपको सहयोग मिल सकता है। दोस्तों से आपको मदद मिल सकती है। कुछ नए कामकाज आपके सामने आयेंगे और उसके लिए जरूरी लोगों से भी मुलाकात हो सकती है।
**शुभ रंग- गुलाबी**
**शुभ अंक- 6**

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में चेन स्नैचर्स से निपटने का प्लान तैयार, हर थाने में रहेगा इनका ई-डोजियर

**पटना**। पटना में आज के समय में चेन स्नेचिंग की घटनाएं सबसे ज्यादा हो रही है। पटना में पिछले 10 दिनों में 16 स्नैचिंग की घटनाएं हुई हैं। पटना की महिलाओं में डर समा गया है। महिलाएं, गहना पहनकर बाहर निकलने से डरने लगी हैं। पुलिस हर बार घटना के बाद घटनास्थल के आसपास लगे CCTV फुटेज को खंगालती है। ज्यादातर ऐसे मामलों में पुलिस चोर की पहचान ही नहीं कर पाती है, जिससे चेन स्नेचर नहीं पकड़े जाते हैं। पटना में ऐसी घटनाओं को देखते हुए पटना की IG गरिमा मालिक ने चेन स्नैचर्स को रोकने के लिए प्लान तैयार कर चुकी हैं। IG गरिमा मलिक ने माना कि यह बड़ा अपराध है। चेन या गहना महिलाओं के भावनाओं से जुड़ा हुआ रहता है। इससे उनको आर्थिक नुकसान तो उठाना ही पड़ता है, साथ ही उनके भावनाओं को भी ठेस पहुंचता है। ऐसे में जिस महिला के साथ चेन स्नेचिंग हो जाती है, उसके मन में डर समा जाता है। जब भी कोई अचानक से उनके बगल में आता है, तो वो महिलाएं डर जाती हैं। IG गरिमा मालिक ने मंगलवार की देर शाम चली मीटिंग के बाद जिले के चारों SP सेंट्रल, वेस्ट, ईस्ट और ग्रामीण को निर्देश भी जारी कर दिया। इसके तहत पिछले तीन माह में जो भी चेन स्नैचर जेल गए हैं, उन सबों का ई-डोजियर बनेगा। ई-डोजियर में गए स्नैचर्स का आधार कार्ड, पैन कार्ड, परिचय पत्र के साथ-साथ पहचान चिह्न रहेगा। पुलिस इसे सभी थानों में सर्कुलेट करेगी। इसमें उनके गुनाह से जेल जाने तक का इतिहास डाला जाएगा। इसके साथ हीं हमेशा चेन स्नेचिंग करने वाले की मुसीबत बढ़ने वाली है। बार-बार ऐसी गलती करने वालों का पुलिस कोर्ट से बेल रिजेक्ट भी करवाएगी। पुलिस इन स्नैचरों का पूरा आपराधिक इतिहास कोर्ट में पेश करेगी।

### दानापुर अस्पताल कैंपस में लगा पोल टांसफार्मर के साथ गिरा, 3 घंटे तक कटी रही बिजली

**पटना**। पटना के दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में लगा टांसफार्मर, पोल सहित उखड़कर गिर गया। इसके कारण बिजली सप्लाई बाधित हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अस्पताल के चारदीवारी निर्माण को लेकर गड्ढा खोदा गया था। इसके कारण यह घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो उस समय ठेला लेकर गुजर रहा एक शख्स बाल-बाल बच गया। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि करीब 12 बजे घटना हुई। मौके पर मौजूद लोग इधर उधर देखकर भागने लगे। बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना के बाद चारदीवारी का काम



रहे सभी मजदूर के साथ ही ठेकेदार फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना के बाद दानापुर अनुमंडल अस्पताल में तीन घंटे तक बिजली बाधित रही। घटना की सूचना पाकर मौके बिजली विभाग के कनीय अभियंता अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। अनुमंडल अस्पताल की मैनेजर सीमा ने बताया कि तीन घंटे से बिजली बाधित है। फिलहाल जरनेटर से बिजली अस्पताल में बिजली आपूर्ति की जा रही है। कनीय अभियंता रवि भूषण ने बताया कि चारदीवारी निर्माण को लेकर गड्ढा खोदा गया था, जिससे हादसा हुआ है। घटना ठेकेदार की लापरवाही के कारण हुई है। गड्ढा खोदने को लेकर पहले विभाग को सूचना नहीं दी गई थी।

### पीके बोले- लालू के राज में अपराधी से परेशानी तो नीतीश राज में अधिकारी से

**पटना**। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने लालू-नीतीश के 35 साल के शासन पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने दोनों के कार्यकाल में हुए कार्यों पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बिहार में स्टील, टीवी, सीमेंट नहीं बनता है। बिहार में सिर्फ एक चीज बन रही है, हमारे नौजवान लड़कों को मजदूर बनाया जा रहा है। हमारे राज्य में स्टील या सीमेंट की फैक्ट्री नहीं है, इसलिए हमारे युवाओं को दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करनी पड़ती है। हमारे राज्य के युवा दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करने को मजबूर हैं। इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि लालू-



नीतीश ने मिलकर पूरे समाज को अनपढ़ बना दिया है। इसका नतीजा यह है कि हमारे सारे बच्चे मजदूर ही बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू और नीतीश के राज में ज्यादा फर्क नहीं है। लालू के राज में अपराधी जनता को परेशान करते थे। नीतीश कुमार और भाजपा के राज में अधिकारी जनता को परेशान करते हैं। नीतीश कुमार के शासन में अधिकारियों पर हमला करते हुए कहा कि अफसर राज का आलम यह है कि आम लोगों को चाहे जमीन संबंधी कोई काम करवाना हो या जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना हो, अधिकारी बिना रिश्वत लिए काम नहीं करते।

### गांधी सेतु पर जाम से बढ़ी लोगों की परेशानी, हाजीपुर से पटना आने वाले लेन में ट्रैफिक जाम

**पटना**। पटना गांधी सेतु पर जाम लग गया है। इसके कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। हाजीपुर से पटना आने वाला लेन जाम है। वहीं पटना से हाजीपुर जाने वाला लेन फ्री है। जाम, पिछले लगभग 2 घंटे से है। जाम लगने का कारण स्पष्ट नहीं है, जो भी राहगीर पटना की तरफ आ रहे हैं, जाम को देखते हुए इनमें से कई दूसरे रूट से लौट जा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि पटना से हाजीपुर जाने वाले लेन में यात्री शेड के पास एक ट्रक खराब हो गया था, जिसे क्रेन की मदद से हटा दिया गया है। यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा परिचालन सामान्य गति से कराया जा रहा है। गांधी सेतु पटना से उतर बिहार को कनेक्ट करता है, जिसके चलते काफी संख्या में लोग इस पुल से होते हुए पटना आते हैं। राहगीर चंदन ने बताया कि वो पासवान चौक से ही प्रेशर देख रहे हैं। पटना के तरफ काफी धीमी रफ्तार से गाड़ियां बढ़ रही है। पिछले डेढ़ घंटे में बीच पुल पर ही पहुंच पाए हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल जाना था, वाइफ के इलाज के लिए पटना आ रहे थे। अब जाम के कारण अब समय से नंबर नहीं लग पाएगा। दीपक ने बताया कि जरूआ से पटना काम से आना था। आधार कार्ड सुधरवाने के लिए डाकबंगला के पास जाना था, लेकिन अब समय से नहीं पहुंचने के चलते फिर दोबारा से कल आना होगा या अब देर होगा। बहरहाल जाम लगा हुआ है।

### 7 जिलों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट

**पटना**। बिहार में अब धीरे-धीरे ठंड बढ़ रही है। आज बुधवार से और ज्यादा ठंड पड़ने के आसार हैं। उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलेंगी, जिससे तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। कड़ाके की ठंड पड़ने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 7 जिलों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार शामिल है। पटना स्थित मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 24 घंटे में राज्य के न्यूनतम तापमान में और अधिक गिरावट होने की संभावना है। अगले दो दिनों में हवा की गति ज्यादा होने पर दिन और रात के तापमान में तेजी से गिरावट आएगी। पूरे बिहार में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान गिर सकता है। जल्द ही कड़ाके की ठंड भी पड़ने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ कमजोर हो रहा है। लिहाजा, फिलहाल बेहद कड़ाके की ठंड की आशंका कम है। इधर पश्चिमी विक्षोभ के असर से सोमवार को राज्य में गया, गोपालगंज, सीवान, पश्चिमी चंपारण, वाल्मीकिनगर और डेहरी में हल्की बारिश हुई। बिहार के मौसम में खास बात यह है कि अभी तक राज्य में औसत उच्चतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक ही रहा है। बिहार की राजधानी पटना का गांधी मैदान इलाका सबसे अधिक प्रदूषित जगह बन गया है। गांधी मैदान का AQI मंगलवार को बेहद खराब श्रेणी यानी 440 पर पहुंच गया है। सोमवार को ही यह 400 के पार हो गया था। वही इसके अलावा सासाराम का 297, आरा का 249, हाजीपुर 236, सहरसा 222, राजगीर 206, मुजफ्फरपुर 194, बेतिया 189, कटिहार 155, पूर्णिया 156, समस्तीपुर 147, बेगूसराय 145, मुंगेर 140, सीवान का 128 दर्ज किया गया।

# बिहटा में सड़क जाम को लेकर किसानों का धरना

एजेंसी, पटना



पटना के बिहटा प्रखंड के पाली और कौड़ियां गांव के किसानों ने 'बांध सड़क बचाओ अभियान' के तहत धरना दिया। इस धरना में कई गांव के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर बांध पर धरना दिया।

किसानों की मांग है कि जब सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन के द्वारा बांध पर बालू लदे ट्रकों का आवागमन पर रोक है। इसके बावजूद भी आए दिन बांध के रास्ते बालू लदे ट्रकों का आवागमन जारी है, जिसके कारण गांव के लोगों को और स्कूली बच्चों को आने जाने में काफी दिक्कत होती है। यहां तक बालू लदे बड़े वाहनों के कारण जाम भी लग जाती है। यहां तक बांध पर आए दिन सड़क हादसे होते रहता है। अब तक कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। सड़क भी कई से जगह से टूट चुकी है, जिसके कारण गांव के लोगो को आने जाने में भी दिक्कत होती है। लेकिन, जिला प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देती है।

**क्या बोले किसानः** इधर, स्थानीय किसान रामचनेसर राय ने बताया कि बांध पर बालू लदे ट्रकों का आवागमन पूरी तरह से बंद है। इसके बावजूद भी अवैध तरीके से चल रहा है जिसके कारण आए दिन जाम स्थिति बनी रहती है।

लोगों को काफी परेशानी होती है।शुरू में चालू था लेकिन अब बंद है लोहे का ब्रैकेटिंग भी बांध पर लगा लेकिन सड़क को कई जगह काट कर रास्ता बना कर चलाया जाता है इसलिए आज धरना पर है और ट्रकों को रोका गया है। वहीं, धरना पर बैठे कौड़ियां गांव के किसान समिति के सचिव शिवजी राय ने बताया कि जब सिंचाई विभाग ने बांध पर दो सालों से भारी वाहनों का रोक लगा रखा है इसके साथ ही बांध पर कई जगह पर लोहे का ब्रैकेटिंग भी लगाया गया है लेकिन बालू ठेकेदारों के द्वारा अवैध रूप से बांध के किनारे रहती जमीन से रास्ता बनाया गया है ताकि ट्रकों को बांध के सहारे चलाया जा सके इस संबंध में पटना जिलाधिकारी सहित सभी विभाग में आवेदन भी दिया गया है।

**नो एंट्री के बावजूद बांध से होता है भारी वाहनों का आवागमन, घंटों तक लगा रहता है जाम**

कोर्ट में भी केस चल रहा है। लेकिन, प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रही है जिसके कारण आज हम सभी लोगों ने धरना दिया है और हमारी मांग है कि बंद पर भारी वाहन न चले चलने के कारण आसपास के गांव के लोग काफी परेशान होते हैं खासतौर पर बांध के किनारे स्कूल है और स्कूल के बच्चे आते जाते हैं बंद पर आए दिन सड़क हादसे भी हो रहे हैं कई लोग की मौत भी हो चुकी है। प्रशासन केवल देख रही है पुलिस की मिली भगत से इस तरह का काम चल रहा है। यह बांध का रास्ता पाली हॉल्ट से होते हुए बिक्रम होते हुए अरवल तक जाती है।

# JDU सांसद लवली आनंद ने कहा- उन्हें मांफी मांगनी चाहिए

## विरोध में जदयू महिला प्रकोष्ठ का प्रदर्शन

एजेंसी, पटना



RJD सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने CM नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा पर कल मंगलवार को तंज कसा था। उन्होंने कहा कि था कि 'अच्छा है यात्रा पर जा रहे हैं। नयन सेंकने जा रहे हैं।' वहीं 2025 में 225 सीटें जीतने के नीतीश कुमार के दावे पर पूर्व CM ने कहा कि 'पहले आंखें सेंक लें अपनी। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी।' वहीं उनके बयान के बाद लगातार NDA के नेता उन पर हमलावर हैं। वहीं अब इस मामले पर JDU सांसद लवली आनंद ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लालू जी बुढ़ापे में सठिया गए हैं। इसलिए महिलाओं को लेकर ऐसे बयान दे रहे हैं। वहीं लालू के बयान के खिलाफ जदयू महिला प्रकोष्ठ की तमाम नेताओं ने प्रदर्शन किया। जदयू की महिला प्रवक्ता सहित महिलाओं ने लालू प्रसाद यादव के बयान की तीखी आलोचना करते हुए माफी मांगने की डिमांड रख दी है। हाथों में बैनर, पोस्टर लेकर लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार की महिलाओं का जिक्र करते हुए प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा परिवार के अंदर ही इतनी महिलाएं हैं। राजनीति में महिलाओं को इस नजरिए से लालू प्रसाद यादव देख रहे हैं या कहीं से भी ठीक नहीं है। वहीं दिल्ली में आयोजित NDA की डिनर में शामिल होने के बाद डिप्टी CM सम्राट चौधरी ने पटना एयरपोर्ट पर लालू यादव पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि लालू यादव के बयान से स्पष्ट है कि उनको इलाज की जरूरत है। शरीर से वह बीमार दिख रहे थे। उन्हें मानसिक इलाज की जरूरत है।

उन्होंने आगे कहा कि राजद सुप्रीम लालू प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा पर विवादित बयान दिया था। जिसको लेकर जदयू के नेता लालू प्रसाद यादव पर हमलावर हैं। लवली आनंद ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने जो बयान दिया है बहुत गलत ही बयान है। ऐसा लग रहा है कि लालू प्रसाद यादव बुढ़ापे में सठिया गए हैं।

# सड़क हादसे में स्कूली बच्ची घायल, स्कूल जाने के दौरान तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

एजेंसी, पटना

पटना में सड़क हादसे में पीहू कुमारी (05) सड़क हादसे में घायल हो गई। घटना बाढ़ अनुमंडल के बेलछी थाना अंतर्गत एकडंगा गांव की है, जहां NH 30A पर तेज रफ्तार वाहन ने एक बच्ची को टक्कर मार दी। बच्ची सड़क किनारे स्थित मध्य विद्यालय एकडंगा में पढ़ने जा रही थी। ग्रामीणों ने NH 30A पर ब्रेकर देने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया है।

**NH 30A पर ब्रेकर की मांग को लेकर हंगामाः** ग्रामीणों ने बताया कि बच्ची मध्य विद्यालय एकडंगा में पढ़ने जा रही थी। उसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जहां बच्ची का इलाज जारी है। वहीं स्थानीय लोगों ने NH 30A पर ब्रेकर की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने में लगी है। एकडंगा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ने कहा कि हम स्कूल के अंदर थे, इसी दौरान जानकारी मिली की तेज रफ्तार वाहन ने एक बच्ची को टक्कर मार दी है और वह इस विद्यालय में पढ़ने आ रही थी। बच्ची का नाम इस स्कूल में है या नहीं इसकी जानकारी नहीं है।



ब्रेकर की मांग को लेकर हंगामा

**क्या बोली पुलिसः** बेलछी थाने के SI आलम खान ने बताया कि मध्य विद्यालय एकडंगा में पढ़ने जा रहे बच्ची को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भेजा गया है। चालक, वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मामले की जांच की जा रही है।

## गिरिराज सिंह ने जस्टिश शेखर यादव का किया समर्थन

# केंद्रीय मंत्री बोलें- उन्होंने क्या गलत बोला? वह जज के अलावा एक हिन्दू भी हैं

एजेंसी, पटना



इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर कुमार यादव के द्वारा दिए गए बयान को लेकर सियासत गरमा गई है। अब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह उनके समर्थन में उतरे हैं। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि न्यायाधीश शेखर यादव ने क्या गलत कहा ? जिस प्लेटफार्म से वह बोल रहे थे उस प्लेटफार्म से वह नहीं बोलेंगे तो कहां बोलेंगे ? क्या भारत-पाकिस्तान की स्थिति में आ जाएगा तब उस प्लेटफार्म से भी बोल पाएंगे ? वह पैदा हिंदू में नहीं लिए क्या ? उनके अंदर हिंदुत्व नहीं है क्या ? जब वह कोर्ट में बैठते हैं तब वह जज होते हैं। शेखर यादव जज के अलावा एक हिन्दू भी हैं।

गिरिराज सिंह ने कहा कि जैसे मैं मंत्री हूं, तो क्या मैं मंत्री बनकर पैदा लिया था, क्या वह जज बनकर पैदा लिए थे। कल माले गांव से ओवैसी के नेतृत्व में एक डेलीगेट आया तो क्या मैं उनसे नहीं मिलूंगा ? क्या उनकी बातें नहीं सुनूंगा ? लेकिन मैं पैदा लिया हिंदू बनकर और मरूंगा हिंदू बनकर। इसलिए हिंदुत्व ही हमारे लिए सब कुछ होगा। इसी तरह से शेखर यादव अगर कोर्ट से बोले होते तब बात समझ में आती है कि कोर्ट से ऐसी बात क्यों बोल रहे हैं।

**राहुल गांधी की संभल यात्रा पर साधा निशानाः** गिरिराज सिंह ने कहा कि अगर कोर्ट से शेखर यादव ऐसी बातें नहीं बोल रहे हैं, तो इनके ऊपर जो लोग टिप्पणी और आरोप लगा रहे हैं, वह कौन लोग हैं ? वही टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग हैं जो अफजल के पक्ष में खड़े होते हैं। ऐसे लोग आतंकवादी के साथ खड़े होते हैं। ये वही लोग हैं जो कभी पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह भारत को देखना चाहते हैं। यह वही टुकड़े-टुकड़े लोग हैं जो संभल की यात्रा तो करते हैं, लेकिन बहराइच की घटना पर दुख नहीं होता। बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार पर उनको दुख नहीं होता।

**क्या था न्यायधीश शेखर यादव का बयानः** बता दें कि विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शेखर यादव ने कहा था कि कि मुझे यह कहने में कोई भी झिझक नहीं है कि यह भारत है और यहां बहुसंख्यकों के हिसाब से काम होगा। यह कानून है। आप यह नहीं कह सकते कि आप हाईकोर्ट के जज होने के नाते ऐसा कह रहे हैं।

# 'हमारी सरकार बनी तो कांग्रेस के दो डिप्टी CM होंगे' बिहार कांग्रेस प्रभारी बोले- उसमें एक मुस्लिम होगा

एजेंसी, पटना



2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी सभी राजनीतिक दलों ने शुरू कर दी है। महागठबंधन में शामिल कांग्रेस ने चुनाव और हार-जीत के फैसले से पहले ही बड़ी डिमांड रख दी है। बिहार कांग्रेस के प्रभारी शाहनवाज आलम ने कहा- '2025 में महागठबंधन की सरकार बनी तो कांग्रेस पार्टी से दो डिप्टी CM होंगे। एक डिप्टी CM मुस्लिम समाज से होगा और दूसरा डिप्टी CM सामान्य वर्ग से होगा।' खगड़िया में शाहनवाज आलम ने कहा कि 'बिहार विधानसभा का चुनाव महागठबंधन तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ेगा। बहुमत मिलने के बाद तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री होंगे।' इससे पहले कांग्रेस प्रभारी ने ममता बनर्जी को नेतृत्व देने वाले लालू यादव के बयान पर कहा था- 'कांग्रेस पार्टी एक अखिल भारतीय पार्टी है। जो लोग इस तरह का दावा कर रहे हैं कि बिहार, यूपी, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का वजूद नहीं है, वह पूरी तरह से बेतुका है। अगर आप सिर्फ एक राज्य में मजबूत हैं तो उसके आधार पर आप दूसरे दल पर सवाल खड़ा नहीं कर सकते। हर किसी की महत्वाकांक्षा होती है, लेकिन उसे कंट्रोल में रखना चाहिए।'

**लालू यादव के बयान से कांग्रेस में हलचलः** एक दिन पहले ही लालू यादव ने I.N.D.I.A गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी को सौंपने की बात कही थी। उनके इस

**तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री होंगे**

बयान के बाद कांग्रेस में खलबली मच गई थी। हालांकि, कांग्रेस की ओस रे कहा गया कि 'नेतृत्व का निर्णय I.N.D.I.A गठबंधन के सभी घटक दल मिलकर करेंगे।'

वहीं खगड़िया में मीडिया से बात करते हुए बिहार कांग्रेस प्रभारी शाहनवाज आलम ने इशारों में लालू परिवार और ममता बनर्जी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, 'पिछले दिनों देश के एक बड़े पूंजीपति के घर में शादी हुई थी, तो जो-जो लोग उस शादी में गए थे, वही लोग उन पर सवाल उठा रहे हैं जो उस शादी में नहीं गए थे। गांधी परिवार को पूरे देश के लोग स्वीकार करते हैं।'

# मुकेश सहनी ने नीतीश को दिलाई पार्टी की सदस्यता

एजेंसी, पटना

अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और युवा नेता नीतीश द्वेदी सैकड़ों समर्थकों के साथ आज विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) में शामिल हो गए। पटना में आयोजित मिलन समारोह में वीआईपी के संस्थापक और 'सन ऑफ मल्लाह' मुकेश सहनी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। पार्टी में स्वागत करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

**वीआईपी को मिला साथः** पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि नीतीश द्वेदी युवा नेता हैं। इनकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर हैं। संगठन को लेकर पूरे देश में घूमते रहे हैं। मुझे खुशी है कि अब उनके व्यक्तित्व और ज्ञान का लाभ वीआईपी को मिलेगा। द्वेदी का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्होंने



**♦ बड़ी संख्या में पहुंचे समर्थक, सीवान-गोपालगंज समेत कई जिलों में VIP को होगा फायदा**

कहा कि ये अब बिहार में रहकर समाजसेवा और राजनीति करना चाहते हैं। उन्होंने उनके समर्थकों को भरोसा देते हुए कहा कि नीतीश द्वेदी को सीवान, गोपालगंज, छपरा में पार्टी की ओर से बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी।

# मोकामा टाल में नहीं हो सकी रवी फसल की बुआई

एजेंसी, पटना

मोकामा टाल में औंटा और हाथीदह के बीच जलजमाव के कारण लगभग 200 बीघा जमीन में रवी फसल की बुआई नहीं हो पाई है। तीन सालों से किसानों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में NHAI के अधिकारी किसानों को आश्वस्त कर गए हैं। रवी फसल की बुवाई अंतिम दौर में है, जलजमाव के कारण कई गांव के लगभग एक सौ से ज्यादा छोटे-बड़े किसान परेशान हैं। इस मामले को लेकर DM और अन्य संबंधित पदाधिकारियों को किसानों द्वारा आवेदन दिया गया है। हाथीदह पंचायत के सरपंच रासबिहारी प्रसाद सिंह ने बताया कि मोकामा नगर परिषद क्षेत्र के नाले का पानी औंटा, हाथीदह और आगे विभिन्न गांव होते निकास हो जाता था। वहीं अब निर्माणाधीन सिक्स लेन ब्रिज और रेल ब्रिज का



**200 बीघा में जलजमाव से बढ़ी किसानों की परेशानी, सरकार से मुआवजे की मांग**

काम शुरू होने के बाद नाले के पानी का निकास नहीं रहने के कारण तीन सालों से जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। इसके कारण सौ से अधिक छोटे-बड़े किसान परेशान हैं। किसान सुबोध प्रसाद सिंह ने कहा कि पटना जिलाधिकारी व अन्य पदाधिकारियों को आवेदन देकर जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई है।

# 15 अगस्त तक पटना मेट्रो शुरू करने की तैयारी, ट्रैक बिछाने का काम शुरू किया गया

एजेंसी, पटना

पटना में मेट्रो का कार्य तेजी से किया जा रहा है। 15 अगस्त 2025 तक फर्स्ट फेज के शुरू करने डेडलाइन दिया गया है। आज नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने पटना मेट्रो फर्स्ट पेज कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। मलाही पकड़ी से लेकर न्यू आईएसबीटी तक बने प्रॉयरिटी कॉरिडोर पर सिविल वर्क पूरा हो गया है।

**मेट्रो फर्स्ट फेज के लिए बिछाया जा रहा ट्रैकः** अब ट्रैक बिछाने और ट्रेन सेट की खरीदारी करने का काम चल रहा है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक और टेलीकॉम सिग्नलिंग का काम भी जल्द शुरू किया जाएगा। पैसे की कमी से कार्य में देरी न हो, इसके लिए राज्य सरकार ने विशेष व्यवस्था किया है। प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत फर्स्ट फेज का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पटना मेट्रो को प्रायोरिटी कॉरिडोर निर्माण कार्य के लिए डेढ़ सौ करोड़ आवंटित किए गए हैं।



**फर्स्ट फेज में मेट्रोः** आईएसबीटी बस स्टैंड बैरिया से मलाही पकड़ी करीब 6.5 किलोमीटर तक फर्स्ट फेज में मेट्रो चलाई जाएगी। फर्स्ट पेज में 6 किलोमीटर में पांच मेट्रो स्टेशन बनाए गए हैं। आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन, जीरो माइल मेट्रो स्टेशन, भूतनाथ मेट्रो स्टेशन, खेमनीचक मेट्रो स्टेशन, मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसके बाद शहरवासी सिर्फ 15 मिनट में मलाही पकड़ी से बैरिया बस स्टैंड तक पहुंच जाएंगे।

**♦ मेट्रो की शुरुआत के लिए 150 करोड़ दे चुकी है सरकार**

**पटना मेट्रो डिपो का भी काम चल रहा तेजी सेः** बैरिया बस स्टैंड के पास पटना मेट्रो डिपो का भी काम तेजी से चल रहा है। डिपो में धुलाई से लेकर मेंटेनेंस तक का काम किया जाएगा। इसके अलावा यहां एक कंट्रोल सिस्टम भी बनाया जाएगा। यह पूरे पटना मेट्रो का हर्ट होगा। यहां बने एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग में कंट्रोल सिस्टम, मैनेजमेंट सिस्टम, सिक्योरिटी, ट्रेनिंग सेंटर मौजूद रहेगा। डिपो पर टेस्ट ट्रैक का भी निर्माण किया जाएगा, जहां मेट्रो ट्रायल रन होगा।

## स्टार शटलर पीवी सिंधु ने पीएम मोदी को दिया शादी का निमंत्रण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने अपने होने वाले पति वेंकट दत्त साई के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनके प्यार, स्नेह और मार्गदर्शन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सिंधु 22 दिसंबर को वेंकट के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकात पर विचार करते हुए, सिंधु पीएम मोदी की उनके साथ बैडमिंटन और वेंकट के साथ डेटा पर चर्चा करने की क्षमता से आश्चर्यचकित रह गईं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा- आपके साथ समय बिताना हमेशा बहुत खास होता है। सर। हम आपके प्यार, स्नेह और मार्गदर्शन के लिए बहुत आभारी हैं। यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि आप मेरे साथ बैडमिंटन और दत्ता के साथ डेटा पर इतनी सहजता से चर्चा कैसे कर सकते हैं। एक्स पर निर्मला सीतारमण कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक दृश्य में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने वेंकट के साथ वित्त मंत्री से भी मुलाकात की।

हाल ही में सिंधु ने महान सचिन तेंदुलकर को अपनी शादी में आमंत्रित किया था। शटलर से शादी का निमंत्रण मिलने के बाद तेंदुलकर ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया। तेंदुलकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- बैडमिंटन में, स्कोर हमेशा प्यार से शुरू होता है, और वेंकट दत्त साई के साथ आपकी खूबसूरत यात्रा यह सुनिश्चित करती है कि यह हमेशा प्यार के साथ जारी रहे! अपने बड़े दिन का हिस्सा बनने के लिए हमें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद।

## दबाव सिर्फ उस्मान ख्वाजा पर नहीं, बल्कि पूरे शीर्ष क्रम पर है : वॉर्नर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए रन बनाने की जिम्मेदारी केवल सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पर नहीं है, बल्कि पूरे शीर्ष छह पर है जिन्हें टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण पर काम का बोझ कम करने के लिए बड़ा प्रदर्शन करने की जरूरत है। ख्वाजा ने सीरीज की शुरुआत खराब की है, पहले दो टेस्ट में सिर्फ 34 रन ही बना पाए हैं।

शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में उनकी असमर्थता लंबे समय से चल रही है, ऑस्ट्रेलिया के लिए अपनी पिछली 16 पारियों में उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है। हालांकि ख्वाजा अकेले नहीं हैं जो इस परेशानी से जूझ रहे हैं। स्टीव स्मिथ ने तीन पारियों में सिर्फ 19 रन बनाए हैं जबकि मार्नस लाबुशेन ने एडिलेड में 64 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की है। वार्नर ने कहा, मुझे लगता है कि दबाव सिर्फ उज्जी पर नहीं, बल्कि पूरे शीर्ष क्रम पर है। ट्रैविस ने शानदार शतक बनाया और हम जानते हैं कि वह ऐसा करने में सक्षम है। लेकिन हर कोई इसका समर्थन कर रहा है। यह सिर्फ एक खिलाड़ी की बात नहीं है, बल्कि शीर्ष छह खिलाड़ियों ने बहुत ज़्यादा रन बनाए और सुनिश्चित किया कि तेज गेंदबाज़ों को आराम दिया जाए। पहला मैच तेज गति वाला टेस्ट था, लेकिन इस आखिरी मैच में मिचेल स्टार्क हमेशा की तरह गुलाबी गेंद से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे।

### फ्रेंचाइजी पर आधारित होंगी टीमें

# खेलों में राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग कराएगा खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कबड्डी, हॉकी, टेबल टेनिस जैसे खेलों में जहां लीग पहले से ही चल रही हैं, वहां कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी, लेकिन जिन खेलों में लीग नहीं हो रही है या आर्थिक कारणों से बंद हो चुकी है, उन खेलों में लीग आयोजित की जाएगी। हॉकी इंडिया लीग और प्रो कबड्डी लीग की तर्ज पर खेल मंत्रालय अन्य खेलों में लीग का आयोजन कराएगा। मंत्रालय तकरीबन 12 खेलों में राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग का आयोजन कराने जा रहा है।

ये लीग फ्रेंचाइजी मॉडल पर आधारित होंगी और निजी औद्योगिक कंपनियां अन्य लीगों की तरह इनमें अपनी टीमें उतारेंगी। हालांकि राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग में विदेशी खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। इनमें सिर्फ देश के खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति होगी। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग को साई और राष्ट्रीय खेल संघों के साथ मिलकर आयोजित किया जाएगा। कबड्डी, हॉकी, टेबल टेनिस जैसे खेलों में जहां लीग पहले से ही चल रही हैं, वहां कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी, लेकिन जिन खेलों में लीग नहीं हो रही है या आर्थिक कारणों से बंद हो चुकी है, उन खेलों में लीग आयोजित की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक अभी खेलों का चयन नहीं किया गया है, लेकिन खेल संघों से बातचीत के बाद इनका चयन किया जाएगा। मंत्रालय का मानना है कि 12 खेलों में लीग हो सकती है। लीग कराने का उद्देश्य 2036 के ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।



एक खेल संघ में एक ही लीग का आयोजन किया जाएगा। ऐसा नहीं होगा कि खेल संघ अपनी लीग कराए और मंत्रालय अलग से लीग कराए। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि हालांकि समय-सीमा अभी तय नहीं की गई है लेकिन योजना प्रक्रिया और खेलों की पहचान का काम अग्रिम चरण में है तथा समय आने पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मंत्रालय का मानना है कि यह 2036 में ओलंपिक की मेजबानी की महत्वाकांक्षा रखने वाले देश के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम होगा। सूत्र ने कहा, एनएसएल की शुरुआत के बाद प्रत्येक खेल में केवल एक लीग होगी। ऐसा नहीं होगा कि एनएसएफ. एक लीग का आयोजन करे और मंत्रालय दूसरी लीग का। सूत्र ने उन खेलों का खुलासा करने से इनकार कर दिया जिनमें मंत्रालय लीग शुरू करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि यह जल्द ही किया जाएगा। सूत्र ने यह भी कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भेजा गया 'आशय पत्र' किसी विशेष शहर के लिए नहीं था।

ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि अगर भारत को खेलों की मेजबानी दी जाती है तो अहमदाबाद खेलों के महाकुंभ की मेजबानी करेगा। सूत्र ने कहा, देखिए, यह कहना बहुत जल्दबाजी होगी। भारत ने आईओसी को केवल आशय पत्र भेजा है। इसमें मेजबान शहर का उल्लेख नहीं है।

मेजबान शहर पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अगले साल के चुनाव में आईओसी प्रमुख के पद की दौड़ में आगे चल रहे विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने हाल ही में नयी दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ उपयोगी चर्चा की।

## गाबा टेस्ट में टीम इंड़िया के टॉप ऑर्डर को करना होगा पलटवार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिंक टेस्ट में 10 विकेट से शर्मनाक हार से उबरने के बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में अब टीम इंड़िया ब्रिस्बेन पहुंच चुकी है. जहां 14 दिसंबर से भारतीय टीम गाबा स्टेडियम में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट खेलने उतरेगी. यह मुकाबला सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर शुरू होगा. वहीं टॉस 5 बजकर 20 मिनट पर होगा.

एडिलेड टेस्ट में विराट कोहली, रोहित शर्मा, ओपनर्स (यशस्वी जायसवाल), तीसरे तेज गेंदबाज हर्षित राणा और स्पिनर के तौर पर रविचंद्रन अश्विन इस मुकाबले में फ्लॉप रहे थे. ऐसे में टीम इंड़िया को अगर ब्रिस्बेन के गाबा में वापसी करनी है तो ये पांच फैक्टर सुधारने होंगे.

**1. रोहित को दिखाना होगा धांसू कम बैक:** खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित ने पिछली 12 पारियों में केवल एक अर्धशतक (52) के साथ महज 142 रन बनाए हैं. वो अपने बेटे अहान के जन्म के बाद टीम में शामिल हुए, लेकिन एडि?लेड टेस्ट की दोनों पारियों में केवल 9 रन बनाए. वही छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे. पहले उन्हें फुलर डिलीवरी पर एलबीडब्लू करार दिया गया, जबकि दूसरे प्रयास में उन्हें ऑस्ट्रेलियाई पैट कमिंस की लेंथ बॉल पर बोल्ड हो गए.

**2. कोहली का गाबा में चलना जरूरी:** कोहली ने पर्थ में शतक के साथ अपने 16 महीने के शतक के सूखे को समाप्त किया, ऐसा लगा कि किंग कोहली की वापसी हो गई है. लेकिन पिंक बॉल टेस्ट में वो पहले दूसरी स्लिप में और फिर विकेटकीपर के हाथों में कैच हाउट हो गए. दोनों पारियों को मिलाकर वह 18 रन ही बना सके. कोहली को गाबा में दम दिखाना होगा.

**3. राहुल-यशस्वी से उम्मीदें:** केएल राहुल ने पर्थ टेस्ट में रोहित की गैरमौजूदगी में यशस्वी जायसवाल संग ओपनिंग की. राहुल ने पर्थ टेस्ट की पहली पारी 26 तो दूसरी पारी में 77 रनों की पारी खेली. जायसवाल ने पहली पारी में 0 पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में 161 रनों की शानदार पारी खेली थी. उस मैच में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया में एक टेस्ट पारी में 200 रन बनाने वाली पहली भारतीय ओपनर जोड़ी बन गई थी. कुल मिलाकर ऐसा पहली बार हुआ. दोनों ने पहले विकेट के लिए 201 रन जोड़े.

लेकिन एडिलेड टेस्ट में दोनों ही लंबी पार्टनरशिप नहीं कर सके. एडिलेड टेस्ट में यशस्वी तो पहली ही गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए. दूसरी पारी में उन्होंने 24 रन बनाए. वहीं केएल राहुल ने एडिलेड टेस्ट में पहली पारी में 37 तो दूसरी में 7 रन बनाए.

## वेस्टइंडीज ने 10 साल में पहली बार बांग्लादेश से वनडे श्रृंखला जीती



**बासेटेरे (सेंट किट्स एंड नेविस), एजेंसी।** तेज गेंदबाज जेडन सील्स के चार विकेट और सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के आकर्षक अर्धशतक की मदद से वेस्टइंडीज में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 79 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई।

वेस्टइंडीज ने पहले बांग्लादेश को 46 ओवर में 227 रन पर आउट कर दिया और फिर 36.5 ओवर में तीन विकेट पर 230 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। यह पिछले 10 वर्षों में पहला अवसर है जबकि वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश से वनडे श्रृंखला जीती है। उसने रविवार को इसी मैदान पर खेला गया पहला मैच पांच विकेट से जीता था। तीसरा और अंतिम वनडे इसी मैदान पर गुरुवार को खेला जाएगा। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। एक समय उसका स्कोर सात विकेट पर 115 रन था। महमुदुल्लाह (62) और तंजीम हसन साकिब (45) ने यहां से 92 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 46 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से सील्स ने 22 रन देकर चार विकेट लिए।

वेस्टइंडीज के लिए लक्ष्य तक पहुंचना औपचारिकता मात्र रहा। ब्रैंडन किंग और एविन लुईस ने पहले विकेट के लिए 21 ओवर में 109 रन की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। किंग ने 82 रन बनाए जबकि लुईस (49) और कीसी कार्टी (45) अर्धशतक से चूक गए।

### इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया गाबा टेस्ट

## झुकेगा नहीं ऋषभ पंत... फायर है मोहम्मद सिराज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुष्पा झुकेगा नहीं... पुष्पा नाम सुनकर फ्लावर समझे क्या, फायर है मैं.. यह डायलॉग अब तक आपने सिर्फ सिनेमा के बड़े पर्दे पर साउथ के सुपर स्टार अल्लू अर्जुन से ही सुने होंगे. मगर अब कुछ इसी पुष्पा स्टाइल में आप भारतीय क्रिकेटर्स को भी अगले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंगार बरसाते हुए देख सकेंगे. भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन के गाबा में 14 दिसंबर से खेलना है. लगातार दूसरी बार गाबा को जीतने के लिए ऋषभ पंत को पुष्पा बनते देख सकेंगे. वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरने के साथ अपने बल्ले से यह समझा देंगे कि वो इस बार भी झुकेंगे नहीं. सिराज को फ्लावर समझे क्या... इस बार वो पुष्पा की तरह वाइल्ड फायर बनकर बरसने वाले हैं. उन्होंने एडिलेड टेस्ट में अपने एग्रेशन से ट्रेविस हेड और बाकी कंगारू खिलाड़ियों को जमकर परेशान किया था. अब वो गाबा में फायर बनने वाले हैं.



पुष्पा-2 फिल्म के आखिर में हीरो अपनी भतीजी को बचाने के लिए गुंडों को रप्पा-रप्पा डायलॉग बोलकर बदला लेने की बात कहता है. आखिर में वो ऐसा करके भी दिखाता है. कुछ इसी तरह गाबा टेस्ट में शुभमन गिल और वॉशिंगटन सुंदर को भी देख सकते हैं. उन्होंने पिछली बार गाबा टेस्ट में धूम मचा दी थी. अब वो दूसरे पार्ट में यानी लगातार दूसरे गाबा टेस्ट में तहलका मचाने को तैयार हैं.

दरअसल, कहानी कुछ यूं है कि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में लगातार पिछली 2 टेस्ट सीरीज में शिकस्त दी है. पिछला दौरा 2020 के आखिर में किया था, तब 4 टेस्ट की सीरीज में 2-1 से हराया था. उस दौरान गाबा टेस्ट में भारतीय टीम ने 3 विकेट से कंगारू टीम को शिकस्त दी थी.

उस सीरीज का सबसे कड़ा मुकाबला कहें तो यही गाबा टेस्ट था. उस दौरान विकेटकीपर बल्लेपबाज ऋषभ पंत, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, ओपनर शुभमन गिल और स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने जीत के लिए जी-जान लगा दिया था. उस टेस्ट में चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, शार्दुल ठाकुर ने भी कंगारू टीम की कमर तोड़ी थी. मगर यह तीनों इस बार दौरे पर नहीं हैं. पंत, सिराज, गिल और सुंदर एक बार फिर दौरे पर पहुंचे हैं. तीनों फॉर्म में भी हैं. पिछली बार गाबा टेस्ट में ऋषभ पंत प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे. यही वजह है कि इस बार वो गाबा में झुकेगा नहीं डायलॉग के साथ उतरने वाले हैं. वो फिर अपना पुराना रोद्र रूप दिखा सकते हैं.

**सुंदर और गिल ने खेली रप्पा-रप्पा वाली पारी:** 2021 के गाबा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 369 और फिर भारतीय टीम ने 336 रन बनाए थे.

### टीम इंडिया के बाद यहां खेलना भी मुश्किल, सेलेक्टर्स ने लिया फैसला

# पांडे जी का करियर खत्म?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के बाद अब पांडे जी को घरेलू क्रिकेट की टीम से भी बाहर कर दिया गया है. टीम इंडिया के सेलेक्टर्स के बाद अब उनकी घरेलू टीम कर्नाटक के सेलेक्टर्स ने भी उन्हें टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया है. पांड जी से यहां मतलब मनीष पांडे से है. 35 साल के मनीष पांडे इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते नहीं दिखेंगे. वो रणजी ट्रॉफी के दूसरे हाफ के मुकाबले भी नहीं खेलेंगे क्योंकि सेलेक्टर्स ने उन्हें उस टीम से भी बाहर कर दिया है. सवाल है कि क्या मनीष पांडे का क्रिकेट करियर खत्म होने वाला है? ये सवाल इसलिए भी गहराता दिख रहा है क्योंकि केएससीए सेलेक्टर्स ने मनीष पांडे को बाहर करने की वजह युवाओं को मौका देने को बताया है. केएससीए के चेयरमैन जे. अभिराम ने बताया कि मनीष पांडे को सभी फॉर्मेट से बाहर किया गया है. उन्होंने ये भी कहा कि 35 साल के क्रिकेटर को बाहर करने का फैसला अचानक नहीं लिया गया, बल्कि इस बारे में उनसे बात भी हुई है. स्पोर्टस्टार से जे. अभिराम ने बताया कि मनीष पांडे बेहतरीन बल्लेबाज हैं. उनकी काबिलियत पर शक नहीं. लेकिन कुछ ऐसे मोड़ आते हैं जब आपको कठोर कदम उठाने पड़ते हैं.



### साउथअफ्रिका वर्सेस पाकिस्तानः

## टी-20 इंटरनेशनल में शाहीन अफरीदी का शतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डरबन में खेला पहला टी-20 भले ही साउथ अफ्रीका ने जीत लिया है. लेकिन, पाकिस्तान की हार के बावजूद उसके तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने एक बड़ा कमाल किया है. इस कमाल को करने वाले शाहीन अफरीदी पाकिस्तान के पहले और दुनिया के चौथे गेंदबाज बन गए हैं.




शाहीन ने ये कमाल डरबन में खेले टी-20 इंटरनेशनल मैच में अपना शतक पूरा करते हुए किया. यहां शतक से मतलब रनों के आंकड़े से नहीं बल्कि विकेटों की संख्या से है. शाहीन अफरीदी टी-20 इंटरनेशनल में 100 शिकार करने वाले गेंदबाज बन गए हैं.

**इस मामले में पाकिस्तान के पहले गेंदबाज बने:** अब आप कहेंगे कि शाहीन अफरीदी से पहले तो टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट हारिस रऊफ और शादाब खान भी ले चुके हैं. फिर वो पहले गेंदबाज कैसे हुए तो बेशक ञ्ज20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले शाहीन अफरीदी पाकिस्तान के तीसरे गेंदबाज हैं. लेकिन, क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में 100 विकेट लेने वाले वो पाकिस्तान के पहले और दुनिया के चौथे तेज गेंदबाज हैं.

**ऐसा करने वाले दुनिया के चौथे गेंदबाज शाहीन:** दुनिया में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में 4 विकेट लेने वाले शाहीन अफरीदी चौथे गेंदबाज हैं.

उनसे पहले श्रीलंका के लसिथ मलिंगा, न्यूजीलैंड के टिम साउदी और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन भी ये कारनामा कर चुके हैं. शाहीन शाह अफरीदी के टेस्ट में 116 विकेट, वनडे में 112 विकेट और अब टी-20 में 100 विकेट हैं.

**4 ओवर में शाहीन अफरीदी ने लिए 3 विकेट:** मुकाबले की बात करें तो शाहीन अफरीदी ने साउथ अफ्रीका के 3 महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किए. उन्होंने पहले नई गेंद से उसके ओपनर रासी वैन डर दुसे को बिना खाता खोले ही डगआउट भेजा.

# चैंपियंस ट्रॉफी से हटने पर पाकिस्तान को होगा भारी नुकसान

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगर चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर चल रहे गतिरोध के कारण अगले साल फरवरी मार्च में होने वाली इस 50 ओवर की प्रतियोगिता से हटने का फैसला करता है तो उसको राजस्व के भारी नुकसान के अलावा मुकदमों का भी सामना कर पड़ सकता है और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अलग-थलग भी पड़ सकता है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रतियोगिताओं के आयोजन से जुड़े एक वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक ने बुधवार को बताया कि अगर आईसीसी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) हाइब्रिड मॉडल को पूरी तरह से स्वीकार करने से इनकार करते हैं तो पीसीबी के लिए टूर्नामेंट से हटने का फैसला करना आसान नहीं होगा।

इस अधिकारी ने कहा, 'पाकिस्तान ने न केवल आईसीसी के साथ मेजबानी से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, बल्कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी देशों की तरह उसने आईसीसी के साथ सदस्यों की अनिवार्य भागीदारी से



संबंधित समझौते (एमपीए) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। आईसीसी की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद ही कोई सदस्य देश आईसीसी प्रतियोगिताओं से होने वाली कमाई का हिस्सा पाने का हकदार होता है।

अधिकारी में कहा, 'सबसे महत्वपूर्ण बात किया है कि आईसीसी ने अपनी सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रसारक से समझौता किया है जिसमें उसने गारंटी दी है कि चैंपियंस ट्राफी सहित आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसके सभी सदस्य देश भाग लेंगे। आईसीसी पिछले सप्ताह चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल से करवाने पर सहमति हासिल करने में सफल रहा था। इसके अनुसार भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा। इसके अलावा आईसीसी की 2027 तक होने वाली प्रतियोगिताओं में यह व्यवस्था बरकरार रहेगी। इसकी हालांकि अभी तक औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। अगर यह समझौता हो जाता है तो इसका मतलब होगा कि पाकिस्तान 2027 तक होने वाली आईसीसी प्रतियोगिताओं के लिए भारत का दौरा करने के लिए बाध्य नहीं होगा।

▼ ब्रीफ खबरें

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग

**मेदिनीनगर।** आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने राज्य सरकार से जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा को रद्द कर सीबीआई जांच की माँग की है. उन्होंने कहा कि मंगलवार को हजारीबाग में जिस तरह से परीक्षा रद्द करने की माँग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज हुआ उसे लेकर छात्र आक्रोशित है. वर्तमान सरकार छात्रों को लेकर संवेदनशील नहीं है. जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द की जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र लीक होने के कारण परिणाम में भारी अनियमितताएं हुई हैं. 21 तारीख को हुई परीक्षा में केवल 82 उम्मीदवार पास हुए, जबकि 22 तारीख की परीक्षा में 2,178 उम्मीदवार सफल हुए. अभिषेक ने इसे भ्रष्टाचार बताते हुए परीक्षा परिणाम रद्द करने तथा इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है.

### मनो न्याय की टीम को डालसा सभागार में मिला प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा की ओर से लीगल सर्विसेज यूनिट मनो न्याय के टीम को मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2017 एवं दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 को लेकर डालसा सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के दौरान डालसा सचिव सह यूनिट के अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि नालसा नई दिल्ली के 2024 स्कीम के तहत गठित 'मनो न्याय विधिक सेवा टीम' का गठन पीएलवी एवं पैनल अधिवक्ताओं को लेकर हुआ है, जिसमें सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी भी सम्मिलित हैं. वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा श्री राजकमल मिश्रा, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष शिवकुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं सिविल सर्जन शंभू नाथ चौधरी के द्वारा किया गया.

### मानवाधिकार परिषद की बैठक

**मेदिनीनगर।** मानवाधिकार परिषद की बैठक आज सुदना स्थित जिला कार्यालय में हुई. बैठक का संचालन जिला कोडिनेटर रूचिर कुमार तिवारी ने किया. जिलाध्यक्ष संध्या देवी ने कहा कि आज विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है और इसी अवसर पर हमारी पलामू की मानवाधिकार की टीम मानव सेवा के लिए काम कर रही है. हमारी टीम पुरी निष्ठा के साथ काम कर रही है. बालिका सुधार गृह में बच्चियों के साथ जो अन्याय हो रहा था. उसमें सर्वप्रथम मानवाधिकार के टीम ने काम किया और उसको उजागर किया रक्षक ही भक्षक बनकर काम कर रहे थे. रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि मानव - मानव एक समान का नारा मानवाधिकार आयोग बहुत पहले से देते आई है. उन्होंने कहा कि मानवाधिकार का स्थापना दिवस है जिसमें मानव मूल्यों की रक्षा के प्रति हम सभी संकल्पित है. हाल ही के दिनों में बालिका सुधार गृह में जिस प्रकार से 18 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों के साथ जघन्य अपराध हुआ और उसका उजागर मानवाधिकार की टीम ने ही किया. जिला प्रशासन 2 वर्षो से सोई हुई थी 28 बच्चियों में एक बच्ची अभी भी 3 महीना से लापता है इन बच्चियों का तस्वीर खींचकर बाहर किसके पास भेजा जाता था, यह भी जांच का विषय है.

# बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार, उत्पीड़न के खिलाफ जन आक्रोश यात्रा

**संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा बांगलादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे नरसंहार व अत्याचार के खिलाफ सिमडेगा जिले में स्वत पूर्णता बंदी करते हुए जनाक्रोश यात्रा निकाली गई. जनाक्रोश यात्रा का नेतृत्व विहिप के निर्देश पर आयोजित आक्रोश यात्रा में हिंदू संगठन से जुड़े विभिन्न संगठन व भाजपा ने भी समर्थन किया . साथ ही सिमडेगा जिला बंद के घोषणा पर जिले वासियों ने आपसी सौहार्ट का परिचय देते हुए स्वत सिमडेगा बंद रखा . जिला मुख्यालय और प्रखंडों में भी लोगों ने स्वतः अपनी दुकानें बंद रखीं और अत्याचार के खिलाफ अपने आक्रोश को अभिव्यक्ति दी.



जनाक्रोश यात्रा की शुरुआत शहर के गांधी मैदान से नीचे बाजार झूलन सिंह चौक प्रिंस चौक होते हुए समाहार न्यायालय पहुंची . हजारों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भगवा ध्वज लेकर शहर के मुख्य पथों का परिभ्रमण किया. इस दौरान बांगलादेश सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने की मांग की गई. विश्व हिंदू परिषद की ओर से आयोजित जनाक्रोश यात्रा में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आमलोग शामिल हुए. भारतीय जनता पार्टी ने भी जनाक्रोश यात्रा को समर्थन दिया.

दुर्गा पूजा समन्वय समिति और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी सह नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने कहा कि बांग्लादेश में अत्याचार की सारी सीमाएं पार कर दी गई हैं. भारत की जनता बहुत आक्रोशित है. इस दिशा में जल्द से जल्द सख्त कदम उठाए जाने चाहिए. विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष कौशल सिंह देव संयोजक पवन जैन ओमप्रकाश साहू अनूप केसरी मजदूर नेता राजेश सिंह प्रदीप शर्मा विनय ठाकुर के अलावा विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी नहीं बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया.

### अपराधियों ने नमिता हत्याकांड के आरोपी को मारी गोली, रेफर

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के मुस्लिमनगर में बाइक से आए दो अपराधियों ने सद्दाम हुसैन को गोली मार दी. गोली सद्दाम हुसैन के बाएं कंधे में लगी है. जख्मी हालत में परिजन उसे लेकर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज ले गए. जहां से चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार, घटना के वक्त सद्दाम हुसैन मुस्लिम नगर स्थित अपने घर में बच्चे को गोद में लिए हुए था. तभी घर के बाहर एक अपाची बाइक रुकी. दो अपराधी हेलमेट पहने हुए उतरे और घर के अंदर जाकर सद्दाम को लक्ष्य करते हुए गोली चला दिया. गोली मारने के बाद अपराधी बाइक से फरार हो गए. सद्दाम की पत्नी ने बताया कि मिंटू रंगसाज और साबिर रंगसाज ने उसके पति को गोली मारा है. मिंटू और साबिर ने रांची में कुख्यात अपराधी छोटू रंगसाज का मर्डर किया था. सद्दाम कुरैशी फरवरी माह में स्थानीय सद्दीक मंजिल चौक पर दिनदहाड़े हुई नमिता देवी के मर्डर में शामिल था. इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार व टीओपी एक के प्रभारी सरस कुमार ने स्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है.

### चिराग के स्वागत की तैयारी तेज, 14 को होगी जनसभा

**चतरा।** आगामी 14 दिसंबर को होने वाले लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जनसभा सह सदस्यता कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेज हो गई है. लोकसभा और विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद आयोजित होने वाले पार्टी के पहले कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पार्टी नेता और कार्यकर्ता जोर-जोर से तैयारियों में जुटे हैं. केंद्रीय मंत्री सह लोजपा रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की आहूत जनसभा और कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा चतरा कालेज मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है. जहां पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी की जीत पर आभार व्यक्त करेंगे. वहीं विभिन्न दलों को छोड़कर लोजपा(रामविलास) में शामिल हो रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपनी पार्टी का सदस्यता ग्रहण कराते हुए स्वागत करेंगे. मौके पर हंटरगंज के चर्चित समाजसेवी सह व्यवसाई पूर्व मुखिया पिंडराकला गांव निवासी प्रेमचन्द सिंह उर्फ प्रेम बाबू अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ लोजपा में शामिल होंगे.

# लोकसभा में सांसद ने उठाया मंडल डैम निर्माण का मामला

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) निर्माण कार्य से संबंधित मामले को उठाया. सांसद ने कहा कि लातेहार जिला में उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना स्थित है. इस परियोजना में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार और बिहार राज्य के गया एवं औरंगाबाद जिलों के लगभग 1,11,521 हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई उपलब्ध कराने, लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उद्योग धंधों की जरूरत की परिकल्पना है.

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार बनने पर 1622.27 करोड़ रूपये की लागत से इस परियोजना के पुननिर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी. परियोजना का कार्य वाप्कोस



लिमिटेड कंपनी को मिला. प्रधानमंत्री ने पांच जनवरी 2019 को इस परियोजना के निर्माण की अधारशिला पलामू में आकर रखी. प्रधानमंत्री के जरिये शिलान्यास करने के बाद पलामू प्रमण्डल के साथ-साथ बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिले की जनता के मन में मंडल डैम परियोजना के निर्माण कार्य फिर से शुरू होने की आशा जगी, परन्तु डूबे हुए क्षेत्र के ग्रामीणों के जरिये मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर हुए आंदोलन एवं राज्य सरकार की उदासीनता के कारण लगभग छह महीने कार्य रूका रहा और निर्माण कार्य पर व्यापक असर पड़ा और तब से अब तक उक्त कंपनी के जरिये निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है. कार्य शुरू नहीं होने से जनता के मन में तरह-तरह की भ्रांतियां उत्पन हो रही है.

डूबे हुए क्षेत्र के ग्रामीणों के मुआवजे और पुनर्वास तथा शेष कार्यो के लिए जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार जरिये संशोधित लागत राशि के प्रस्ताव को केन्द्रीय कैबिनेट की ओर से चार अक्टूबर 2023 को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी हैं. उक्त राशि राज्य सरकार को मिल चुकी है, परन्तु राज्य सरकार ने उक्त राशि को डूब क्षेत्र के ग्रामीणों का मुआवजे और पुनर्वास के लिए वितरित नहीं किए जाने के कारण परियोजना का निर्माण कार्य लंबित है. सांसद ने केन्द्र सरकार से मांग की कि राज्य सरकार को उक्त परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए निदेशित करने की कृपा की जाये.

### यात्री बस और बाइक में सीधी टक्कर, बाइक चालक की मौत

**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के ओरमेंजा गांव के पास बुधवार को यात्री बस और बाइक की हुई सीधी टक्कर में ज्योतिष होरो (22) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि आलोक टोपनो नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतक रनिया थाना क्षेत्र के गरई डिगरी गांव का रहनेवाला था, जबकि घायल आलोक मरचा मिशन का रहनेवाला है. जानकारी के अनुसार ज्योतिष होरो की पत्नी सदर अस्पताल खूंटी में भर्ती है. ज्योतिष अपने दोस्त आलोक टोपनो के साथ अपनी पल्सर बाइक से कंबल पहुंचाने अस्पताल जा रहा था. इसी क्रम में ओरमेंजा गांव के पास बाइक चालक ने विपरीत दिशा से आ रही यात्री बस को सीधी ठोकर मार दी. इससे ज्योतिष हीरो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त आलोक गंभीर रूप से घायल हो गया. 108 एंबुलेंस की मदद से उसे रेफरल अस्पताल ले जाया गया, पर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया. घटना की सूचना मिलते ही ज्योतिष होरो की मां एंजलीना होरो और कई परिजन रेफरल अस्पताल पहुंचे.

### भंडरा बीडीओ ने किया विकास योजनाओं का निरीक्षण

**भंडरा/लोहरदगा।** बुधवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने भंडरा पंचायत के कसपुर के लाभुक यूसुफ अंसारी,अनिल उरांव,माहिर अंसारी के सिंचाई कूप निर्माण कार्य का जायजा लिया. साथ ही सनिया उरांव के आम बागवानी और पीसीसी कार्यस्थल पर महिला मजदूरों द्वारा निर्माण का कार्य किया जा रहा था, उक्त कार्यस्थल पर महिला मजदूरों की मौजूदगी देखकर प्रसन्नता जाहिर की. उन्होंने कहा कि मनरेगा का उद्देश्य मजदूरों को रोजगार मुहैया कराना है. इनमें खासकर ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ना है, ताकि उनकी बदहाली दूर हो सके मनरेगा की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के महिला एवं पुरुष मजदूरों को रोजगार मिल रहा है जो काफी अच्छी बात है. उन्होंने लाभुक को बेहतर गुणवत्ता से समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया निरीक्षण के दौरान लाभुकों को कार्य में गुणवत्ता लाने को कहा गया. साथ ही गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री अबुवा आवास का निरीक्षण करते हुए समय पर पूरा करने का निर्देश दिया मौके पर जेई रविशंकर भगत लाभुक एवं मजदूर उपस्थित थे.

### पंचायत सचिव, रोजगार सेवक के वेतन पर लगी रोक

**मेदिनीनगर।** पलामू डीडीसी शब्बीर अहमद ने बुधवार को पाटन प्रखण्ड के उताकी पंचायत का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने पाया कि पंचायत में बायोमैट्रिक उपस्थिति के लिए पूर्ण व्यवस्था रहने के बावजूद पंचायत में पदस्थापित कर्मियों द्वारा पंचायत कार्यालय में उपस्थिति दर्ज नहीं किया जा रहा है. इसके अलावा जनसेवकों द्वारा भी उपस्थिति कहीं दर्ज नहीं की जाती है. इसे लेकर उन्होंने उताकी के मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत पर्यवेक्षक बीडीओ को शो-कॉज़ किया. उन्होंने सभी को अपने निर्धारित स्थल पर हाजिरी बनाने पर बल दिया.इसके अलावे उताकी पंचायत के पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक का वेतन रोका गया.

# सीएसआर निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की समीक्षात्मक बैठक




**संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सीएसआर निगमित सामाजिक उत्तर दायित्व की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई. बैठक में सीएसआर मद से राजकीय कृत गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय में पांच सौ बेंच और डेस्क की व्यवस्था एवं चहारदिवारी निर्माण, कुडू प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम कौवाखाप में ऑयल एक्सपेलर प्लांट में 10 किलोवाट ग्रिड कनेक्टेड सोलर प्लांट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भण्डरा में न्यूनतम 30 किलोवाट जेनरेटर, किस्को प्रखण्ड में अधिष्ठापित ब्रिकेट यूनिट में मशीन मरम्मति, औद्योगिक सिलाई केंद्र किस्को में आधारभूत संरचना व मशीन का अपग्रेडेशन, सदर अस्पताल में प्वाइंट ऑफ केयर किट, सीएचसी सेन्हा में जेनरेटर, सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में शौचालय, जिला कराटे संघ हेतु मैट की व्यवस्था आदि के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश नजारत उपसमाहर्ता को दिये गये. साथ ही निदेश दिया गया कि सीएसआर मद में ससमय कोष की प्राप्ति कर ली जाय. बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, जिला योजना पदाधिकारी, उद्योग महाप्रबंधक रघुबर सिंह, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरत, जिला शिक्षा पदाधिकारी आइलीन टोप्पो समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे.

## व्यापार-वाणिज्य

# वैश्विक चिंताओं को दूर करने के लिए प्रमुख हितधारकों के बीच साझेदारी बनाएं : सीतारमण

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि वैश्विक चिंताओं को दूर करने के लिए प्रमुख हितधारकों के बीच साझेदारी बनाने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग जगत के वाणिज्यिक विचार अर्थव्यवस्था, राष्ट्र की प्राथमिकताओं और रणनीतिक जरूरतों के साथ मेल खाने चाहिए.वित्त मंत्री ने उद्योग जगत से पिछले दशक में सीखे गए सबक के आधार पर खुद को बदलने का आह्वान किया.

केंद्रीय वित्त मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वैश्विक आर्थिक नीति मंच (जीईपीएफ) 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही. उन्होंने आगे कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाएं व्यापक होनी चाहिए, अन्यथा भू-राजनीतिक जोखिम इसे बाधित कर सकते हैं.

उन्होंने कहा कि उद्योग को नई चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर विचार करना होगा. सीतारमण ने कहा कि सरकार इस बात को लेकर सचेत है कि आने वाली पीढ़ियों पर कर्ज का ऐसा बोझ न हो, जिसका प्रबंधन करना मुश्किल हो.

सीतारमण ने अपने संबोधन में वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए उद्योग जगत के नेताओं, नीति निर्माताओं, नागरिकों और वैश्विक मंचों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों का आह्वान किया.

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय उद्योग जगत के वाणिज्यिक विचार अर्थव्यवस्था, राष्ट्र की प्राथमिकताओं और रणनीतिक जरूरतों के साथ मेल खाने चाहिए. इस अवसर पर भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी, मालदीव के वित्त मंत्री मूसा जमीर, वित्त सचिव एवं दीपम सचिव और सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी और चंद्रजीत बनर्जी भी उपस्थित थे.

# आधुनिक तकनीक ने खेती के पारंपरिक साधनों को किया दूर

## बदलते भारत में बैलों के घूंघरू की आवाज होती जा रही है विलुप्त

**शकील अहमद। भंडरा/लोहरदगा**

एक समय ऐसा भी था कि हर घर में बैलों की घूंघरू की आवाज सुनाई देता था, किसान खुद को काफी खुशकिस्मत समझते थे, लेकिन जैसे-जैसे समय बदलता गया वैसे-वैसे बैलों के घूंघरू की आवाज भी विलुप्त होने लगा है. गिने-चुने लोगों के यहां ही अब बैलों की जोड़ी दिखाई देता है. बता दें कि बैलो के गले में जब घुंघरू जीवन का राग सुनाते हैं, जैसे गीत को गुनगुनाते ही खेती किसानी की याद तरोताजा हो जाती है, जी हां, इन दिनों धान की कटाई, मिसाई के साथ गेहूं की बोवाई का कार्य बड़े स्तर पर चल रहा है ऐसे में दो बैलों की जोड़ी के साथ खेती किसानी के कार्यो में मशगूल किसानों को देख हर कोई यह गीत गुनगुनाने को विवश हो जा रहा है. आधुनिक व वैज्ञानिक खेती के युग में मशीनी करण का उपयोग भले ही बढ़ गया हो, लेकिन आज भी गरीब किसान दो बैलों के सहारे खेती करने में लगा हुआ है, भले ही खेती के उपयोग में लिये जाने वाले बैलों की



संख्या कम हो गई हो, दरवाजे से यह बैल विलुप्ति के कगार पर आ पहुंचा है. वहीं इनकी उपयोगिता को बनाये रखने में गरीब किसान अगली पंक्ति में खड़ा है.

गरीब किसानों की मजबूरी होने के साथ ही इनकी सख्या गिनी चुनी ही रह गई है. जबकि दरवाजे पर दो जोड़ी बैलों को बांधने का कार्य धनी किसान ही पहले करते थे गरीबों के दरवाजे पर यह जोड़ीदार बैल नहीं देखे जाते थे दरवाजे पर बंधे जोड़ीदार बैलों को देखकर ही लोग अंदाज लगा लेते थे कि यह निश्चित तौर पर धनी किसान होंगे. लेकिन अब धनी किसानों के दरवाजे पर जोड़ीदार बैलों की जगह खेती के आधुनिक मशीन ने जगह बना ली है. लोगों का कहना है कि समय चक्र ने ऐसी करवट ली की जोड़ीदार बैल अब गरीबों के दरवाजे की शोभा बन गये हैं जोड़ीदार बैलों के सहारे हाड़तोड़ मेहनत कर गरीब किसान अपनी खेती को करने को विवश हैं.

### सौ फीसदी से ज्यादा सब्सक्राइब हुआ मोबिक्विक के आईपीओ

**नई दिल्ली/मुंबई।** ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को निवेशकों के लिए खुल गया है. इस आईपीओ के खुलने के साथ ही इसको निवेशकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और यह पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया. इसका रिटेल पोर्शन भर चुका है. हालांकि, इसके लिए बोलियां 13 दिसंबर तक चलेंगी. कंपनी के शेयर 18 दिसंबर को शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे. कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बिपिन प्रीत सिंह ने आज नई दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस आईपीओ के लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 265-279 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है. मोबिक्विक की योजना इस आईपीओ के जरिए 572 करोड़ रुपये जुटाने की है. उन्होंने बताया कि कंपनी इश्यू से प्राप्त कुल इनकम का उपयोग डेटा एमएल एवं एआई और उत्पाद और प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) निवेश के लिए 107 करोड़ रुपये तथा इसके भुगतान उपकरण व्यवसाय के पूंजीगत व्यय के लिए 70.28 करोड़ रुपये करेगी.

# पूरे दिन उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

## छोटे और मंझोले शेयरों ने निवेशकों को कराया 77 हजार करोड़ का मुनाफा

**एजेंसी नई दिल्ली।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ. आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी. बाजार खुलने के बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुआ. इसी तरह निफ्टी ने 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया.

आज के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, आईटी, एफएमसीजी और मेटल सेक्टर में लगातार खरीदारी होती रही. इसके अलावा कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए. दूसरी ओर, बैंकिंग सेक्टर में आज लगातार बिकवाली होती रही. ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया.

आज शेयर बाजार में स्मॉल और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 70 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 460.32 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.55 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 77 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया.

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,096 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,144 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,839 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 113 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,504 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,344 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,160 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और 17 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए. बीएसई का सेंसेक्स आज 58.34 अंक की मजबूती के साथ 81,568.39 अंक के स्तर पर खुला. बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार चढ़ाव होता रहा. खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 232.32 अंक उछल कर 81,742.37 अंक तक पहुंचा.

